# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026




फूलों से सजा मंदिर

बद्रीनाथ धाम के खुले कपाट

## 'जय बद्री विशाल' के जयकारों से गूंजा धाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बद्रीनाथ मंदिर के कपाट गुरुवार सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर पूरे विधि-विधान के साथ भक्तों के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने पूरी भक्ति भावना के साथ 'बद्री विशाल' और 'लक्ष्मी माता' के जयकारे लगाए। इस शुभ अवसर पर सिर्फ देश से ही नहीं, बल्कि विदेश से भी श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचे हैं। कपाट खुलते ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लग गईं और लोग खुद को सौभाग्यशाली मानते नजर ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दर्शन करने देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालु**

**खास मुलाकात**

पिछोर भाजपा विधायक प्रीतम लोधी से 'हरिभूमि एवं आईएनएच-जनता टीवी' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास मुलाकात

## न मैं आशंकित... न आक्रोशित, हम प्रीतम प्यारे हैं हमें किसी तरह की कोई चिंता या आशंका नहीं है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी का कहना है कि मुझ पर और मेरे बेटे दिनेश लोधी पर जो भी आरोप लगाए गए हैं उनकी जांच भाजपा हाईकमान एक समिति बनाकर करा ले, इसमें जो भी निष्कर्ष निकलेगा और पार्टी आलाकमान जो भी आदेश देगा मैं उसका अक्षरशः पालन करुंगा। आरोप जो भी हों मैं, न तो आशंकित हूं और न ही आक्रोशित हूं। हम प्रीतम प्यारे हैं, हमें किसी तरह की कोई चिंता या आशंका नहीं है। गौर हो कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केपी सिंह कक्काजू लंबे समय यानी करीब तीन दशक तक इस सीट पर विधायक रहे हैं और यहां भाजपा ने प्रीतम लोधी को मैदान में उतारकर इस सीट पर सफलता हासिल की है। लोधी ने ***हरिभूमि एवं आईएनएच- जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी*** से खास मुलाकात में यह कहा।

inh न्यूज विशेष

**ये भी बोले प्रीतम?**

- कौन सही कौन गलत? समिति जांच कराए, पार्टी आलाकमान जो कहेगा उसे मानूंगा
- पूरे देश से हमारे समर्थन के लिए फोन आ रहे हैं



प्रीतम लोधी | डॉ. हिमांशु द्विवेदी

***जब सच सामने आएगा और इसके बाद जो भी पार्टी निर्णय लेगी वो मुझे स्वीकार होगा***

**पूरी बातचीत**

**सवाल: आपके बेटे पर थार से कुछ लोगों को कुचलने का आरोप है। इस मामले में आप कितने आशंकित या आक्रोशित हैं?**

**जवाब:** देखिए, आरोप जो भी हों मैं, न तो आशंकित हूं और न ही आक्रोशित हूं। हम प्रीतम प्यारे हैं, हमें किसी तरह की कोई चिंता या आशंका नहीं है। हमारा परिवार जनसंघ से जुड़ा और भाजपा बनने तक पूरी तरह समर्पित होकर पार्टी को खून पसीने में सींचने का काम कर रहा है। यही वजह है कि आज ये भाजपा परिवार बढ़कर बहुत बड़ा परिवार बन गया है। आज परिवार ने हमें बुलाया तो हम भोपाल आ गए हैं। नोटिस का जवाब दूंगा और पार्टी हाईकमान को जो आदेश होगा उसका पालन करुंगा।

**सवाल: आप आशंकित नहीं हैं और न ही आक्रोशित हैं, फिर** ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री निवास में सीएम डॉ. यादव से मिलकर विधायक प्रीतम लोधी ने दी सफाई

# कहा-लड़के का जुलूस निकाला तो मैं तैश में आ गया, पार्टी ने अब हमें 'ट्यूशन' दे दी

**लोधी का दावा**
**3 दिन में जवाब मांगा गया था, हमने एक दिन में ही दे दिया**

**बैठक में बोले**
**मुंह से शब्दावली उल्टी निकल गई। खेद तो व्यक्त कर रहे हैं न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवपुरी में बेटे द्वार थार से पांच लोगों को टक्कर मारने के मामले में भाजपा विधायक प्रीतम लोधी को पार्टी की तरफ से नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा गया था। बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की तरफ से विधायक प्रीतम लोधी को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में कहा गया था कि पिछले कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर

*लोधी बोले- अधिकारी अपने ही हैं, सरकार में काम कर रहे हैं। हम पार्टी का नुकसान नहीं करवाएंगे और किसी अधिकारी का भी नुकसान नहीं करवाएंगे*

**मौके पर प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद थे, उन्होंने भी हिदायत दी**


सीएम और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के साथ प्रीतम लोधी

**विधायक उषा ठाकुर ने कहा- चाहे कोई भी हो, पार्टी कठोर कार्रवाई करेगी**

विधायक लोधी के विवादित बयान को लेकर विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता उषा ठाकुर ने कहा कि प्रकरण भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के संज्ञान में है। पार्टी इस मामले में कोई कोताही नहीं बरत रही है। भाजपा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एसडीओपी के सरकारी आवास में गोबर भरने की दी थी धमकी

दरअसल, भाजपा विधायक प्रीतम लोधी के बेटे की थार गाड़ी ने पांच लोगों को 16 अप्रैल को टक्कर मार दी थी। इस मामले में भाजपा विधायक प्रीतम लोधी के बेटे के खिलाफ एसडीओपी डॉ. आयुष जाखड़ ने कार्रवाई की। इस पर विधायक ने उन्हें 'करैरा तेरे डैडी का नहीं है' और सरकारी आवास में गोबर भर देने की धमकी दी। विधायक ने यह तक कहा कि तुमको दिल्ली से निर्देश मिल रहे है, किससे निर्देश मिल रहे है उनका नाम बताएं। विधायक ने एसडीओपी को धमकी देते हुए कहा कि उनका बेटा करैरा आएगा और अब वहां से चुनाव भी लड़ेगा तेरे डैडी में दम हो तो रोक लेना। इस तरह की भाषा के बाद विधायक के खिलाफ कार्रवाई की लगातार मांग उठ रही थी। मध्य प्रदेश भारतीय पुलिस सेवा एसोसिएशन भी विधायक के बयान को आपत्तिजनक बताते हुए उसकी निंदा की थी।

रील बनाने के चक्कर में गई जान

## बरगी नहर में फिसलकर बहीं 4 लड़कियां, 2 के शव मिले, 1 लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

बरगी थाना क्षेत्र के सालीबाड़ा गांव में नहर किनारे रील बना रहीं 4 लड़कियां पैर फिसलने से तेज बहाव में बह गईं। एक लड़की तैरकर बाहर निकल आईं। जबकि तीन डूब गईं। दो लड़कियों के शव घटनास्थल से करीब 1 किमी दूर मिले हैं। एक अब भी लापता है। घटना गुरुवार सुबह 11 बजे की है। घटना के वक्त वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी का बहाव इतना तेज था कि लड़कियां हाथ से छूटकर निकल गईं। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया- सभी लड़कियां एक ही परिवार से हैं। गांव में शादी समारोह में शामिल होने आई थीं। गुरुवार सुबह 5 लड़कियां शीतल पटेल (16), सानिया पटेल (14), तनु पटेल (14), निहारिका पटेल और सृष्टि पटेल नहर पर नहाने गई थीं। इसी दौरान सृष्टि को छोड़कर बाकी लड़कियां किनारे पर मोबाइल से वीडियो बना ▶▶ शेष पेज 4 पर

**चौथी लड़की ने तैरकर बचाई जान**






## लोगों ने जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री का वितरण कर दान-पुण्य किया

# पुष्य नक्षत्र में मनाई गई गंगा सप्तमी, विधि-विधान से की पूजा-अर्चना शीतलदास की बगिया में महिलाओं ने किया दीपदान और महाआरती

## पवित्र नदी व तालाबों पर स्नान करने पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैशाख मास शुक्ल पक्ष के पुष्य नक्षत्र में गुरुवार को गंगा सप्तमी मनाई गई। इस दिन गंगा पूजा, स्नान और दान का विशेष महत्व है। गंगा सप्तमी पर भोपालवासी सहित प्रदेश के लोग गंगा स्नान व तलाबों में स्नान करने पहुंचे। बड़ी संख्या में लोगों घर में ही नहाने के पानी में गंगाजल मिलाकर मां गंगा का आह्वन कर स्नान किया। इसके बाद मां गंगा का ध्यान व पूजा की। लोगों ने मां गंगा से सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके बाद लोगों ने जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री का वितरण कर दान-पुण्य किया। तो वहीं रात के समय महिलाओं ने शीतल दास बागियों में पहुंचकर दीप दान किया।


फाइल फोटो

### दादाजी धाम मंदिर में मां गंगा की आराधना सम्पन्न

दादाजी धाम मंदिर पटेल नगर में गुरुवार को वैशाख शुक्ल सप्तमी के अवसर पर मां गंगा का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर वैदिक रीति से पूजन किया गया। शास्त्रों के अनुसार यह दिव्य दिवस मां गंगा की ब्रह्माजी के कमंडल से उत्पत्ति का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालु ने आराधना कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### यह है गंगा सप्तमी की कथा

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि गंगा सप्तमी पर्व के लिए कथा है कि महर्षि जह्नु तपस्या कर रहे थे। तब गंगा नदी के पानी की आवाज से बार-बार उनका ध्यान भटक रहा था। इसलिए उन्होंने गुस्से में आकर अपने तप के बल से गंगा को पी लिया था, लेकिन बाद में अपने दाएं कान से गंगा को पृथ्वी पर छोड़ दिया था। इसलिए यह गंगा प्राकट्य का दिन भी माना जाता है। तब से गंगा का नाम जाह्नवी पड़ा।

### गंगा सप्तमी पर जागा जल संरक्षण का जनसंकल्प

## निर्मल गंगा जन अभियान' से गूंजा खटलापुरा घाट


गंगा सप्तमी परनिर्मल गंगा जन अभियान 'का शुभारंभ करते हुए।

**भोपाल।** पावन पर्व गंगा सप्तमी के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में 'निर्मल गंगा जन अभियान (भागीरथी जलाभिषेक)' के अंतर्गत जल स्वच्छता, संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में गायत्री परिवार के जिला, तहसील, नवचेतना केंद्र, महिला मंडल, युवा मंडल एवं प्रज्ञा मंडल के परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के तहत खटलापुरा घाट स्थित मंदिर एवं छोटा तालाब परिसर में मां गंगा कलश का विधिवत पूजन-अर्चन स्थानीय पंडितजी की उपस्थिति में किया गया। इसके साथ ही जल शुद्धि, तट शुद्धि एवं व्यापक स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। उपस्थित परिजनों ने प्रातः जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए समाज में जागरुकता फैलाने का संदेश दिया। यह कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे से 9:30 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।


स्वच्छता कर्मचारी का सम्मान करते हुए।

## खबर संक्षेप

### गर्भवती महिलाओं में पोषण संबंधी जागरुकता बढ़ाने के लिए विशेष चर्चा सत्र

**भोपाल।** 8वां पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत 9 से 23 अप्रैल तक मंडल रेल चिकित्सालय, पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल में विभिन्न जागरुकता एवं जनहितकारी गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, भोपाल अजय डोगरा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान गर्भवती महिलाओं के मध्य पोषण संबंधी जागरुकता बढ़ाने के लिए विशेष चर्चा सत्र आयोजित किए गए। जिनमें संतुलित आहार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा शीघ्र स्तनपान के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, बच्चों में स्क्रीन टाइम को कम करने के उद्देश्य से अभिभावकों को व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए गए।

### बीयूः बीपीएड और एमपीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा आवेदन शुरू

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध कॉलेजों के लिए बीपीएड प्रथम सेमेस्टर और एमपीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2025-28 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार बीयू से संबंद्ध महाविद्यालय और विवि शैक्षणिक संस्थान के बीपीएड प्रथमेस्टर एवं एमपीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2025-26 के नियमित, एटीकेटी छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन माध्यम से भरे जाने की तिथियां जारी की गई हैं। इसमें सामान्य शुल्क के साथ 27 अप्रैल तक आवेदन होंगे।

### हडपसर-आसनसोल वन वे स्पेशल ट्रेन का संचालन आज से

**भोपाल।** रेलवे गर्मियों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए और सुगम तथा सुविधाजनक यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। इसी कड़ी में भोपाल मंडल के इटारसी होकर गाड़ी संख्या 01459 हडपसर-आसनसोल वन वे स्पेशल ट्रेन अपने गंतब्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 01459 हडपसर-आसनसोल वन वे स्पेशल ट्रेन 24 अप्रैल को हडपसर से सुबह 10.00 बजे प्रस्थान कर मार्ग से होते हुए इटारसी अगले दिन 00:45 बजे आगमन कर आसनसोल तीसरे दिन 02.00 बजे पहुँचेगी।

### करुणाधाम आश्रम में आज भव्य शिवालय का निर्माण भूमिपूजन

**भोपाल।** धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत करुणाधाम आश्रम द्वारा प्राचीन भारतीय स्थापत्य शैलियों पर आधारित एक भव्य शिवालय का निर्माण किया जा रहा है। इसका यह शिवालय भारतीय परंपरा, संस्कृति एवं वास्तुकला की समृद्ध विरासत को दर्शाएगा। इस भव्य निर्माण कार्य का भूमि-पूजन 24 अप्रैल को सुबह 8:30 से 10 बजे तक विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होगा। इस अवसर पर उज्जैन के प्रख्यात विद्वान डॉ. केदारनाथ शुक्ल तथा करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर गुरूदेव श्री सुदेश जी शांडिल्य महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### कायस्थ समाज ने घर और मंदिरों में हवन-पूजन कर मनाया भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव

# घोड़े, बग्घी, डमरू दल के साथ धूमधाम से निकली शोभायात्रा


जवाहर चौक से भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा निकालते कायस्थम समाज के लोग।


शोभायात्रा में उज्जैन से आए डमरू दल की थाप पर झूमते श्रद्धालु।

### बरखेड़ी हनुमान मंदिर से निकली शोभायात्रा

राजधानी के पातरा बरखेड़ी स्थित हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन पर गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक झांकियों, गाजे-बाजे और धर्म ध्वजाओं के साथ निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा वातवरण भक्तिमय हो गयाा। शोभायात्रा के दौरान भगवान का नगर भ्रमण कराया गया। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।

### कायस्थम ने विश्व को युद्ध की विभीषिका से बचाने की प्रार्थना की


भगवान चित्रगुप्त की पूजा करते विधायक भगवानदास सबनानी व अन्य लोग।

कायस्थम मप्र द्वारा प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ कुल के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। चित्रांश बंधुओ ने पूजन, हवन , महाआरती के बाद भगवान श्री चित्रगुप्त से विश्व को युद्ध की विभीषिका से बचाने और शांति बनाएं रखने के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर विधायक भगवान दास सबनानी, पार्षद प्रवीण सक्सेना मौजूद थे । इस दौरान प्रसादी वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में चित्रांश बंधु शामिल हुए। इस अवसर पर गायिका कविता सक्सेना रत्ना खरे और गायक राकेश रायजादा, राकेश श्रीवास्तव, प्रदीप रायजादा, शैलेश श्रीवास्तव, आदि ने चित्रगुप्त जी के भजन प्रस्तुत कर चित्रांश बंधुओ को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष आरपी श्रीवास्तव ने विधायक भगवान दास सबनानी और प्रवीण सक्सेना का शॉल श्रीफल व पुस्तक भेंट कर सम्मान किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कायस्थ समाज ने अपने आराध्यदेव भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव गुरुवार को हर्ष उल्लास के साथ मनाया। शहर के साईंधाम नेहरू नगर, जवाहर चौक, तलैया घाटी, भेल, होशंगाबाद रोड विद्या नगर, अयोध्या नगर, लालघाटी नेवरी आदि चित्रगुप्त मंदिरों में बड़ी संख्या में समाज के लोग पहुंचे। जहां चित्रगुप्त भगवान की पूजा-अर्चना और श्रृंगार-आरती की। वहीं घरों पर भी लोगों ने दीप प्रज्जवलित कर चित्रगुप्त भगवान की पूजा व ध्यान किया। लोगों ने पूजा-ध्यान कर घर-परिवार की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### चित्रगुप्त चालीसा पाठ कर किया हवन

चित्रगुप्त समाज और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के आह्वान पर जवाहर चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर में विधिपूर्वक चित्रगुप्त भगवान का प्रकटोत्सव मनाया। चित्रगुप्त चालीसा पाठ कर हवन, आरती कर ईश्वर से देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उधर, लालघाटी नेवरी स्थित चित्रगुप्त मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। भगवान चित्रगुप्त मंदिर, जवाहर चौक में म.प्र. युवा कायस्थ संगठन एवं अन्य संगठनों के सहयोग से शोभायात्रा, भजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

### बच्चों का कराया गया विधिवत विद्यारंभ संस्कार

ईरावती चित्रगुप्त न्यास कोटरा द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पेन, पेंसिल कलम और दवात की विधिवत पूजा से हुई, जो ज्ञान और कर्म के प्रतीक माने जाते हैं। भगवान चित्रगुप्त जी का पूजन, हवन और महाआरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर विशेष रूप से स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यारंभ संस्कार भी कराया गया। ओपी श्रीवास्तव, प्रबंध न्यासी, एवं पंडित मुकेश पाराशर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बच्चों को भगवान चित्रगुप्त जी के समक्ष शिक्षा की शुरुआत करवाई।

### जवाहर चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर में हुआ सामूहिक हवन

राजधानी में चित्रांश समाज ने भगवान चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव का आयोजन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं समस्त कायस्थ संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। जवाहर चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर में सामूहिक हवन, कलम-दवात पूजन एवं आरती के साथ आध्यात्मिक वातावरण का सृजन हुआ। इसके बाद मंच से मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा को ध्वज दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में घोड़े-बग्घी, आकर्षक बैंड-बाजे, उज्जैन का डमरू दल, भजन-कीर्तन की टोलियां एवं मनमोहक आतिशबाजी ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।



### चेन झपटकर चलती ट्रेन से कूदकर भागे बदमाश

## ट्रेन में दो महिलाओं की चेन के साथ एक यात्री का मोबाइल भी झपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और झपटमारी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। अज्ञात बदमाशों ने एक के बाद एक तीन झपटमारी की वारदातों को अंजाम दिया। प्रयागराज एक्सप्रेस और नागपुर-इंदौर त्रिशताब्दी एक्सप्रेस में सफर कर रहीं महिला यात्रियों के गले से सोने की चेन झपट लीं। वहीं जबलपुर एक्सप्रेस की जनरल बोगी में यात्रा कर रहे युवक का मोबाइल खिड़की से हाथ डालकर झपट लिया। जीआरपी थाना भोपाल ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जीआरपी भोपाल के मुताबिक गर्ल्स स्कूल के सामने थाना नोगांव जिला छतरपुर निवासी वैजयंती अग्रवाल (65) विगत 15 अप्रैल को अपनी बेटी श्वेता अग्रवाल के साथ प्रयागराज एक्सप्रेस से छतरपुर से उज्जैन की यात्रा कर रही थीं। संत हिरदाराम नगर स्टेशन आने से करीब 10 मिनट पहले वह बाथरूम की ओर जा रही थीं। तभी 25-30 साल का एक अज्ञात बदमाश अचानक तेजी से उनके पास गया और गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गया। ट्रेन की गति स्लो होने के कारण आरोपी चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। अंधेरा होने की वजह से फरियादिया उसका चेहरा भी नहीं देख सकीं। झपटी गई चेन का वजन डेढ़ तोला बताया गया है। पुलिस ने करीब 25 साल पुरानी चेन की कीमत 20 हजार रुपए आंकी है। यात्रा समाप्त होने के बाद वैजयंती अपनी बेटी के साथ जीआरपी थाना उज्जैन पहुंची और अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करा दिया। उज्जैन जीआरपी ने जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी जीआरपी भोपाल भेजी है।

### चेन झपटकर चलती ट्रेन से कूद भागा बदमाश

जीआरपी भोपाल के मुताबिक अमितेश नगर इंदौर निवासी रंजीता रघुवंशी पत्नी किशन रघुवंशी (33) विगत 13 अप्रैल को नागपुर-इन्दौर त्रिशताब्दी एक्सप्रेस के कोच एस-1 बर्थ क्रमांक-7 पर टीसी से सीट आवंटित करा कर जनरल टिकिट से मुल्ताई से इन्दौर की यात्रा कर रही थीं। रेलवे स्टेशन भोपाल निकलने के बाद निशादपुरा क्षेत्र में आउटर पर ट्रेन स्लो हो गई। तभी अचानक बोगी में सवार एक अज्ञात व्यक्ति उनके गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। सोने की चेन की कीमत 80 हजार रुपए बताई जा रही है। यात्रा समाप्त करने के बाद उन्होंने जीआरपी इंदौर में शिकायत दर्ज कराई। इंदौर जीआरपी ने जीरो पर प्रकरण दर्ज कर केस डायरी जीआरपी भोपाल को भेजी है।

### खिड़की से हाथ डालकर मोबाइल झपटा

जानकारी के मुताबिक शुजालपुर निवासी खुशाल योगी (26) भोपाल में आयशर कंपनी में ड्राइवर की नौकरी करते हैं। विगत 20 अप्रैल को वह जबलपुर एक्सप्रेस के आगे के जनरल कोच में शुजालपुर से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान ट्रेन भोपाल रेलवे स्टेशन आने के पांच मिनट पहले आउटर पर स्लो हुई, तभी अचानक एक अज्ञात बदमाश ने खिड़की से हाथ डालकर खुशीलाल के हाथ से मोबाइल फोन झपट्टा मारकर छीन लिया। इससे पहले कि फरियादी कुछ समझ पाता, अज्ञात आरोपी वहां से भाग निकला। इसके बाद गाड़ी से उतरने के बाद फरियादी ने जीआरपी थाना भोपाल को मोबाइल छीनने की सूचना दी।

### भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन का फैसला

## नकली और ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने 20 मई को बंद रहेगा दवा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने, कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दिए जा रहे डिस्काउंट पर नियंत्रण करने, नकली और अवैध दवाओं के कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने समेत अन्य मांगों को लेकर 20 मई को राजधानी भोपाल का दवा बाजार पूरी तरह बंद रहेगा।

भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के आह्वान पर 20 मई को भोपाल जिले के समस्त केमिस्ट एवं दवा व्यापारी द्वारा बंद का पूर्ण समर्थन किया जाएगा। गुरुवार को राष्ट्रीय स्तर पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया, जिसमें देशभर के केमिस्ट संगठनों ने हिस्सा लिया। जितेंद्र धाकड़ ने कहा कि ऑनलाइन दवाओं की अनियंत्रित बिक्री पर तत्काल रोक लगाने के साथ कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दिए जा रहे डिस्काउंट पर नियंत्रण किया जाए। वहीं नकली और अवैध दवाओं के कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने के साथ उनके लाइसेंस सस्पेंड कर एफआईआर की जाए। धाकड़ ने कहा कि इन मुद्दों का सीधा संबंध जनस्वास्थ्य, दवा की गुणवत्ता एवं छोटे व्यापारियों के हितों से है।

### प्रमुख मांगें

- ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण
- कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट पर रोक
- नकली और बिना निगरानी वाली दवाओं पर कार्रवाई

### आरटीओ अमला देर रात आईएसबीटी पहुंचा

## नियमों की अनदेखी करने वाली बसों का फिटनेस किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएसबीटी पर गुरुवार देर रात आरटीओ की टीम ने अचानक दबिश दी। इस औचक कार्रवाई के दौरान बसों के दस्तावेजों, फिटनेस और सुरक्षा मानकों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आरटीओ ने मौके पर ही बस का फिटनेस निरस्त किया गया। विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से बस संचालकों और स्टाफ में हड़कंप मच गया। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि परिवहन विभाग ने



भोपाल में बसों की सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर सघन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो बसों का फिटनेस निरस्त किया। वहीं दो बसों के ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट लेकर स्टेज कैरेज के रूप में संचालित किए जाने के कारण समन शुल्क वसूला।

### उज्जैन में महामंडलेश्वर सुमनानंदजी महाराज से दीक्षा लेकर संन्यास ले चुकीं हर्षा

### धर्म गुरु बोले-यह संन्यास स्वीकार्य नहीं, लेने वाले व दिलाने वाले की अखाड़ा परिषद जांच कराए

## मॉडल हर्षा रिछारिया का संन्यासः सनातन धर्म के साथ ही मप्र संत समिति भी विरोध में आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाकुंभ 2024 से सुर्खियों में आई हर्षा रिछारिया अब स्वामी हर्षानंद गिरि के नाम से जानी जाएंगी। दरअसल, उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में विगत दिनों महामंडलेश्वर सुमनानंदजी महाराज से दीक्षा लेकर संन्यास ले चुकी हैं। इस संन्यास के बाद मध्य प्रदेश संत समिति व धर्म गुरु लगातार विरोध कर रहे है। मध्य प्रदेश संत समिति के अध्यक्ष महाराज अनिलानंद का कहना है कि यह सनातन धर्म के विरोध मध्य प्रदेश संत समिति इसका लगातार विरोध करेंगी।

इस मामले में अखाड़ा परिषद को दीक्षा देने वाले महामंडलेश्वर सुमनानंदजी महाराज व संन्यास लेने हर्षा की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने हर्षा रिछारिया को संन्यास दिलाने वाले महामंडलेश्वर सुमनानंदजी महाराज की भूमिका पर भी सवाल उठाए। अनिलानंद का कहना है इसके पहले प्रयागराज कुंभ के दौरान हर्षा ने संन्यास लेने का दावा किया, लेकिन बाद में सनातन धर्म के खिलाफ अपमानजनक बातें कहीं। ऐसे व्यक्ति का संन्यास लेना स्वीकार्य नहीं है। महाराज अनिलानंद का कहना है कि संन्यास एक पवित्र और अनुशासित परंपरा है, जिसे कोई भी व्यक्ति अचानक नहीं अपना सकता। जो लोग पहले अलग जीवन जीते रहे, वे अचानक संन्यास लेकर सम्मान की अपेक्षा नहीं कर सकते। यह हमारे सनातन धर्म के लिए घोर अपमान की बात है।


अनिलानंद महाराज


हर्षानंद गिरि


### कुछ धर्म गुरु अपनी छवि चमकाने किसी को भी दीक्षा दे रहे

मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे गुरुजी ने बताया कि संन्यास का अर्थ है सांसारिक मोह-माया, इच्छाओं, और कर्मफलों का पूर्ण त्याग करके, ईश्वर या आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए समर्पित होना। यह हिंदू धर्म के चार आश्रमों में अंतिम चरण है। संन्यास केवल घर छोड़ना नहीं, कर्मयोग की तरह निःस्वार्थ भाव से जीवन जीना है। किसी मॉडल या अभिनेत्री का संन्यास लेना एक निजी और व्यक्तिगत निर्णय है, जो मानसिक शांति, परिवार, आध्यात्मिकता या नए कॅरियर की तलाश जैसे कारणों से प्रेरित हो सकता है, लेकिन संन्यास देने से पहले उस धर्म गुरु या महामंडलेश्वर को शिष्य व संन्यास लेने वाले का अच्छे परीक्षण करना चाहिए । यह देखना जरूरी है कि उसे वेदों, उपनिषदों, गीता और अन्य धर्म शास्त्रों का गहरा ज्ञान है या नहीं। आजकल संन्यास या दीक्षा परंपरा को कुछ धर्मगुरु द्वारा सिर्फ खेल बना दिया। कुछ लोग किसी प्रसिद्ध व्यक्ति को अपना शिष्य बनाकर या दीक्षा देकर अपनी छवि भी चमकाने का काम कर रहे है।



### संन्यास दीक्षा की दो अनिवार्य अर्हताएं हैं विवेक और वैराग्य

महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानन्दगिरि महाराज ने बताया कि फिल्मी दुनिया की ग्लैमर से आने वाली महिला हर्षा रिछारिया के उज्जैने में निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर सुमनानंदजी महाराज से संन्यास दीक्षा ग्रहण की। इसको लेकर मेरे कहना है कि कोई किसी भी क्षेत्र से आया हो दीक्षा ले सकता है। यदि मन में विवेक और वैराग्य की कृत्ति ने जन्म ले लिया है और जीवन पर्यन्त संन्यस्त धर्म के निर्वहन की हद निश्चय सुहद हो गया हो, तो संन्यास लिया जा सकता है। हर्षा रिछारिया ग्लैमर की दुनिया से आती हैं उनके दीक्षा पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। यह तो उनके गुरु पर निर्भर करता है कि उन्होंने संन्यास दीक्षा की पात्रा का परीक्षण लिया। विवेक-वैराग्य के अभाव में संन्यास दीक्षा देने वाला और संन्यास दीक्षा लेने वाला उपहास के पात्र होंगे।



भोपाल
शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष -08
वर्ष : 13, अंक : 22
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 40
न्यून. 27

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


बुजुर्गों ने भी किया मतदान


लंबी कतारें भी लगीं रहीं

## प. बंगाल में पहले चरण की वोटिंग में जबरदस्त हिंसा हुई

1. सुवेंदु सरकार को टीएमसी वालों ने दौड़ाकर पीटा, अस्पताल ले जाना पड़ा
2. आसनसोल में भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल की कार पर हमला हुआ
3. मुर्शिदाबाद में भीड़ ने अचानक हुमायूं कबीर की कार को घेरा, समर्थक भिड़े
4. मुर्शिदाबाद में टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच झड़पें
5. बीरभूम में सीआरपीएफ जवानों पर पथराव किया गया

# बंगाल के चुनावी रण में वाकई 'रण'

## मुर्शिदाबाद से कूचबिहार तक 10 जगहों पर हुई हिंसा, ईंट-पत्थर, लाठी-थप्पड़ सब चले!

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को पहले चरण की वोटिंग हिंसा की भेंट चढ़ गई। पूरे राज्य में हिंसा का माहौल रहा। आसनसोल, मालदा, कूचबिहार, सिलीगुड़ी, मुर्शिदाबाद सभी जगहों पर झड़पें हुईं। उम्मीदवारों को घेर कर, दौड़ा कर पीटा गया। कहीं लाठियां चलीं, तो कहीं ईंट-पत्थर भी चले। दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा के उम्मीदवार सुवेंदु सरकार को टीएमसी के समर्थकों ▸▸ शेष पेज 4 पर


मुर्शिदाबाद में हिंसा के दौरान पुलिस के जवान भीड़ को हटाते हुए

### गाड़ी में ईवीएम मिलने का दावा

जामुड़िया विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम को लेकर विवाद हो गया। श्रीपुर इलाके में एक सड़क किनारे ढाबे के पास खड़ी एक गाड़ी में ईवीएम मिलने का आरोप सामने आया है, जिससे चुनावी माहौल गरमा गया। स्थानीय लोगों और विपक्षी नेताओं का कहना था कि ऑन इलेक्शन ड्यूटी- जमुरिया एसी 279 लिखी गाड़ी में कई रिजर्व ईवीएम रखी हुई थीं, लेकिन मौके पर कोई सुरक्षा कर्मी नहीं था।

### लोकतंत्र के महापर्व में महा-मतदान

## बंगाल में रिकॉर्ड तोड़ 92.64% तमिलनाडु में 85.13% मतदान

एजेंसी ▸▸ कोलकाता/चेन्नई

गुरुवार को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में वोट डाले गए। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान हुआ। तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में वोट डाले गए। शाम छह बजे आधिकारिक रूप से मतदान समाप्त हो गया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 ने एक बार फिर देश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। जहां दिनभर हिंसा, बमबाजी और झड़पों की ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 08 भी

बंगाल में पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान

### तमिलनाडुः वोटिंग में दिखा जबरदस्त उत्साह

तमिलनाडु में मतदान का प्रतिशत 85.13 रहा। यह आंकड़ा 2016 के विधानसभा चुनाव की तुलना में करीब 11 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य में मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी देखने को ▸▸ शेष पेज 4 पर

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली रोड की प्राईम लोकेशन में बयशर्न, सर्वसुविधायुक्त, पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक
संपर्क-9755600569
8200502943, 7748022609

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरसीबी जीटी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### फास्टैग एनुअल पास की आड़ में फ्रॉड



नई दिल्ली। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने फास्टैग के एनुअल पास को लेकर हो रहे फ्रॉड की चेतावनी जारी की है। फर्जी वेबसाइट्स और अनअधिकृत लिंक्स के जरिए यूजर्स को लुभाकर उनके पैसे हड़पे जा रहे हैं। जारी पब्लिक एडवाइजरी में कहा गया है कि केवल वेरिफाइड चैनलों का ही इस्तेमाल करें।

### बीकाजी के सीएमडी अग्रवाल का निधन



चेन्नई। बीकाजी के सीएमडी शिवरतन अग्रवाल (74) का गुरुवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया। वे अपनी पत्नी के ऑपरेशन के सिलसिले में चेन्नई में थे। गुरुवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी पत्नी का हाल ही में हार्ट बायपास का ऑपरेशन हुआ था।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर हद पार की, भारत को लेकर कह दी अपमानजनक बात, पढ़कर खौल उठेगा आपका खून

# ट्रंप भारत व चीन को बोले - 'नर्क', 24 घंटे में बदले, कहा- भारत है महान देश

ईरान के साथ युद्ध में जमीन पर आया अमेरिका पाकिस्तान जैसे आतंकी मुल्कों के भरोसे शांति का रास्ता तलाश रहा है, वहीं उसकी बौखलाहट अलग तरह से प्रकट हो रही है

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन, नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर अपनी हदें पार की हैं। उन्होंने भारत को लेकर ऐसी अपमानजनक बात कह दी कि हर भारतीय का खून खौल उठेगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किए गए एक बेहद तीखे और विवादास्पद पत्र में भारत, चीन और अन्य देशों को नर्क कहकर संबोधित किया है। यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता को लेकर बहस तेज हो गई है।

ट्रंप के इस बयान पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने इन बयानों को अज्ञानतापूर्ण, अनुचित और खराब सोच वाला बताते हुए स्पष्ट किया कि यह भारत-अमेरिका संबंधों की वास्तविकता को नहीं दर्शाते। भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से मजबूत और संतुलित रिश्ते रहे हैं, जो आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित हैं। ट्रंप ने अपने पत्र में दावा किया कि कैलिफोर्निया के टेक सेक्टर की नौकरियों पर भारत और चीन के लोगों का वर्चस्व है, जिससे अन्य लोगों के लिए अवसर सीमित हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने इस दावे के समर्थन में कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किए। उन्होंने ▸▸ शेष पेज 4 पर


ईरान ने दिया भारत का साथ कहा- अमेरिका है जहन्नुम



▸▸ ट्रंप बोले- प्रवासियों के परिजन छीन रहे अमेरिकियों का हक

▸▸ भारत ने इस बयान को अज्ञानतापूर्ण, अनुचित और खराब सोच वाला बताया

### ट्रंप ने आर्मी के बाद नौसेना चीफ को बर्खास्त किया



अमेरिका में रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के भीतर लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। ट्रंप ने 2 अप्रैल को आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को हटाया था। अब नौसेना प्रमुख जॉन फेलन को भी पद से बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही परमाणु विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी एंड्रयू हग को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में सस्पेंड किया गया है, जो कथित तौर पर हनी ट्रैप में फंस गया था। यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका, ईरान के साथ जंग में उलझा हुआ है। फारस की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना एक्टिव है।

### सांस्कृतिक और भाषाई पहचान प्रभावित हो रही

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि बड़े पैमाने पर हो रहे आव्रजन से अमेरिका की सांस्कृतिक और भाषाई पहचान प्रभावित हो रही है। उन्होंने चेन माइग्रेशन को अमेरिका के लिए एक बड़ा खतरा बताया। भारत जैसे रणनीतिक साझेदार देश के खिलाफ इस तरह की भाषा के इस्तेमाल से कूटनीतिक गलियारों में नाराजगी बढ़ सकती है।

### भारत के पक्ष में आया ईरान

### कहा- भारत तो सभ्यता का पालना




ट्रंप के भारत को नर्क बताने वाले बयान पर ईरान ने उसे जमकर लताड़ा है और कहा है कि असली नरक तो अमेरिका है और भारत तो सभ्यता का पालना है। ट्रंप की ताजा हरकत का जवाब दिया है भारत में हैदराबाद स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के कॉन्सुलेट जनरल ने। इसने अपने एक्स पोस्ट में भारत के साथ-साथ चीन को भी सभ्यता का पालना बताया है और अमेरिका को असली जहन्नुम।

### गुरुवार शाम को सरकार ने आदेश जारी किए

## जाटव अनुसूचित जाति आयोग, रौतेल अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष

महिला आयोग में पूर्व विधायक रेखा यादव और बाल आयोग में डॉ. निवेदिता शर्मा के नाम तय


कैलाश जाटव


रामलाल रौतेल


रेखा यादव


निवेदिता शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राज्य सरकार ने लंबे अंतराल के बाद आखिरकार प्रदेश आयोगों में अध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्तियां की हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव से इन नामों पर हरी झंडी मिलने के बाद गुरुवार शाम को सरकार ▸▸ शेष पेज 4 पर

### केंद्र ने गेहूं खरीदी की लिमिट बढ़ाई

## अब 100 लाख मीट्रिक टन खरीदी करेगी सरकार

पिछली बार 78 लाख मीट्रिक टन हुई थी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



प्रदेश में इस बार गेहूं खरीदी देरी होने के बाद भी बंपर पैदावार को देखते हुए सरकार ने 22 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी के कोटे को बढ़वा लिया है। जिसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर केंद्र सरकार ने कोटा बढ़ाते हुए इसे 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान सरकारी खरीदी केंद्रों पर गेहूं बेच सकेंगे, हालांकि पिछले साल यह कोटा 78 लाख मीट्रिक टन था। प्रदेश में खरीदी को लेकर सीएम ने कहा कि वैश्विक हालातों की वजह से गेहूं के निर्यात में आई कमी और जूट के आयात में आ रही ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ग्वालियर पुलिस की दिखी मुस्तैदी

## 22 लाख के गहनों को बरामद कर फरियादी को 'लौटाया'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्वालियर


■ 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले

यहां पुलिस ने ईमानदारी और मुस्तैदी की एक अनोखी मिसाल पेश की है। शहर के मुरार बाजार में एक परिवार के 15 तोला सोने के गहने खो गए थे। जिसे पुलिस ने करीब 100 से ज्यादा कैमरों की फुटेज खंगालकर बरामद कर लिए। खास बात यह रही की जिन महिलाओं ने यह बैग उठाया था उन्होंने पूरे गहने वापस लौटा दिए। घटना 20 अप्रैल की है ▸▸ शेष पेज 4 पर

### 2 नकाबपोशों ने की फायरिंग

## इंजीनियर के सिर में गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर


■ बाइक से बगल में आए और गोली मार दी

संजय नगर इलाके में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे बाइक सवार इंजीनियर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सिविल इंजीनियर क्लेरिंस उर्फ राजा (32) रांझी जा रहा था। इसी दौरान चेहरा ढंके दो युवक बाइक से उसके पास पहुंचे और फायरिंग कर दी। गोली मारने के बाद दोनों हमलावर फरार हो गए। सूचना मिलते ही रांझी सीएसपी सतीश साहू ▸▸ शेष पेज 4 पर

### राज्यों को 30 दिन का समय

## महंगी किताबों पर लगी रोक चलेगी सिर्फ एनसीईआरटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


■ शिकायतों के बाद लिया गया फैसला

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी और हर साल महंगी किताबें खरीदने के दबाव पर अब लगाम लगने वाली है। मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने साफ कर दिया है कि स्कूल चाहे सरकारी हो या प्राइवेट, बच्चों के साथ अकादमिक भेदभाव नहीं चलेगा। प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने देशभर से मिली शिकायतों के बाद ▸▸ शेष पेज 4 पर

### उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस पहुंची गांधी नगर

## धर्मांतरण सहित विदेश से फंडिंग केस के मास्टर माइंड दाऊद के मकान की कुर्की

आगरा पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



धर्मांतरण और विदेश से फंडिंग मामले में फरार आरोपी दाऊद अहमद के भोपाल निवास पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस बल पहुंची और कुर्की की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में गांधी नगर पुलिस की भी मदद ली गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कमिश्नर दीपक कुमार ने इस मामले की खुद मॉनिटरिंग की। उल्लेखनीय है कि सगी बहनों के धर्मांतरण और विदेश से फंडिंग मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस मास्टर माइंड दाऊद अहमद की तलाश कर रही थी। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### आईएसआई आरोपियों का खुलासा, दिल्ली में ब्लास्ट की थी साजिश

ग्वालियर। बीते दो दिन पहले ग्वालियर और दिल्ली से पकड़े गए आईएसआई आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बड़े खुलासे किए हैं। जिसमें उन्होंने बताया है कि दोनों ही अरोपी दिल्ली के होटल में फायरिंग और ब्लास्ट की साजिश कर रहे हैं। इसके पीछे पाकिस्तानी गैंगस्टर ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सीएम हाउस में नए सिरे से कामों का बंटवारा

## एसीएस मंडलोई के जिम्मे सीएम हाउस का समन्वय व सिंहस्थ-2028 के कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल


नीरज मंडलोई

मुख्यमंत्री सचिवालय में सचिव के रूप में कौशलेंद्र विक्रम सिंह की नियुक्ति के बाद नए सिरे से कार्यों का बंटवारा हुआ है। नए बदलाव के तहत अब एसीएस नीरज मंडलोई अब पूरे समन्वय के साथ ही सभी महत्वपूर्ण कार्य देखेंगे। इसमें समन्वय में प्राप्त होने वाली समस्त नस्तियां एवं स्थानांतरण प्रस्तावों का मुख्यमंत्री द्वारा निराकरण, केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों एवं अतिमहत्वपूर्ण व्यक्तियों की ओर से आने वाली डाक की मार्किंग, विभिन्न विभागों द्वारा सीएम की बैठकों का अनुरोध एवं प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण, सिंहस्थ-2028 संबंधित कार्य सहित अन्य कार्य शामिल हैं। सचिव आलोक कुमार सिंह को कैबिनेट- विधानसभा राजनीतिक नियुक्तियों, मुख्यमंत्री परिषद की बैठकों संबंधित कार्य और कृषि वर्ष की जिम्मेदारी सहित अन्य जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। सचिव डॉ. इलैया राजा टी को केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों एवं अतिमहत्वपूर्ण पत्राचार के प्रतिवेदनों संबंध में विभाग से प्रतिवेदन प्राप्त करना और सीएम की ओर से उत्तर भेजने, भारत सरकार के समक्ष लंबित विषयों के संबंध में ▸▸ शेष पेज 4 पर

### आलोक कुमार सिंह को सौंपी कैबिनेट विधानसभा राजनीतिक नियुक्तियों की बागडोर

### करीब 14 जिलों में पारा 42 से 43 डिग्री के बीच रहने से भीषण गर्मी

## नर्मदापुरम 43.8 पर तपा, भोपाल में 41 डिग्री ने 'खौलाया'

तेज गर्मी के बावजूद गुरुवार को प्रदेश में लू से राहत रही आज छह जिलों में यलो अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में गर्मी का पारा बढ़ते क्रम में रहा। गुरुवार को प्रदेश में सबसे गर्म रहे नर्मदापुरम में अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री रहा, यह नॉर्मल से 3.3 डिग्री अधिक है। करीब 14 जिलों में पारा 42 से 43 डिग्री के बीच रहने से लोगों को भीषण गर्मी का अहसास रहा।

भोपाल में दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 41 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.8 डिग्री ज्यादा है। प्रदेश में लू से राहत रही, लेकिन मौसम केंद्र ने शुक्रवार को छह जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो से तीन ▸▸ शेष पेज 4 पर


भोपाल के अटल पथ में शाम 6 बजे का दृश्य

### अप्रैल के अंत में बदल सकता है मौसम

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ के रूप में सक्रिय है। यह क्रम हिमालय रीजन में बना हुआ है। अप्रैल के अंत तक हवाएं बदलने और नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में मौसम में बदलाव की उम्मीद है, लेकिन इससे गर्मी में ज्यादा कमी नहीं होगी।

### यहां भट्टी जैसे तपे शहर

गुरुवार को करीब 14 जिले 42 से 43 डिग्री के बीच गर्म रहे। इनमें टीकमगढ़, सीधी, सतना, सागर, रीवा, नौगांव, खजुराहो, जबलपुर, दमोह, दतिया, गुना, रायसेन, रतलाम में पारा 42 से 43 डिग्री के बीच रहने से भीषण गर्मी रही। नर्मदापुरम प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां पारा 43.8 डिग्री दर्ज किया गया है। प्रदेश में रात के तापमान में घट-बढ़ के ▸▸ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### महापौर ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने गुरुवार को गुलमोहर कॉलोनी स्थित देवलोक पार्क में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कॉलोनी के देवलोक पार्क में पेविंग ब्लाक, शेड एवं चबूतरे का करीब 14 लाख रूपए निर्माण होना है। भूमिपूजन पर महापौर परिषद की सदस्य सुषमा बावीसा, करतार सिंह तोमर, संतोष हिरवे, राजकुमार विश्वकर्मा, पीयूष सिसोदिया, अजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### जहरीले कचरे से निकली राख की रिपोर्ट पेश करें

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रामकी व री-सस्टेनेबिलिटी वेस्ट मैनेजमेंट फैसिलिटी में दबाई गई यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे से निकली 900 मीट्रिक टन राख की टाक्सिसिटी के संबंध में आकलन रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। जस्टिस विवेक कुमार सिंह व जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की डिवीजन बेंच ने भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर को सुरक्षित कर भोपाल गैस मेमोरियल बनाए जाने के संबंध में कार्य-योजना प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 22 जून को होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में आलोक प्रताप सिंह ने यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनष्टीकरण की मांग करते हुए जनहित याचिका दायर की थी। जिनकी मृत्यु के बाद हाई कोर्ट मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रहा है।

### बेतवा नदी पुनर्जीवन अभियान 26 से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बीमा धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है, जहां आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने कार्रवाई करते हुए करीब 8 करोड़ रुपए के फर्जी क्लेम से जुड़े संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह मामला आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस से जुड़ा हुआ है, जांच एजेंसी के मुताबिक, गिरोह ने मृत व्यक्तियों के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बीमा क्लेम हासिल करने की साजिश रची थी। इसके लिए पॉलिसीधारकों, नामिनी और बीमा एजेंटों के बीच तरीके से नेटवर्क तैयार किया गया था।

### राठौर के खिलाफ खोला कर्मचारियों ने मोर्चा

**भोपाल।** रतलाम के आलोट में खजूरी देवड़ा में पदस्थ पटवारी रविशंकर खराड़ी की मौत के मामले में नायब तहसीलदार सविता राठौर के खिलाफ कर्मचारी संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार दोपहर भोपाल सहित प्रदेशभर में पटवारियों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। साथ ही विरोध के रूप में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप गए। भोपाल पटवारी संघ के अध्यक्ष अरविंद गिरी ने बताया कि पटवारियों को सारे कामों में झोंक दिया जाता है। जबरन के काम ज्यादा कराए जाते हैं। कई बार 12 से 15 घंटे तक काम कराया जाता है। हमारी मांग है कि नायब तहसीलदार के खिलाफ 7 दिन में एफआईआर दर्ज की जाए।

---

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगरीय प्रशासन एवं विकास ने जारी की गाइडलाइन

# नदियों किनारे के शहरों का अलग से होगा मूल्यांकन सर्वे के अलावा इस श्रेणी में 200 अंक अलग से तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत होने वाले सर्वे के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास ने नदियों और घाट किनारे शहरों के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसमें नदी किनारे बसे शहरों को भी शामिल किया गया है। इनके घाटों की सफाई के लिए सर्वेक्षण में 200 नंबर अलग से तय किए गए हैं।

इस नई गाइडलाइन में मध्यप्रदेश के 73 शहरों के 106 घाट चिंहित किए गए हैं। इस संबंध में नगरीय प्रशासन विभाग ने निकायों को निर्देश जारी कर दिए हैं। यह पहली बार है जब रिवर टाउन असेसमेंट (नदी शहर मूल्यांकन) घटक का अलग से सर्वे होगा। ऐसे में नदी किनारे बने घाटों की सफाई और रखरखाव निर्भर करेगा कि आपके शहर की रैंकिंग कैसी है। गंगा टाउन से रिवर टाउन का विस्तार विषय का एक हिस्सा है।

## प्रदेश के 73 शहर शामिल, इनमें 106 घाट, हर जगह सफाई करना जरूरी

### भोपाल संभाग में नदी किनारे 9 नगरीय निकाय

शहरों की सूची में 20 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों को भी शामिल किया गया है। वहीं इंदौर, भोपाल और जबलपुर जैसे शहर इसमें प्रमुख हैं। भोपाल संभाग के सीहोर जिले की बुधनी, शाहगंज, सीहोर, आष्टा, राजगढ़ जिले की खिलचीपुर, विदिशा की कुरबई, गंजबसौदा, बैरसिया और रायसेन जिले की बैगमगंज निकाय नदी किनारे बसी हैं। जिसमें करीब 11 घाट हैं। भोपाल संभाग में नदी किनारे 9 नगरीय निकाय हैं और 11 घाट हैं।

### नदी संरक्षण को बढ़ावा

इसका उद्देश्य नदी संरक्षण, सफ़ाई और कचरा प्रबंधन में सुधार करना है। इससे सफ़ाई के प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। इसमें प्रदेश के 10 संभागों के 106 घाटों को चिन्हित किया गया है। स्वच्छता के लिए होने वाले सर्वेक्षण में नदी-तालाबों का संरक्षण महत्वपूर्ण होगा। शहरों का मूल्यांकन कचरा प्रबंधन प्रणाली, सीवेज निपटान और नदी के किनारों की समग्र सफ़ाई पर निर्भर होगा।

## कचरा कम करने के लिए हमें अधिक से अधिक प्रयास करना होंगे: महापौर

महापौर मालती राय ने कहा है कि कचरा उत्सर्जन को कम करने के लिए हमें ज्यादा प्रयास करना होंगे। प्लास्टिक डिस्पोजल्स एवं प्लास्टिक की छोटी बाटल जैसी चीजों को कम करते हुए रीयूजेबल कटलरी का अधिक उपयोग करना होगा, ताकि कचरे का उत्सर्जन कम किया जा सके। यह बात मालती ने आईएसबीटी के समीप स्थित होटल राजहंस में कचरा पृथक्कीकरण पर आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में कही। कचरा अलग-अलग रखेंगे हम, भोपाल बनेगा नंबर-1 के संकल्प के साथ प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न हुई।

### गीला-सूखा व अन्य कचरा अलग-अलग होने पर संसाधन के रूप में आता है वापस



महापौर मालती ने कहा कि जब गीला-सूखा व अन्य कचरा अलग-अलग जाता है तो यह संसाधन के रूप में वापस आता है। महापौर राय ने कहा कि भोपाल के रेस्टोरेंट्स, ढाबे और होटलों में भी यह प्रशिक्षण दिया जाए। इस दौरान निगम की स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर 'स्वच्छता किटी' ग्रुप की सदस्यों ने 6 अलग-अलग प्रकार के डस्टबिन के उपयोग के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान होटल संचालक व अन्य स्टाफ सहित निगम के स्वच्छता कार्य में सहयोगी भी मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने सागर के नरयावली में किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

# महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध, किसानों से गेहूं का एक-एक दाना खरीदेगी मध्य प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश भर में प्रमुख पदों पर महिलाओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, लेकिन कई राजनैतिक दलों को नहीं सुहाता है। माताएं-बहनें सब कुछ भूल सकती हैं, पर अपना अपमान कभी नहीं भूल सकती हैं, बहनों से यही अपील है कि मौका मिलने पर हिसाब जरूर चुकता करना है। हमारा पूर्ण संकल्प है कि आज नहीं तो कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन बहनों को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवा कर रहेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को सागर के नरयावली में विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति माताओं-बहनों का सर्वोपरि रखने की रही है। बहनों को विधानसभाओं और लोकसभा में आरक्षण दिलवाने के लिए हमारी सरकार लड़ाई लड़ रही है। राज्य सरकार लाड़ली बहना योजना के माध्यम से बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात दे रही है। प्रदेश के 17 जिलों में महिला कलेक्टर हैं। प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में महिला अधिकारी एसपी हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार ने किसानों के हित में हितकारी निर्णय लिए हैं।

**खास बात**

- प्रदेश भर में प्रमुख पदों पर महिलाएं, लेकिन कई राजनैतिक दलों को यह नहीं सुहाता: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं

- कड़ान मध्यम सिंचाई परियोजना का पुनरीक्षण होगा, इससे क्षेत्र की लगभग 30 हजार एकड़ भूमि सिंचित होगी। मकरोनिया फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा।
- 24 करोड़ रुपए की लागत से बम्होरी तिराहे से नई 4 लेन सड़क बनाई जाएगी।
- लघु सिंचाई परियोजना, जलाशय सुधार कार्य, 25 करोड़ की लागत से दो नए पुल बनाए जाएंगे।
- औद्योगिक कौशल की जरूरतों के अनुसार जरुआखेड़ा आईटीआई में नए कोर्स शुरू किए जाएंगे।
- नगरपालिका कर्रापुर में विकास कार्यों के लिए आवश्यक राशि की घोषणा की गई।

### किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए सरकार प्रयासरत है। अब कृषक कल्याण वर्ष में किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही हैं। बुंदेलखंड की धरती वीरों और महावीरों की धरती है। प्रदेश के किसानों को 5 रुपए में बिजली का अस्थाई कनेक्शन दिया जा रहा है। किसानों को 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य पर गेहूं खरीदा जा रहा है। किसानों से किए सभी वादों को पूरा करते हुए आगामी वर्षों में 2700 रुपए से अधिक भाव पर गेहूं खरीदा जाएगा।

### 27 करोड़ से निर्मित सांदीपनि विद्यालय, 41 करोड़ 7 लाख की लागत के 36 विकास कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। नरयावली में 27 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विद्यालय नहीं, हमारी 5 हजार साल पुरानी विरासत का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरयावली में 41 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से 36 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें विभिन्न पंचायतों में बने 12 सीसी रोड शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 17 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत से 62 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया है।

### भू-अर्जन का मुआवजा चार गुना करने पर ढोल-नगाड़े बजाकर मनाया उत्सव, बांटी मिठाइयां

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शासकीय व सार्वजनिक विकास व निर्माण कार्यों के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहण करने के लिए मिलने वाले मुआवजे को चार गुना करने के निर्णय पर भाजपा किसान मोर्चा ने आभार जताया है। मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर ढोल नगाड़ा बजाकर उत्सव मनाया और मिठाइयां बांटकर लोगों का मुह मीठा कराकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। किसान मोर्चा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।



#### किसानों की मेहनत का उचित सम्मान : सबनानी

विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान हितैषी सरकार का कृषि भूमि को अधिग्रहण करने पर मुआवजे को चार गुना करने के निर्णय का प्रदेश भर के किसान स्वागत कर रहे हैं। किसानों में इस निर्णय को लेकर हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री का यह निर्णय किसानों की मेहनत का उचित सम्मान है।

#### किसानों के हित में लिया निर्णय: जयपाल

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश कि लाखों किसानों के हितों में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के इस फैसले से न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्तिकरण होगा, बल्कि प्रदेश में विकास की रफ्तार भी तेज होगी और हर वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

---

निगम मुख्यालय में जोन समिति की बैठक

## माता मंदिर एवं नेहरू नगर चौराहे पर बनाए जाएंगे प्याऊ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के माता मंदिर स्थित मुख्यालय में गुरुवार को जोन समिति की बैठक हुई।

इसमें शहर के लोगों को गर्मी के मौसम में प्रेशर से पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा शहर में चल रहे प्रोजेक्ट के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक के दौरान माता मंदिर एवं नेहरू नगर चौराहे पर (प्याऊ) लगाए जाने का निर्णय लिया गया, ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में परेशान न होना पड़े। नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में पार्षद योगेंद्र गुड्डू चौहान, पार्षद देवाशु कसाना एवं निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

## शिष्टाचार एवं सम्मान अनुरक्षण समिति की हुई बैठक



**भोपाल।** मप्र विधानसभा के सदस्यों की शिष्टाचार एवं सम्मान अनुरक्षण समिति की बैठक गुरूवार को सभापति विजेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सदस्य दिनेश राय मुनमुन एवं नरेंद्र प्रजापति सहित मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविन्द शर्मा उपस्थित थे। उल्लेखनीय है यह समिति सदस्यों के प्रोटोकॉल के उल्लंघन के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर परीक्षण कर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है।

मां पीतांबरा वेयर हाउस में मिली गड़बड़ी, खरीदी केंद्रों पर किसानों से हेराफेरी

## खरीदी केंद्रों पर एक क्विंटल को 101 किलो तौला, 33 क्विंटल गेहूं की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में 9 अप्रैल से शुरु हुई गेहूं खरीदी में सहकारी समितियां और वेयर हाउस संचालक किसानों के साथ गेहूं की ठगी कर रहे हैं। हाल ही में वायरल वीडियो के बाद खाद्य विभाग की टीम ने परवलिया सड़क के तूमड़ा स्थित मां पीतांबरा वेयरहाउस पर छापामार कार्रवाई की थी। जहां पर किसानों से प्रति क्विंटल के हिसाब से एक किलो अधिक गेहूं लिया जा रहा था।

जिसके आधार पर टीम ने वेयर हाउस संचालक और सहकारी समिति कजलास पर किसानों से 33 क्विंटल अधिक गेहूं लेने का केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि जिले के 92 खरीदी केंद्रों में से




अधिकतर केंद्रों पर किसानों से तौल में अधिक गेहूं लिया जा रहा है। खरीदी केंद्र पर किसानों से 33 क्विंटल अतिरिक्त गेहूं लिया गया। जिसकी समर्थन मूल्य 2 हजार 625 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से इसकी कीमत करीब 86 हजार 625 रुपए आंकी गई है। इस केंद्र पर खरीदी का काम सहकारी समिति कजलास कर रही है और अब तक 158 किसानों से खरीदी की गई है। जांच के समय वेयरहाउस में करीब 3 हजार 300 क्विंटल गेहूं खरीदा गया था।

### जेएसओ की लापरवाही, बड़े किसानों की खरीदी वेटिंग

*मां पीतांबरा वेयरहाउस में किसानों से अधिक गेहूं लेने के मामले में प्रभारी सहायक आपूर्ति अधिकारी हुमा हुजूर की लापरवाही भी सामने आई है। प्रभारी एएसओ के निगरानी नहीं करने की वजह से वेयरहाउस संचालक पिछले आठ दिन से लगातार किसानों से गेहूं की ठगी कर रहा था। इधर गेहूं खरीदी में बड़े किसानों की भी परेशानी कम नहीं हो रही है। सरकार ने केपिंग लगा दी है, जिसके तहत किसानों को बड़े, मध्यम और छोटे की केटगरी में बांट दिया है, ऐसे में बड़े किसान अपना गेहूं नहीं बेच पा रहे हैं।*

### अन्नदाताओं की मेहनत को सम्मान देने उठाए जा रहे दूरदर्शी कदम : अग्रवाल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में गेहूं उपार्जन का कोटा बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किए जाने पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने



सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने मप्र में गेहूं उपार्जन का कोटा बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किया, यह किसान हित में बड़ा निर्णय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा लिया गया यह निर्णय अन्नदाताओं के सम्मान और उनकी आय वृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश किसान कल्याण वर्ष मना रहा है।

---

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आंकड़ों के साथ सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

# वर्तमान गति से सरकार का गेहूं खरीदी लक्ष्य पूरा करना असंभव यह सरकार की किसान विरोधी मंशा को करता है उजागर: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में व्याप्त गेहूं खरीदी की बदहाली और किसानों के शोषण पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने सरकारी आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए कहा कि वर्तमान गति से सरकार का खरीदी लक्ष्य पूरा करना असंभव है, जो सरकार की किसान विरोधी मंशा को उजागर करता है। पटवारी ने सरकारी विज्ञापनों का हवाला देते हुए विश्लेषण प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल से शुरू हुई खरीदी के 14 दिनों में लगभग 2.21 लाख किसानों से मात्र 9.51 लाख मीट्रिक टन (95.17 लाख क्विंटल) गेहूं खरीदा गया है। इस गति से यदि 14 दिनों में 9.51 लाख मीट्रिक टन खरीदी हो रही है,



तो 80 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य के लिए लगभग 118 दिन और 160 लाख मीट्रिक टन के लिए लगभग 236 दिन लगेंगे। जब खरीदी की अंतिम तिथि सिर पर है, तो सरकार बताए कि बाकी का गेहूं क्या अगले साल खरीदा जाएगा? यह स्पष्ट रूप से किसानों को अधर में छोड़ने की साजिश है।

### सत्ता पक्ष के करीबियों के लिए नियम ताक पर रखा: जीतू

पटवारी ने आरोप लगाया कि जहां एक ओर आम किसान स्लॉट बुकिंग न होने के कारण 2700 प्रति क्विंटल का गेहूं 2000-2100 में निजी मंडियों में बेचने को मजबूर है, वहीं सत्ता पक्ष के करीबियों के लिए नियम ताक पर रख दिए गए हैं। पटवारी ने कहा कि सर्वर की खराबी, बारदाने की कमी और सैटेलाइट सत्यापन के नाम पर किसानों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इस अव्यवस्था के कारण किसानों को अब तक लगभग 4500 करोड़ का गेहूं औने-पौने दामों पर बाजार में बेचना पड़ा है। आय दोगुनी करने के पटवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आय दोगुनी करने के वादे को जुमला करार देते हुए कहा कि आज किसान कल्याण के नाम पर केवल शोषण हो रहा है।

### भाजपा मास्टर प्लान नहीं ,'माफिया प्लान' बनाती है: जाट

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आनंद जाट ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में विदिशा उद्वहन सिंचाई परियोजना की नहर की ज़मीन पर भू माफिया के क़ब्ज़े पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। आनंद जाट ने आरोप लगाया कि विदिशा में 'एक शहर, दो कानून' की स्थिति बनी हुई है। भाजपा 'मास्टर प्लान' नहीं, 'माफिया प्लान' बनाती है और सरकारी जमीनों पर क़ब्ज़ा करना ही भाजपा का मास्टर प्लान है।




मध्यप्रदेश कांग्रेस ने मांग की है कि विदिशा में जल संसाधन विभाग की जमीनों पर हुए अवैध निर्माणों को तत्काल ढहाया जाए और दोषी अधिकारियों व भू-माफिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाए।

महिलाओं को 100% आरक्षण का ऐलान

## भगवा पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवा पार्टी के महिला मोर्चा के प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला एवं प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मंजू गुप्ता को महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं ब्रिज त्रिपाठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, कार्यक्रम में प्रदेश संगठन मंत्री अनूप दुबे ने बताया कि रायसेन जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रचना सिंह, प्रदेश सचिव मनोहर वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान पार्टी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि भगवा पार्टी देश की पहली पार्टी होगी] जो महिलाओं को 100% आरक्षण और टिकट देगी।


करोंद सब्जी मंडी के पास आकार ले रहा मेट्रो स्टेशन।

## बेरिकेडिंग के बाद शुरू किया एलिवेटेड पिलर का काम

# भोपाल टॉकीज से डीआईजी तक रुकावटें हटाईं, 200 दुकानों के बाहरी हिस्से गिराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुभाष नगर से एम्स तक प्रायोरिटी कॉरीडोर पर मेट्रो दौड़ाने के बाद सुभाष नगर से करोंद तक ऑरेंज रूट के काम में तेजी आ गई है। जिसके तहत अल्पना तिराहे से बोगदा पुल तक अंडरग्राउंड ड्रिलिंग का काम चल रहा है।

इधर भोपाल टॉकीज से डीआईजी बंगला चौराहे तक एलिवेटेड पिलर पर मेट्रो को चलाया जाएगा। जिसकी जद में आने वाली रुकावटों को हटाने का काम तेज कर दिया गया है। जिसके तहत सिंधी कॉलोनी से डीआईजी बंगला चौराहे तक दोनों साइड की दो सौ से अधिक दुकानों और मकानों के बाहरी हिस्सों को तोड़ा गया है।

### दुकानों के बाहरी हिस्से तोड़कर बनाई डायवर्जन सड़क


करोंद आरओबी के पास बाहर निकले छज्जों को तोड़ते श्रमिक।

### बड़ा बाग की जमीन होगी अधिग्रहित

राजधानी के बड़ा बाग कब्रिस्तान की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद है। सरकार ने मेट्रो के लिए इसके अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसडीएम का कहना है कि जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। हालांकि वक्फ बोर्ड ने आपत्ति पेश की है। कोर्ट में भी यह मामला विचाराधीन है। विधायक आतिफ अकील का कहना है कि सरकार कब्रिस्तान की जमीन पर मेट्रो चलाना चाहती है, यह गलत है।

### सुभाष नगर से करोंद के बीच होंगे 6 स्टेशन

इस रूट पर 6 स्टेशन होंगे, जिसमें से दो अंडरग्राउंड होंगे। पुल बोगदा के बाद मेट्रो अंडरग्राउंड हो जाएगी। इसके बाद दूसरा स्टेशन भोपाल स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 6 के पास अल्पना तिराहे के नजदीक होगा। अगला भोपाल टाकीज और सिंधी कालोनी के बीच बड़ा बाग हो सकता है। सिंधी कालोनी से मेट्रो जमीन के बाहर आ जाएगी। इसके बाद डीआईजी बंगला, कृषि मंडी और करोंद चौराहे पर भी मेट्रो स्टेशन रहेंगे।



### गड्ढे करने का काम किया शुरू

मेट्रो कंपनी ने बीच सड़क पर बेरिकेडिंग कर गड्ढे करने का काम शुरू कर दिया है। सुभाष नगर से करोंद मेट्रो की ऑरेंज लाइन के दूसरे चरण के निर्माण के लिए काजी कैंप और भोपाल टॉकीज क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन यह मार्ग अब शाही कब्रिस्तान की जमीन से गुजरने को लेकर विवाद में फंस गया है। जिला प्रशासन ने मेट्रो स्टेशन के लिए काजी कैंप सहित अन्य इलाकों में अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया शुरू की है।

### बड़ा बाग से करोंद तक बीच रोड पर रहेगी मेट्रो

*इसके लिए दो सौ से अधिक दुकानें और घरों के हिस्सों को तोड़ा गया है। बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय का कहना है कि बड़ा बाग से करोंद तक मेट्रो की लाइन सड़क के बीच में रहेगी। इसलिए काम के दौरान ज्यादा परेशानी नहीं होगी, वहीं सड़क के दोनों ओर बने निर्माणों को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। यहां पर ज्यादातर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। करोंद रेलवे फाटक के पास कुछ जगहों पर निजी जमीनों का अधिग्रहण किया जाना है, जिसको लेकर कार्रवाई चल रही है।*

### देर रात ब्लॉक पहुंचने का काम जारी

# ऑरेंज लाइन के 16 किमी एलिवेटेड ट्रैक पर मेट्रो स्टेशन का स्ट्रक्चर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के पुल बोगदा से करोंद तक निर्माणाधीन मेट्रो की ऑरेंज लाइन का काम तेजी से चल रहा है। करोंद स्थित सब्जी मंडी के पास मेट्रो स्टेशन ने आकार लेना शुरू कर दिया है। इसके लिए स्ट्रक्चर बनाया जा रहा है और जैसे-जैसे ब्लॉक पहुंच रहे हैं गर्डर की लाचिंग की जा रही है।

पुल बोगदा पर अब मेट्रो पिलरों को आकार देने का काम चल रहा है। पहाड़ी ढलानदार रास्ते पर खुदाई पूरी होने के बाद लोहे के जाल बिछाए जा रहे हैं। पुल बोगदा से बरखेड़ी तक पिलर बनेंगे। जबकि पुल पातरा से मेट्रो का संचालन टनल से होगा, यानि ट्रैक भूमिगत होगा। पुल बोगदा पर चल रहे निर्माण कार्यों के चलते बीते करीब एक साल से यह रास्ता बंद है।

### पुल बोगदा पर होगा मेट्रो जंक्शन

*पुल बोगदा मेट्रो जंक्शन होगा। यहां मेट्रो की ब्लू लाइन से येलो लाइन को आपस में जुड़ेगी। यानि भदभदा और रायसेन रोड से आने वाली मेट्रो से यात्री पुल बोगदा जंक्शन से एम्स और करोंद की ओर आवाजाही कर सकेंगे।*

***सोनागिरी से रत्नागिरी तक पिलर बनाने का काम शुरू***

*रायसेन रोड के जेके रोड से सोनागिरी तक सभी पिलर बनकर तैयार हो गए हैं। जबकि गोविंदपुरा में पिलर बनाने के लिए रोड के बीच के हिस्से को कवर्ड किया गया है। सोनागिरी से रत्नागिरी तक पिलर बनाने का काम शुरू हो गया है। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि जहां पिलर बनकर तैयार हैं वहां गर्डर की लाचिंग भी शुरू हो गई है।*

### बिजली चोरी के विरुद्ध विद्युत कंपनी की बड़ी स्ट्राइक: 11 प्रकरणों में वसूला 15.58 लाख का जुर्माना

# आलीशान घरों में चोरी की बिजली से चल रहे थे कोल्ड स्टोरेज, फर्नीचर कारखाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम और राजस्व सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत गुरुवार को भोपाल शहर के सिटी कोतवाली जोन में बड़ी कार्रवाई की गई। कंपनी के सतर्कता एवं निरीक्षण दल द्वारा की गई इस कार्रवाई में कुल 11 प्रकरण दर्ज कर 15.58 लाख रुपए का जुर्माना एवं बिलिंग की गई है।

गुरूवार को चेकिंग दल द्वारा सिटी कोतवाली जोन के अंतर्गत इस्लामपुरा क्षेत्र में आलीशान और बहुमंजिला मकानों की सूक्ष्मता से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान बिजली के दुरुपयोग के कई गंभीर मामले उजागर हुए जिनमें एक आवासीय परिसर में बिना अनुमति के अवैध रूप से कोल्ड स्टोरेज का संचालन पाया गया।

सिटी कोतवाली जोन के अंतर्गत इस्लामपुरा क्षेत्र में कार्रवाई

एक घर में हो अवैध रूप से ईवी वाहन किया जा रहा था चार्ज


इन घरों में मिले अवैध बिजली कनेक्शन।


मौके पर कार्रवाई करती बिजली विभाग की टीम।

### सहायक यंत्री के साथ अभद्रता करने वालों पर एफआईआर

*भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जहांगीराबाद जोन में कंपनी के सतर्कता एवं निरीक्षण दल के साथ अभद्र व्यवहार करने, गाली-गलौज करने और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले आरोपियों के विरुद्ध थाना जहांगीराबाद में एफआईआर दर्ज कराई गई है। बता दें कि जहांगीराबाद जोन सहायक यंत्री जगदीश लोधी द्वारा 21 अप्रैल को कंपनी के निरीक्षण दल सहित जहांगीराबाद जोन के अंतर्गत 12, गली बांस बहेरा, पातरा स्थित बिजली उपभोक्ता शहजाद खान पत्नी शोएब खान के परिसर का निरीक्षण किया जा रहा था।*

### 1.5 किवा स्वीकृत भार के विरुद्ध 7.036 किवा

*निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिसर में 1.5 किलोवाट स्वीकृत भार के विरुद्ध 7.036 किलोवाट का भार गैर-घरेलू उपयोग (लकड़ी कारखाना) के लिए संचालित किया जा रहा है। चेकिंग दल द्वारा नियमानुसार विद्युत अधिनियम 2003 एवं विद्युत प्रदाय संहिता की धाराओं में विधिवत कार्रवाई करते हुए मीटर जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान उपभोक्ता प्रतिनिधि शोएब खान और किराएदार शाहरुख खान ने बिजली अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद सहायक यंत्री जगदीश लोधी की शिकायत पर थाना जहांगीराबाद द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।*

### ईवी चार्जिंग के लिए अवैध उपयोग

जहां बड़े पैमाने पर बिजली की खपत की जा रही थी। एक अन्य मकान में घरेलू कनेक्शन की आड़ में फर्नीचर बनाने का कारखाना संचालित होता पाया गया तथा एक स्थान पर मुख्य लाइन से सीधे तार डालकर (डायरेक्ट कनेक्शन) ई-व्हीकल चार्ज करते हुए पकड़ा गया है। कंपनी द्वारा इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान कुल 11 मामलों में विद्युत अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए इन उपभोक्ताओं पर कुल 15.58 लाख रुपये की पेनल्टी और बकाया राशि का निर्धारण किया गया है।

### एसटीएफ-एसआईटी की कार्रवाई, इंदौर में भी 4 लोगों को किया था कॉल

# लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताकर बिल्डर से दस करोड़ की फिरौती मांगने वाले 3 धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार में बिल्डर को वाट्सएप कॉल कर दस करोड़ की फिरौती मांगने वाली गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्रवाई एसटीएफ और विशेष जांच दल (एसआईटी) और (एसटीएफ) भोपाल की संयुक्त रूप से की। आरोपियों ने इंदौर में चार कारोबारियों को कॉल किया था और लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताकर करोड़ों रुपए की फिरौती मांगी थी।

इसी प्रकार कोलार में भी एक बिल्डर को वीडियो कॉल और मैसेज के माध्यम से दस करोड़ रुपए की व्यवस्था करने नहीं तो परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। आरोपियों ने फिरौती से पहले फरियादी के घरों की रेकी कर वीडियो भी बनाया था। जानकारी के अनुसार एसआईटी और एसटीएफ ने प्रकरण की जांच की। जांच के दौरान दिनांक 16 अप्रैल 2026 को रेकी कर वीडियो बनाने वाले आरोपी निर्मल तिवारी, निवासी निवासी बांदा जिला, उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया।


एसटीएफ की गिरफ्त में आरोपी।

### नेपाल भागने की फिराक में था

*पूछताछ में यह बात सामने आई कि उसने अपने गिरोह के मुख्य आरोपी आनंद मिश्रा, जिला बांदा, उत्तरप्रदेश द्वारा फंडिंग की गई थी। निर्मल तिवारी की गिरफ्तारी के बाद मुख्य आरोपी आनंद मिश्रा गिरफ्तारी से बचने नेपाल भागने की फिराक में था। इससे पहले ही एसआईटी एवं एसटीएफ की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकरण में एक अन्य आरोपी जेपी डारा, बीकानेर, राजस्थान की भूमिका संदिग्ध थी। वह गिरोह के सदस्यों को समय-समय पर अपराध के करने के लिए संसाधन एवं फंडिंग करता था। जेपी डारा को भी गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। गिरोह के अन्य नेटवर्क एवं गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होने की संभावना है।*

### खाली सिलेंडरों को लेकर वीडियो हुआ था वायरल

# जाहन्वी गैस एजेंसी पर हंगामा, सुबह से खड़े लोग, शाम को मिले सिलेंडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एयरपोर्ट रोड स्थित जाहन्वी इंडेन गैस एजेंसी पर रसोई गैस की किल्लत को लेकर गुरुवार को उपभोक्ताओं ने हंगामा शुरु कर दिया। दो सौ से ज्यादा लोगों ने एजेंसी पहुंचकर सिलेंडर देने की बात कही। जिसके बाद उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक हो गई। दिन भरे हंगामे के बाद देर शाम को कुछ उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिल पाए।

इंडेन कंपनी की इस एजेंसी में पिछले कई दिनों से लोग लिए चक्कर लगा रहे हैं। जिसमें एक महीने तक पुरानी बुकिंग है। गुरुवार को भी संत आशाराम चौराहे के पास एजेंसी के ट्रक का इंतजार करते रहे। यहां 200 से ज्यादा लोग जमा हो गए, लेकिन शाम 4 बजे तक ट्रक नहीं पहुंचा। लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। खाद्य विभाग के अफसरों की डिमांड पर शाम को कंपनी ने पेंडिंग सिलेंडरों का लॉट जारी किया। जिसके बाद देर शाम कर्मचारियों की मौजूदगी में सिलेंडर बांटे गए।

### तीन दिन से लगा रहा एजेंसी के चक्कर

एक हफ्ते से लगा रहे चक्कर उपभोक्ता सन्नी यादव का कहना है कि 8 दिन पहले सिलेंडर बुक किया था। तीन दिन से चक्कर लगा रहा हूं। लेकिन सिलेंडर नहीं मिला। गुरुवार को बताया गया कि ट्रक दोपहर 12 बजे जाएगा। 2 बजे तक इंतजार किया। जब ट्रक नहीं आया तो शाम चार बजे एजेंसी पहुंचे। लेकिन वहां पर कोई जवाब नहीं मिला।

### महीनों से बुकिंग, फिर भी लोग परेशान

कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला का कहना है कि उपभोक्ताओं की शिकायत मिल रही थी कि एजेंसी से सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। महीनों की बुकिंग के बाद परेशानी हो रही है। एजेंसी पर पहुंचकर उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर देने की बात कही गई है।

### पिता ने बेटे को किडनी डोनेट कर दिया नया जीवन

# एम्स में अलग ब्लड ग्रुप के बीच पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल ने पहली बार एबीओ-इनकम्पैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक कर दिखाया है। इस जटिल प्रक्रिया में अलग-अलग ब्लड ग्रुप के बावजूद पिता ने अपने बेटे को किडनी दान कर नई जिंदगी दी। इस सफलता के बाद अब ऐसे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें ब्लड ग्रुप मैच न होने के कारण ट्रांसप्लांट में दिक्कत आती थी। यह तकनीक न सिर्फ डोनर की उपलब्धता बढ़ाएगी, बल्कि मरीजों का इंतजार भी कम करेगी। इस ट्रांसप्लांट में 47 वर्षीय पिता (एबी पॉजिटिव) ने अपने 22 वर्षीय पुत्र (ए पॉजिटिव) को किडनी डोनेट की। सामान्य तौर पर अलग ब्लड ग्रुप होने पर शरीर नई किडनी को स्वीकार नहीं करता, लेकिन आधुनिक तकनीकों और विशेष इलाज पद्धति से इस जोखिम को काफी हद तक कम किया गया।

**विशेषज्ञों की टीम ने किया कमाल:** इस जटिल सर्जरी में डॉ. महेंद्र अटलानी, डॉ. देवाशीष कौशल, डॉ. केतन मेहरा, डॉ. कुमार माधवन सहित कई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम शामिल रही, जिन्होंने समन्वय के साथ इस चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाया।

### 26 तक दे सकेंगे 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा के आवेदन

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने गुरुवार को विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 26 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में मंडल ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। माशिमं सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि को बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल थी। अब विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 26 अप्रैल तक हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा के आवेदन कर सकते हैं।

### शराब दुकानों को लेकर विरोध-प्रदर्शन जारी

# शाहपुरा में स्कूल के 50 मीटर पर, अरेरा कॉलोनी में मंदिर के पास अब भी चल रहीं शराब की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शराब दुकानों की शिफ्टिंग को लेकर विरोध जारी है। गुरुवार दोपहर दुकानों के आसपास के रहवासियों ने अरेरा कॉलोनी और शाहपुरा में प्रदर्शन किया।

शाहपुरा में स्कूल से 50 मीटर दूरी पर ही शराब दुकान है, जबकि अरेरा कॉलोनी में मंदिर के पास है। अरेरा कॉलोनी की शराब दुकान का एक साल से लोग विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को लोग फिर सड़क पर उतर गए। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय पार्षद शिखा गोहिल, सचिन दास बब्बा, रवि शर्मा, लवनीश भाटी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




### शाहपुरा में भी दुकान का विरोध

*शाहपुरा थाने के बाद गुलमोहर कॉलोनी इलाके में ही शराब की दुकान खोले जाने से स्थानीय रहवासियों में आक्रोश है। रहवासियों का आरोप है कि बच्चों के स्कूल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर शराब दुकान खोली गई है, जो नियमों का उल्लंघन है। स्थानीय नागरिकों, स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों और छोटे-छोटे बच्चों ने इस शराब दुकान को बंद कर अन्य स्थान पर शिफ्ट किए जाने की मांग की है।*

### पहले चरण में मिलेंगी 20 बसें, जून माह से राजधानी की सड़कों पर दौड़ेंगी

# शहर में ई-बसों के लिए 20 करोड़ से बन रहा डिपो, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर हो रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में फरवरी-मार्च में चलने वाली ई-बसें अब जून माह से चलेंगी। इसके लिए संत नगर में आधुनिक सुविधाओं से लैस डिपो बनकर तैयार हो रहा है। करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन डिपो में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का काम चल रहा है। यहां 150 ई-बसें सुरक्षित खड़ी हो सकेंगी। यहां उनके देखरेख, मेंटेनेंस के अलावा पूरा परिसर सीसीटीवी कैमरे की नजर में रहेगा।

ई-बसों के इंदौर में पहली खेप पहुंचने के बाद अब भोपाल में भी इनके पहुंचने की पूरी तैयारी हो चुकी है। हालांकि अभी शहर में एक ही डिपो बनकर तैयार हो पाया है। पहले चरण में शहर को 20 बसें मिलेंगी। बीसीएलएल मैनेजर रोहित यादव ने बताया कि ई-बसों को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। शुरूआत में इन्हें 5 से 6 रूट पर चलाया जाएगा। एक रूट पर 15 से 20 बस चलेंगी। जून से जर्जर बस स्टॉप का रिडेवलपमेंट पीपीपी मॉडल के तहत होगा। डिपो का निर्माण और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

### मई में पीपीपी मॉडल पर बस स्टॉप का रिडेवलपमेंट करेगा बीसीएलएल

**100** बस स्टॉप का कर चुका है रिनोवेशन, छोटे आकार के भी नए बनाए


संत नगर में तैयार डिपो और चार्जिंग स्टेशन।

**1.50 करोड़ की एक बस**

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक बस की कीमत 1.50 करोड रुपए है। 45 सीटर इस बस में दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर और ऑटोमैटिक लिफ्ट की सुविधा भी होगी। सुरक्षा के लिए बसों में पैनिक बटन और सीसीटीवी कैमरे होंगे।

### नादरा बस स्टैंड पर नया सिटी बस टर्मिनल भी तैयार

*नादरा बस स्टैंड को सिटी बस टर्मिनल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है। यहां से ई-बसों का संचालन किया जाएगा। बीते दिनों महापौर मालती राय ने उक्त टर्मिनल का निरीक्षण किया था और अधूरे काम जल्द पूरे करने के निर्देश दिए थे।*

### ई-टिकटिंग के लिए एजेंसी हायर करने की तैयारी

*एमआईसी मेंबर मनोज राठौर ने बताया कि पूरे प्रदेश में चलने वाली ई-बसों के लिए ई-टिकटिंग के लिए एजेंसी हायर करने की तैयारी चल रही है। नगरीय प्रशासन विभाग से यह कार्रवाई की जा रही है। बसें प्रदेश में पहुंचना शुरू हो गई हैं। इसलिए राजधानी में भी इसके लिए तैयारियां पूरी हैं।*

## जैकेट का शेष...

### न मैं आशंकित...

एक नोटिस पर ही दौड़े-दौड़े भोपाल चले आए। चाहते तो दो दिन बाद भी आ सकते थे?

**जवाब:** भाजपा हमारा परिवार है, जब भी परिवार बुलाएगा प्रीतम लोधी दौड़ा-दौड़ा चला आएगा। पार्टी जहां जो भी आदेश करेगी हम उसका पालन हर हाल में करेंगे।

**सवाल: एसडीओपी डॉ. आयुष जाखड़ सही हैं या आपके बेटे दिनेश लोधी?**

**जवाब:** मैं जांच समिति का आग्रह इसलिए कर रहा हूं ताकि सच सामने आ सके। जब सच सामने आएगा और इसके बाद जो भी पार्टी निर्णय लेगी वो मुझे स्वीकार होगा।

**सवाल: आपके समर्थन में कितने लोगों का फोन आया। क्या सिंधियाजी का फोन आया?**

**जवाब:** पूरे देश से मेरे पास फोन आ रहे हैं। सभी लोग मेरे समर्थन में हैं। इतने ज्यादा फोन है कि एक-एक का नाम भी नहीं लिया जा सकता है।

**सवाल: क्या केपी सिंह कक्काजू का फोन आया?**

**जवाब:** (थोड़ा भड़कते हुए) ये आपने किसका नाम ले लिया । ऐसे फालतू नाम मत लिया करो।

### कहा-लड़के का ...

दिनों में आपके द्वारा किया गया आचरण अत्यंत आपत्तिजनक है, जो पार्टी के अनुशासन के अनुरूप नहीं है। नोटिस में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विधायक को 3 दिन के भीतर अपने आचरण पर अपना पक्ष रखना होगा। गुरुवार को खुद विधायक प्रीतम लोधी मुख्यमंत्री आवास में सीएम डॉ. मोहन यादव से मिले और उन्होंने अपनी बात सामने रखी। सीएम से मुलाकात करने के बाद उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात हुई है। नोटिस का जवाब हमने दे दिया है। पार्टी ने ट्यूशन दी और साथ में हिदायत भी दी है। हमसे कहा कि ऐसा क्यों किया? हमने कहा कि मेरे लड़के का जुलूस निकाला तो मैं थोड़ा तैश में आ गया। मुंह से शब्दावली उल्टी निकल गई। खेद तो व्यक्त कर रहे हैं न। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने ही हैं, सरकार में काम कर रहे हैं। हम पार्टी का नुकसान नहीं करवाएंगे और किसी अधिकारी का भी नुकसान नहीं करवाएंगे। भाजपा आलाकमान ने विधायक के आचरण को पार्टी अनुशासन के विरुद्ध माना है। प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि वे अपनी भाषा पर संयम रखें। भविष्य में किसी भी अधिकारी या सार्वजनिक मंच पर अभद्र टिप्पणी न करें। पार्टी की गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करें।

### विधायक उषा ठाकुर ...

अपनी पंच निष्ठाओं के प्रति प्रतिबद्ध है। इस मामले में कठोरतम कार्रवाई होगी, चाहे कोई भी व्यक्ति हो।

### 'जय बद्री विशाल' ...

आए। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बद्रीनाथ धाम में उपस्थित रहे और उन्होंने भी पूजा-अर्चना की। भगवान बद्रीनाथ मंदिर को इस बार बेहद खास तरीके से सजाया गया है। करीब 25 क्विंटल फूलों से पूरे धाम को भव्य रूप दिया गया है, जिससे मंदिर की सुंदरता और भी निखर गई है। बद्रीनाथ के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड की पवित्र चारधाम यात्रा अब पूरी तरह से चालू हो गई है।

### बरगी नहर में ...

रही थीं, तभी हादसा हो गया। तेज बहाव में दोस्तों को बहता देख किनारे पर मौजूद सृष्टि ने नहर में छलांग लगा दी। उसने निहारिका पटेल को किसी तरह बाहर निकाल लिया। दूसरी सहेलियों को बचाने की कोशिश भी की, लेकिन सफल नहीं हो सकी। एसडीआरएफ की टीम सुबह से सर्चिंग ऑपरेशन चला रही थी। 4 घंटे बाद शीतल पटेल (16) और सानिया पटेल (14) के शव बरामद हुए। वहीं रात होने के चलते तनु पटेल (14) की तलाश शुक्रवार को होगी।

## पेज एक का शेष...

### बंगाल के चुनावी..

ने दौड़ा लिया और उनकी पिटाई की गई। भाजपा नेताओं का कहना है कि सुवेंदु की पुलिस की मौजूदगी में पिटाई की गई और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। आसनसोल में भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल की कार पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। उधर, बंगाल के केशपुर में वोट डालने के बाद बूथ के सामने ही एक महिला की जान चली गई। महिला का नाम इशरतन बीबी (55) है। एजेयूपी प्रमुख और रेजीनगर से उम्मीदवार हुमायूं कबीर एक घटना स्थल का दौरा करने पहुंचे, जहां टीएमसी समर्थकों और उनके बीच हिंसक झड़प हो गई। हमलावरों के हाथों में लाठियां, डंडे और ईंटें थीं। मालदा के मोथाबाड़ी विधानसभा क्षेत्र में, बालुआचारा हाई स्कूल स्थित मतदान केंद्र के बाहर ईवीएम में खराबी आने के बाद तनाव फैल गया।

### बंगाल में रिकॉर्ड ...

खबरें सुर्खियों में रहीं, वहीं दूसरी तरफ मतदाताओं की बढ़चढ़ की भागीदारी ने एक अलग ही कहानी लिख दी। शाम 5 बजे तक राज्य में 92.64% फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जो अपने आप में रिकॉर्ड के करीब पहुंचता आंकड़ा है।

### तमिलनाडु: वोटिंग ...

मिली है। तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में सुबह-सुबह ही रजनीकांत, कमल हासन, अजित कुमार जैसे कई बड़े एक्टरों ने वोट डाला। अभिनेता से राजनेता बने एक्टर विजय ने भी वोटिंग की। क्रिकेटर आर.अश्विन ने भी मतदान किया। करूर जिले में सबसे ज्यादा 91.78 फीसदी मतदान हुआ ये वही जगह है जहां विजय की रैली में भगदड़ मची थी और 11 लोगों की मौत हुई थी।

### ट्रंप भारत व चीन को ...

जन्मजात नागरिकता वाली नीति की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यहां पैदा हुआ बच्चा तुरंत नागरिक बन जाता है, और फिर वे चीन, भारत या प्लेनेट के किसी अन्य नर्क से अपने पूरे परिवार को यहां ले आते हैं। ट्रंप ने 24 घंटे के भीतर यू-टर्न लिया। उन्होंने भारत को को एक महान देश बताते हुए कहा कि शीर्ष पर मेरा सबसे अच्छा दोस्त है।

### जाटव अनुसूचित ...

ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। मप्र अनुसूचित जाति आयोग में पूर्व विधायक कैलाश जाटव को अध्यक्ष बनाया गया है। रामलाल मालवीय व बारेलाल अहिरवार को सदस्य बनाया है। वहीं, मप्र राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष के तौर पर पूर्व विधायक रामलाल रौतेल की नियुक्ति की गई है। भागत नेताम एवं मंगल सिंह धुर्वे को सदस्य नियुक्त किया गया है। इधर, महिला आयोग और बाल आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों को लेकर आदेश जारी नहीं हुए हैं, लेकिन नाम तय माने जा रहे हैं। करीब आठ साल से खाली पड़े राज्य महिला आयोग में पूर्व विधायक रेखा यादव को अध्यक्ष बनाने पर सहमति बनी है। वहीं पूर्व विधायक साधना स्थापक और ग्वालियर की पूर्व मेयर समीक्षा गुप्ता को सदस्य बनाया जा सकता है। इसके अलावा बाल संरक्षण आयोग में अध्यक्ष के लिए डॉ. निवेदिता शर्मा के नाम पर सहमति बनी है। पूर्व में वह बाल संरक्षण आयोग की सदस्य भी रही हैं। इसके अलावा सोनम निनामा, अर्चना गुप्ता, मोनिका बट्टी और सीमा सिंह को सदस्य बनाने पर सहमति बनी है।

### अब 100 लाख ....

रुकावटों के बावजूद राज्य सरकार किसानों का गेहूं खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस साल बंपर पैदावार को देखते हुए केंद्र सरकार से गेहूं खरीदी का कोटा बढ़ाने की अपील की थी, जिसे स्वीकार कर लिया है।

### 22 लाख के ...

जब आदित्यपुरम निवासी कृपाल सिंह गुर्जर अपनी बहन के साथ मुरार बाजार में शादी के लिए गहने खरीदने आए थे। कार से उतरते समय उनकी बहन के हाथ से गहनों वाला बैग गलती से सड़क पर गिर गया। इस बैग में एक सोने का हार, तीन अंगूठियां थी, जिनका वजन 15 तोला और कीमत लगभग 22 लाख रुपए है। गहने गायब होने की सूचना मिलते ही मुरार थाना पुलिस एक्टिव हुई और बाजार में लगे 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। फुटेज में दो महिलाएं सड़क से बैग उठाकर ले जाती हुई दिखाई दी। जिसके बाद पुलिस टीम चिन्हित किए गए घर पर पहुंची तो वहां दो महिलाएं जो रिश्ते में देवरानी-जेठानी हैं। दोनों ने गहनों से भरा बैग उनके सुपुर्द कर दिया। दोनों महिलाओं का कहना था कि उन्होंने डर की वजह से बैग खोलकर भी नहीं देखा। पुलिस ने जैसे ही बैग की जांच की तो उसमें सभी जेवर सुरक्षित मिले। इसके बाद फरियादी परिवार को थाने बुलाकर उनके गहने सौंप दिए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं से पूछताछ की गई लेकिन नीयत में कोई खोट नहीं पाया गया, इसलिए उन पर कोई कानूनी केस दर्ज नहीं किया गया है।

### इंजीनियर के सिर ....

और थाना प्रभारी उमेश गोलहनी मौके पर पहुंचे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। क्लेरिंस रांझी थाना क्षेत्र के बड़ा पत्थर इलाके का रहने वाला था। गुरुवार सुबह वह अपने 5 साल के बेटे को स्कूल छोड़कर घर लौट रहा था। जैसे ही वह शिव शक्ति क्लीनिक के पास पहुंचा, पीछे से बिना नंबर की काले रंग की बाइक पर सवार दो युवक उसके करीब आए और सिर पर गोली मार दी। कारण पता नहीं चल सका है।

### महंगी किताबों पर ...

सभी राज्य सरकारों और शिक्षा मंत्रालय को नोटिस जारी कर 30 दिन में रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने यह कार्रवाई नमो फाउंडेशन द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर की है। दरअसल, प्राइवेट स्कूल जानबूझकर प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबें लगवाते हैं, जो एनसीईआरटी के मुकाबले 10 गुना तक महंगी होती हैं, अब आयोग ने कहा है कि कक्षा 8 तक एनसीईआरटी/एससीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई जाएं?. आयोग ने शिक्षा मंत्रालय से भी पूछा है कि कक्षा 8 तक का सिलेबस, तय सरकारी मानकों से अलग क्यों है? शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 29 का हवाला देते हुए आयोग ने साफ किया कि ज्यादा किताबें और भारी बोझ लादने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### धर्मांतरण सहित विदेश...

काफी प्रयास के बाद भी आरोपी दाऊद अहमद की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस ने दाऊद की संपत्ति का ब्यौरा निकाला। इसी बीच पता चला कि उसका गांधी नगर में रिलायबल हाईटेक सिटी कॉलोनी में मकान है। लिहाजा, उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस गांधी नगर पहुंची। इसके बाद गांधी नगर पुलिस की मदद से दाऊद के रिलायबल हाईटेक सिटी पहुंचकर कुर्की की कार्रवाई शुरू की। दाऊद के घर कुर्की करवाई के समय दाऊद के पिता जावेद मौके पर मौजूद थे। आगरा पुलिस ने दाऊद अहमद के खिलाफ विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की है।

### आईएसआई आरोपियों ...

भट्टी साजिश के मास्टरमाइंड का हाथ है। उनके द्वारा इन्हें इस काम के लिए सुपारी दी गई थी। आरोपियों ने कबूला है कि दोनों ही आरोपी दिल्ली के होटल पर फायरिंग, ब्लास्ट की साजिश में थे। उन्हें लग्जरी लाइफ और विदेश भेजने का लालच दिया जाता था। हालांकि वारदात से पहले दिल्ली पुलिस ने उन्हें अरेस्ट कर लिया। बता दें पाकिस्तानी गैंगस्टर भट्टी पूरी साजिश का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। ये कई युवकों को शूटर बना चुका है। इन्होंने 9 अप्रैल को अमृतसर से हथियार लिए थे। लेकिन 11 अप्रैल को इनकी पिस्टल खराब हो गई थी। जिसके चलते ये चूक गए थे। विवेक बंजारा को ग्वालियर के डबरा और राजवीर को दिल्ली के सराय काले खान से गिरफ्तार किया था। भारत के खिलाफ इनको तैयार किया जा रहा था। हालांकि खुफिया एजेंसियों ने मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया कर दिया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली और मुहाली में हाल ही में जो घटनाएं हुई थी उसमें उसका हाथ था। आगे भी दोनों दिल्ली में बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे।

### एसीएस मंडलोई के....

समन्वय सहित अन्य कार्य शामिल हैं। सचिव कौशलेंद्र विक्रम सिंह को सीएम के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्रालय अथवा समत्व में मुलाकात, भेंट के समय पूर्व तैयारी, अधिकारियों से समन्वय सीएम द्वारा प्रतिदिन चिन्हित किए गए संवेदनशील समाचारों पर विभागों व जिला प्रशासन से समन्वय, विजिलेंस शाखा प्रभारी सहित अन्य कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों को भी कार्यों के दायित्व सौंपे गए हैं।

### नर्मदापुरम 43.8 पर...

दिन में पारा तीन डिग्री तक और बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में कोई प्रभावी सिस्टम नहीं होने और गर्म हवाओं का असर रहने से तापमान में बढ़त हो रही है। अगले 3 दिन में कई जिलों में तापमान 44 डिग्री या इससे अधिक तक रह सकता है।

### यहां भट्टी जैसे....

साथ न्यूनतम तापमान औसत सामान्य से एक डिग्री अधिक रहा है। औसत न्यूनतम पारा 22 डिग्री तक दर्ज किया गया है।


**राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड**
**NATIONAL SEEDS CORPORATION LTD.**
(भारत सरकार का उपक्रम–मिनी रत्न कम्पनी)
कॉरपोरेट पहचान संख्या (CIN): U74899DL1963GO1003913
क्षेत्रीय कार्यालय : ब्लॉक–एक्यू, प्लॉट–12, सेक्टर–5, सॉल्ट लेक, कोलकाता–700091
फोन: 033-2367-1077 / 74, ई–मेल : nsc.kolkata.ro@gmail.com

**सूचना / NOTICE**

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता ने, पूर्व गोदाम और F.O.R. के आधार पर ओडिशा राज्य के ब्लॉक स्तर के गंतव्यों तक प्रमाणित श्रेणी के प्याज बीज की विभिन्न किस्मों के ताजा तैयार उत्पाद की आपूर्ति के लिए अल्पावधि ई-निविदा सूचना अधिकतम 28.04.2026 को 13:30 बजे तक आमंत्रित करता है, जब सभी पैकिंग सामग्री निविदाकर्ता / आपूर्तिकर्ता द्वारा व्यवस्थित / प्रदान की जाएगी । विस्तृत विवरण के लिये निविदा सूचना के अन्तर्गत निगम की वेबसाइट www.indiaseeds.com देखें। शुद्धीपत्र / परिशिष्ट केवल निगम की वैबसाइट पर प्रकाशित होगी ।

National Seeds Corporation Ltd., (NSC), Regional Office, Kolkata (WB) invites Short term e-Tender Notice for Supply of fresh finished product of various varieties of certified category Onion seeds on Ex-Godwon and F.O.R Odisha (Up to Block Level destinations) basis, when all packing materials will be arranged / provided by the Tenderer / Supplier latest by 28.04.2026 by 13:30 hrs.
For details, please visit the Tender Section of Corporation's website www.indiaseeds.com, Corrigendum / Addendum will be published only on the NSC's website.

S/D क्षेत्रीय प्रबंधक, राष्ट्रीय बीज निगम, कोलकाता



**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी,**
**सामान्य वनमण्डल, अशोकनगर (म.प्र.)**

:- विज्ञप्ति -:

एतद् द्वारा श्री दामोदर प्रसाद आदिवासी पुत्र स्व.श्री काशीराम आदिवासी भृत्य ग्राम मनपुरा पोस्ट मनपुरा तहसील पिछोर जिला शिपुरी म.प्र. को सुचित किया जाता है कि आप दिनांक 01.07.2025 से लगातर बिना किसी सूचना पूर्व अनुमित के कर्तव्य से स्वेच्छापर्वक अनुधिकृत रूप से अनुपस्थित है एवं वनमण्डल कार्यालय के पत्र क्रमांक 3986 दिनांक 31.07.2025 से सुचित किया गया था कि आप अपने कर्तव्य पर उपस्थित होवें एवं पत्र क्रमांक 4952 दिनांक 30.09.2025 आपके, पते पर पत्र भेजा था किन्तु आप आज दिनांक तक अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हुऐ। एवं कर्तव्य से अनुपस्थित रहने के कारण कार्यलीयन आदेश क्रमांक 1807 दिनांक 15.12.2025 से आपको अनुपस्थित रहने तथा लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण म.प्र. सिविल सेवा आचरण (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 में विहित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर आपका मुख्यालय वनपरिक्षेत्र अशोकनगर किया गया था किन्तु आप आज दिनांक तक अपने मुख्यालय पर उपस्थित नहीं हुऐ।

अतः आप इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के अन्दर आधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति प्रस्तुत करें नियत् समयावधि में उपस्थित नहीं होने पर यह माना जावेगा कि आपने अनुपस्थित दिनांक से ही शासकीय सेवा छोड़ दी है तथा आपको सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की जावेगी समयावधि के तत्पश्चात् आप का कोई कथन/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल, अशोकनगर

जी -11943/26 स्वच्छता ही सेवा



**कार्यालय अधीक्षक सब जेल बेगमगंज जिला रायसेन (म.प्र.)**

क्रमांक 536/ निर्वाह / 2026 बेगमगंज, दिनांक 18/04/2026

-:: ई-टेण्डरिंग द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना :: -
वार्षिक ठेका वर्ष 2026-27

सब जेल बेगमगंज में परिरूद्ध बंदियों के उपयोग में लगने वाली सामग्री खाद्यान्न सामग्री / सब्जी एवं फल / स्वच्छता, विधुत, भवन निर्माण सामग्री एवं स्टेशनरी / सभी प्रकार की जैनरिक, ब्राण्डेड दवाईयां सामग्री की आपूर्ति हेतु म.प्र. जेल आपूर्ति नियम 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम 2015 (यथा संधोहित 2022) के अंतर्गत वार्षिक निविदाएं ऑनलाईन ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 09/05/2026 को सायंकाल 05:30 बजे तक बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक व्यापारीगण निविदा का विवरण www.mptenders.gov.in पर प्राप्त कर सकते है।

सहायक जेल अधीक्षक
सब जेल बेगमगंज
जिला रायसेन म.प्र.

जी - 11958/26 स्वच्छा ही सेवा है।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग बुधनी जिला सीहोर (म.प्र)**
**मेन रोड बुधनी फोन नं. 07564-235305**

निविदा सूचना कमांक 01/2026-27/व.ले.लि./बुधनी, दिनांक 21/04/2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. स | टेण्डर कमांक | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाखों में) | अमानत राशि (EMD) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आमंत्रण क्र. | ई.एम.डी एवं निविदा से सम्बन्धित अन्य दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_501504_1 | विशेष मजबूती करण | सैनिक स्कूल सी.सी. पहुँच मार्ग (छूटी हुई लम्बाई) 0.280 कि.मी. | 127.02 | 127020.00 | 06 माह वषार्काल सहित | द्वितीय | निविदा से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज एवं ई.एम.डी. केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होगे। |
| | | | कार्य की अधिकतम लागत (रू. लाख में) | 127.02 | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय (Document Download/Sale End Date) करने की अंतिम तिथि 08.05.2026 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रमुख अभियंता लो.नि.वि. भोपाल का पत्र क्रं. 401/सा./ई-टेण्डरिंग/09/1088/ भोपाल/दिनांक 05.11.2020 द्वारा निविदा से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज एवं ई.एम.डी. केवल ऑनलाइन ही स्वीकार्य होगे।

कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.वि.सं. बुधनी म.प्र.
07564-23530

जी -11931/26 स्वच्छता ही सेवा





R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14/04/26, 01/05/26



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473




### नाम परिवर्तन

मैं मुकेश कुमार यादव पुत्र श्री गंगाराम यादव आयु 42 वर्ष निवासी-ग्राम कोलू खेड़ी, पंचायत पीपल्याबाग, पोस्ट सोनकच्छ, तह. नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, म.प्र. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड मे त्रुटिवश उसका नाम माया (MAYA) पुत्री मुकेश यादव (MUKESH YADAV) दर्ज हो गया है जो कि गलत हैं। मेरी पुत्री का सही नाम व सरनेम माया यादव (MAYA YADAV) पुत्री श्री मुकेश यादव (MUKESH YADAV) है जो सही एवं सत्य है इसी नाम व सरनेम से पहचानी जाती है।
शपथ पत्र क्रमांक DF 849635


हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट उपलब्ध है
भोपाल की सबसे ज्यादा विकासशील लोकेशन
संपर्क- 9755600569, 8200502943, 7748022609

अयोध्या बायपास
10 लेन रोड और 66 फीट मेन रोड महोली खोजड़ा की प्राईम लोकेशन में डायवर्शन, सर्वसुविधायुक्त,
पीपुल्स मॉल, पीपुल्स हास्पीटल, मीनाल मॉल और मेन मार्केट के नजदीक


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — करियर में नई चुनौतियां स्वीकार करने का मौका मिलेगा, मेहनत से तरक्की संभव है। आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च से बचें।

**वृष** — काम में धैर्य से सफलता मिलेगी, व्यापार में अच्छे सौदे हो सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताना फायदेमंद रहेगा।

**मिथुन** — चंद्रमा मिथुन से कर्क की ओर जाने से भावनाओं में उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन गुरु का प्रभाव बुद्धिमत्ता बढ़ाएगा। प्रेम में उत्साह और रोमांस रहेगा।

**कर्क** — करियर में मेहनत की जरूरत पड़ेगी, लेकिन परिणाम सकारात्मक रहेंगे। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। प्रेम संबंधों में संवाद बढ़ाएं, गलतफहमियां दूर होंगी।

**सिंह** — आज नेतृत्व और आत्मविश्वास का दिन होगा। चंद्रमा सिंह में प्रवेश करने से ऊर्जा और रचनात्मकता बढ़ेगी। दिन शानदार रहेगा।

**कन्या** — नौकरी में छोटे बदलाव या नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। निवेश सावधानी से करें। परिवार में शांति और समझ बनी रहेगी।

**तुला** — करियर में टीम वर्क फायदेमंद रहेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। परिवार के साथ समय बिताना सुखद होगा। प्रेम जीवन में रोमांस और खुशियां रहेंगे।

**वृश्चिक** — करियर में कड़ी मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक दृष्टि से दिन मिश्रित रहेगा। परिवार में छोटी बहस से बचें, संयम रखें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।


**धनु** — आज भाग्य और ऊर्जा का दिन रहेगा। गुरु का प्रभाव नई प्रेरणा देगा। करियर और व्यापार में प्रगति होगी, आर्थिक लाभ अच्छा रहेगा।

**मकर** — करियर में उपलब्धियां हासिल होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। परिवार में सम्मान और सहयोग बढ़ेगा। प्रेम में गंभीरता और विश्वास दिखाएं।

**कुंभ** — आर्थिक पक्ष अनुकूल रहेगा। मित्रों और सामाजिक दायरे से सहयोग मिलेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। प्रेम जीवन में रोमांच रहेगा।

**मीन** — करियर में भावनात्मक बुद्धि काम आएगी। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। परिवार में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा। प्रेम जीवन में गहराई और समझ आएगी।

## शब्द पहेली - 6205



**बाएँ से दाएं-**
1.ईश्वर, करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2, 1, 2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत, दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन, पगार-3
16.मनोनीत, नामकृत-3
18.बंधक, गिरवी वस्तु-3
20.निशा, रात्री-3
22.वचन, प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य, कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार, फटकार-3
30.हवा, पवन-3
31.झाझर, कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर, भूत-2
40.परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान, खजांची-3
4.पैगंबर, रसूल-2
5.झूठ, मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम, मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा, दोस्त-2
18.मजा, आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः, वापस-2
27.मर्करी, पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त, टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा, विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

**शब्द पहेली -6204 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6215

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6214 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## खबर संक्षेप

### आरबीआई का मेगा ऑक्शन आज

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने बाजार से कर्ज जुटाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मुताबिक सरकार 24 अप्रैल 2026 को सरकारी सिक्योरिटीज की नीलामी करने जा रही है। इस नीलामी के जरिए कुल 32,000 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें नए बॉन्ड्स जारी करने के साथ-साथ पुराने बॉन्ड्स को फिर से जारी करना भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई ने इस नीलामी को चार अलग-अलग हिस्सों में बांटा है।

### अंबा ऑटो का आईपीओ 27 को खुलेगा

**मुंबई।** अंबा ऑटो सेल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड ने अपना इनिशियल पब्लिक ऑफर सोमवार 27 अप्रैल 2026 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य अपर प्राइस बैंड पर 65.12 करोड़ रुपए जुटाने का है । यह इश्यू 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 48,24,000 इक्विटी शेयरों का है, जिसका प्राइस बैंड 130 से 135 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। यह इश्यू सोमवार 27 अप्रैल 2026 को खुलेगा और बुधवार 29 अप्रैल 2026 को बंद होगा।

### फ्लिपकार्ट ने टैक्सटाइल्स के क्षेत्र में विस्तार किया

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट ने अपने सर्कुलर इकोनॉमी अभियानों का विस्तार फैशन सेक्टर में किया है। फ्लिपकार्ट की री-कॉमर्स शाखा, फ्लिपकार्ट रीसेट के अंतर्गत टैक्सटाईल सर्कुलेटरी अभियान सर्कुलर इकोनॉमी के प्रयासों को आगे बढ़ाएगा। ग्राहक 'स्वैप ऑन जीन्स' प्रोग्राम द्वारा खरीदी के समय अपने पुराने डेनिम बॉटमवियर एक्सचेंज कर सकते हैं। यह एक्सचेंज फ्लिपकार्ट के लास्ट-माईल डिलीवरी नेटवर्क की मदद से एक सुगम डोरस्टेप मॉडल द्वारा संभव होगा।

### हिमालया बेबीकयर ने लांच की नई डीवीसी

**इंदौर।** हिमालया बेबीकेयर, जिसे बच्चे बहुत पसंद करते हैं, ने हिमालया बेबी मसाज ऑयल के लिए नया डीवीसी जारी किया है जो बचपन के शुरुआती दौर पर एक ताजगी भरा दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है और माता-पिता को याद दिलाता है कि शिशु होना जितना आसान दिखता है, उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है। हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर निदेशक एनवी चक्रवर्ती ने कहाकि शिशु की मालिश एक समय की कसौटी पर खरी उतरी परंपरा है।

### सुप्रिया को यूएसएफडीए ईआईआर मिला

**मुंबई।** सुप्रिया लाइफसाइंस लिमिटेड ने घोषणा की कि अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने महाराष्ट्र के लोटे परशुराम में स्थित इसकी एपीआई सुविधा के लिए 'स्वैच्छिक कार्रवाई सूचित' (वीएआई) वर्गीकरण के साथ एक स्थापना निरीक्षण रिपोर्ट (ईआईआर) जारी की है। इसके साथ ही हाल का निरीक्षण चक्र सफलतापूर्वक समाप्त हो गया है। यह निरीक्षण 2 से 6 फरवरी 2026 के बीच आयोजित किया गया था। निरीक्षण के समापन पर यूएसएफडीए ने एक मामूली अवलोकन के साथ फॉर्म 483 जारी किया था।


### आईएचसीएल ने पोर्टफोलियो में प्रतिबद्धता दोहराई

**मुंबई।** इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) ने अपने पोर्टफोलियो में जिम्मेदारी के साथ रिसोर्स मैनेजमेंट (संसाधन प्रबंधन) के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। अपने ईएसजी प्लस फ्रेमवर्क 'पथ्य' के मार्गदर्शन में आईएचसीएल अपने परिचालन की मूल में संवहनीयता को शामिल करना जारी रखे हुए है, जिससे पर्यावरण प्रबंधन पुख्ता होगा और दीर्घकालिक मजबूती को सहयोग मिलेगा। आईएचसीएल के मानव संसाधन के कार्यकारी उपाध्यक्ष गौरव पोखरियाल ने कहाकि आज, सस्टेनेबिलिटी महज चंद पहलकदमियों का समूह भर नहीं रह गई है बल्कि उससे बढ़कर कारोबार चलाने का एक मुख्य अनुशासन बन गई है।

# 3700 एकड़ में प्रस्तावित 'नॉलेज एंड एआई सिटी' के लिए आरएफपी जारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में प्रस्तावित नॉलेज एंड एआई सिटी की प्रक्रिया अब अगले प्रशासनिक चरण में प्रवेश कर गई है। 'कमाल का भोपाल' अभियान




के तहत लंबे समय से उठाए गए इस विजन को राज्य ने 13 नवंबर 2025 को औपचारिक गति दी, तथा भोपाल में नॉलेज एंड एआई सिटी विकसित करने की घोषणा की गई। इसके बाद भोपाल विकास प्राधिकरण ने भौंरी, एयरपोर्ट क्षेत्र के पास, लगभग 3700 एकड़ में प्रस्तावित 'नॉलेज एंड एआई सिटी' के लिए ईओआई जारी किया, जिसमें शहरी नियोजन, डिज़ाइन, इंफ्रास्ट्रक्चर, अकादमिक संस्थानों और कंसोर्टियम्स से भागीदारी आमंत्रित की गई।

### भोपाल नॉलेज एंड एआई सिटी के लिए मास्टर प्लान निर्माण का चरण शुरू

#### डेटा सेंटर, ऊर्जा और फाइबर नेटवर्क को एकीकृत मॉडल में आगे बढ़ाया जा रहा

क्रेडाई का कहना है कि ताजा जारी ई-निविदा इस बात का संकेत है कि परियोजना की अवधारणा एआई सिटी के मास्टर प्लान निर्माण के ठोस चरण में पहुंच चुकी है। भौंरी स्थित नॉलेज एंड एआई सिटी के लिए मास्टर प्लान तैयार करने के लिए सलाहकार चयन के लिए आरएफपी आमंत्रित किया गया है। इससे यह साफ़ है कि अब परियोजना को विजन से आगे बढ़ाकर योजना, सर्वे, व्यवहार्यता, डीपीआर और क्रियान्वयन संरचना की दिशा में ले जाया जा रहा है। यह प्रगति ऐसे समय में हो रही है जब देश में समान प्रकृति की टेक-आधारित शहरी परियोजनाओं की दौड़ तेज़ है। कर्नाटक ने बिदादी में एआई-आधारित नई आईटी इंटीग्रेटेड सिटी की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, जबकि विशाखापट्टनम में गूगल एआई हब की घोषणा के साथ एआई इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर क्षमता, ऊर्जा और फाइबर नेटवर्क को एकीकृत मॉडल में आगे बढ़ाया जा रहा है। आंध्रप्रदेश की राजधानी अमरावती अब क्वांटम इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है। इसी बीच इंडियाएआई मिशन के तहत 38,000 से अधिक जीपीयू कॉमन कम्प्यूट सुविधा के लिए ऑनबोर्ड किए जा चुके हैं। इसका सीधा अर्थ है कि अब प्रतिस्पर्धा कम्प्यूट, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, टैलेंट और संस्थागत तैयारी की है।

### भोपाल हो सकता है भारत के उभरते नॉलेज-एंड-एआई लैंडस्केप में विश्वसनीय केंद्र के रूप में स्थापित

'कमाल का भोपाल' अभियान के फाउंडर मनोज मीक का मानना है कि इस परियोजना को शिक्षा, शोध, स्टार्टअप, एआई, क्वांटम इंफ्रा, जीसीसी, डेटा और गवर्नेंस-टेक के इंटीग्रेटेड मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट मॉडल के रूप में देखना चाहिए। अब अगला फोकस समयबद्ध सलाहकार चयन, ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर पहले, एंकर संस्थानों की पहचान, हरित ऊर्जा, जल सुरक्षा, फाइबर नेटवर्क और मासिक समीक्षा तंत्र पर होना चाहिए। यदि अपेक्षित प्रगति बनी रही तो भोपाल भारत के उभरते नॉलेज-एंड-एआई लैंडस्केप में एक गंभीर और विश्वसनीय केंद्र के रूप में स्थापित हो सकता है।

## चेकपोस्ट को लेकर 'एआईएमटीसी और आईटीओटीए' का ऐलान

# मुख्यमंत्री के 'सुशासन' के संकल्प को जारी रखने हम जाएंगे हाईकोर्ट की डबल बेंच में

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद बंद किए गए परिवहन चेक पोस्टों को जबलपुर हाईकोर्ट द्वारा 30 दिनों के भीतर पुनः प्रारंभ करने के आदेश के बाद ट्रांसपोर्टर समुदाय में भारी असंतोष है। ट्रांसपोर्टर्स ने इस फैसले को चुनौती देने और ऊपरी अदालत का रुख करने की घोषणा की है। ट्रांसपोर्टर संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहाकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 'सुशासन' के संकल्प को जारी रखने के लिए हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ एआईएमटीसी और आईटीओटीए उच्च न्यायालय की ऊपरी अदालत की शरण में जाएगें।

ज्ञात हो कि जस्टिस विशाल मिश्रा की एकल पीठ ने 22 अप्रैल 2026 को ओवरलोडिंग रोकने और सड़क सुरक्षा के बहाने अंतरराज्यीय चेक पोस्ट को फिर से स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद मध्यप्रदेश सहित देशभर के ट्रांसपोर्टरों में




खलबली मची गई और ट्रांसपोर्टरों के संगठन ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) एवं इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईटीओटीए) ने इस आदेश के खिलाफ हो गए और आदेश को लेकर डबल बेंच की शरण में जाने की तैयारी में जुट गए हैं। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा चेक पोस्ट खत्म करने के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि जब केंद्र स्तर पर डिजिटल सिस्टम की ओर बढ़ा जा रहा है, तो चेक पोस्ट फिर शुरू करना गलत है। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने इस आदेश को तर्कसंगत नहीं



माना है और कहा है कि वे इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील करेंगे। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि चेक पोस्ट बंद होने से पहले वहां आरटीओ कर्मियों द्वारा भारी अवैध वसूली, अनावश्यक रोक-टोक और उत्पीड़न होता था। परिवहन चेक पोस्टों को पुनः प्रारंभ करने के आदेश के विरोध में ट्रांसपोर्टरों ने अब कानूनी लड़ाई तेज करने का निर्णय लिया है। ट्रांसपोर्टर संगठनों का मानना है कि इस निर्णय से राज्य में माल ढुलाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। इसी कारण वे न्यायालय की डबल बेंच में रिवीजन पिटीशन के माध्यम से आदेश पर पुनर्विचार की मांग करेंगे।

### मुख्यमंत्री से मिली ट्रांसपोर्टरों को बड़ी राहत हम वापस छीनने नहीं देंगे

उन्होंने कहाकि पूर्व में चेक पोस्टों पर चेकिंग के नाम पर घंटों जाम लगा रहता था। इससे न केवल कीमती समय की बर्बादी होती थी, बल्कि वाहन चालकों को भारी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती थी। चेक पोस्ट बंद होने से चालकों और ट्रांसपोर्टरों को बड़ी राहत मिली थी, जिसे हम वापस छीनने नहीं देंगे। हम न्यायालय के समक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत करेंगे जिनमें पूर्व में एक परिवहन सिपाही से करोड़ों की संपत्ति, 52 किलो सोना और 250 किलो चांदी बरामद हुई थी। साथ ही हाल ही में लोकायुक्त द्वारा की गई कार्रवाई और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा अवैध वसूली पर लिखे गए पत्र को भी आधार बनाया जाएगा।

### उच्च न्यायालय की डबल बेंच में रिवीजन पिटीशन दायर करेंगे

एआईएमटीसी के मैनजटिंग कमेटी मेंबर अमरजीत सिंह बग्गा, राजेंद्र सिंह त्रेहन, विजय कालरा, राकेश तिवारी, कपिल शर्मा हरीश डाबर ने कहाकि 1 जुलाई 2024 को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा चेक पोस्ट बंद करने का निर्णय मध्य प्रदेश में 'सुशासन' और 'पारदर्शी परिवहन व्यवस्था' की स्थापना की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम था। इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हम उच्च न्यायालय की डबल बेंच में रिवीजन पिटीशन दायर करेंगे।

### बिरला ने चौथा आरएमसी प्लांट स्थापित किया

**वाराणसी।** बिरला कॉर्पोरेशन ने वाराणसी में अपना चौथा रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट शुरू किया है, जो उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते बुनियादी ढांचे के विकास का समर्थन करेगा।

यह विस्तार क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करता है और उच्च गुणवत्ता वाले कंक्रीट की कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करता है। तमाल पाल, प्रेसिडेंट, आरएमसी बिजनेस हेड और कॉर्पोरेट डेवलपमेंट, बिरला कॉर्पोरेशन ने कंपनी के चौथे आरएमसी प्लांट का उद्घाटन करते हुए कहा। उन्होंने कहाकि एमपी बिरला सीमेंट के 'परफेक्ट प्लस' ब्रांड ने विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है, और नए आरएमसी प्लांट का 'परफेक्ट प्लस कंक्रीट' उसी विशेषज्ञता और उच्च गुणवत्ता का ही विस्तार है।

### अमेजन का बड़ा निवेश, लॉजिस्टिक्स और कर्मचारियों पर होगा 2,800 करोड़ रु. खर्च

**2030 तक एआई, डिजिटल टेक्नोलॉजी, रोजगार के क्षेत्र में 35 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च करने वाली है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेजन इंडिया ने गुरुवार को घोषणा की,कि वह अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत करने और कर्मचारियों की सुरक्षा व सुविधा बढ़ाने के लिए 2,800 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करेगा। कंपनी का यह निवेश उसके बड़े प्लान का हिस्सा है, जिसके तहत वह 2030 तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल टेक्नोलॉजी, एक्सपोर्ट और रोजगार के क्षेत्र में 35 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च करने वाली है।

#### नेटवर्क को और मजबूत करने की तैयारी

अमेज़न इंडिया अपने फुलफिलमेंट सेंटर, सॉर्टेशन हब और डिलीवरी स्टेशनों को और बढ़ाने और अपग्रेड करने की योजना बना रही है। इससे खासकर छोटे शहरों यानी टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिलीवरी की स्पीड और क्षमता बढ़ेगी। कंपनी अपने क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन नाऊ का भी विस्तार कर रही है, जो पहले से कई बड़े शहरों में सक्रिय है और मिनटों से लेकर कुछ दिनों में डिलीवरी की सुविधा देता है। अमेजन ने 2025 में भी करीब 2,000 करोड़ रुपए का निवेश किया था, जिसके तहत 17 नए फुलफिलमेंट सेंटर, 6 सॉर्टेशन सेंटर और 75 डिलीवरी स्टेशन शुरू किए गए थे। इसके अलावा 300 से ज्यादा माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर भी बनाए गए हैं। कंपनी ने कहा है कि उसके नेटवर्क की सबसे बड़ी ताकत उसके कर्मचारी हैं।

### टोयोटा किर्लोस्कर ने किया मप्र में टी-टीईपी का शुभारंभ

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी सीएसआर पहल के तहत युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देते हुए बीएसएफ पॉलिटेक्निक, सीएसएमटी टेक्नपुर में टोयोटा टेक्निकल एजुकेशन प्रोग्राम (टी-टीईपी) की शुरुआत की है।

यह पहल वित्तीय वर्ष 2025-26 के सीएसआर कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश में ऑटोमोटिव सेक्टर के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन आनंद प्रताप सिंह (अतिरिक्त महानिदेशक एवं निदेशक, बीएसएफ अकादमी), राजेश कुमार, डॉ. सी. पी. मीना और



अभिजीत अत्रे सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। नए टी-टीईपी सेंटर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग जैसे दो प्रमुख ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी वार्षिक क्षमता 279 छात्रों की है, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को इंडस्ट्री-स्टैंडर्ड ऑटोमोटिव ट्रेनिंग मिल सकेगी।

## ईंधन की कमी को दूर करने के लिए केंद्र सरकार का प्रयास

# 41 बायोगैस सिलेंडर भरने और स्टोरेज प्लांट्स को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने बताया कि 41 बायोगैस सिलेंडर भरने और स्टोरेज प्लांट्स को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 14 प्लांट्स को लाइसेंस भी जारी कर दिया गया है। एक आधिकारिक बयान में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस और कंप्रेस्ड बायोगैस स्टेशन के लिए कुल 467 आवेदन मिले थे, जिन्हें




25 मार्च से 21 अप्रैल के बीच प्राथमिकता के आधार पर निपटाया गया। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार इन 467 मामलों में से 157 को अंतिम लाइसेंस मिला, जबकि 38 मामलों में नए सीएनजी/सीबीजी स्टेशनों के निर्माण के लिए पूर्व मंजूरी दी गई।

### *सुपीरियर केरोसीन ऑयल के अस्थायी भंडारण में छूट*

*सुपीरियर केरोसीन ऑयल (एसकेओ) के अस्थायी भंडारण में छूट दी गई है, जिससे 2,500 लीटर तक स्टोरेज की अनुमति मिली है और एक बार के लिए 5,000 लीटर तक की छूट दी गई है, ताकि पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) के तहत अंतिम उपभोक्ता तक आपूर्ति जारी रहे। पीईएसओ ने 20 मार्च को निर्देश जारी किए कि सीएनजी स्टेशनों और डिकंप्रेशन यूनिट्स से जुड़े आवेदनों को 10 दिनों के भीतर निपटाया जाए, ताकि इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से विकसित हो सके। जल्द आपूर्ति की समस्या को दूर करने के लिए 14 मार्च को पोरबंदर जेट्टी पर एलपीजी उतारने की अनुमति भी दी गई।*


## कार्यालय नगर परिषद भौंरासा, जिला-देवास (म.प्र.)

cmobhorsa@mpurban.gov.in

जा. क्र. / 249 / न. प./ 2026 — भौंरासा, दिनांक-21/04/2026

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | (निर्माण/प्रदाय) कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_501968_1 21/04/2026 | मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोरंचना निर्माण योजना (सी. एम. मॉनिट A+) अंतर्गत वार्ड क्र. 06 में भंवरनाथ सौन्दर्यीकरण निर्माण कार्य | कार्यादेश से 2 माह 22.06 लाख | 5000/- 16500/- | 22/05/2026 |
| 2 | 2026_UAD_501979_1 21/04/2026 | विशेष निधि अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सी सी रोड निर्माण कार्य | कार्यादेश से 6 माह 43.05 लाख | 5000/- 32290/- | 22/05/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर परिषद् भौंरासा**
**जिला देवास म.प्र**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् भौंरासा**
**जिला देवास म.प्र.**


## बिजनेस न्यूज

### अल्ट्राटेक ने 200 मिलियन टन सीमेंट उत्पादन क्षमता का आंकड़ा पार किया

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** आदित्य बिरला समूह की प्रमुख सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने भारत में 20 करोड़ टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से अधिक की स्थापित सीमेंट उत्पादन क्षमता का




आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने तीन नई सीमेंट पिसाई इकाइयों का शुभारंभ किया है, जिनकी कुल क्षमता 8.7 एमटीपीए है। इसके साथ ही, अल्ट्राटेक चीन को छोड़कर बिक्री मात्रा और क्षमता के मामले में विश्व की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बन गई है । शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश), पतरातु (झारखंड) और विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में स्थित तीन नई सीमेंट पीसने वाली इकाइयां क्षेत्रीय आपूर्ति को मजबूत करने के लिए रणनीतिक रूप से स्थापित की गई हैं। आदित्य बिरला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिरला ने कहाकि एक दशक से भी पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मेक इन इंडिया' के माध्यम से एक निर्णायक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था, हमारे देश की विनिर्माण महत्वाकांक्षा को पुनर्जीवित करने और इसे वैश्विक स्तर पर ले जाने का आह्वान, ताकि यह विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता का चालक बन सके। इसके लिए उद्देश्य की निरंतरता और क्रियान्वयन की स्पष्टता आवश्यक है। और अल्ट्राटेक इस क्षण को सभी हितधारकों के लिए स्थायी मूल्य में बदलने के लिए पूर्णतः सक्षम है।

### बिटडेल्टा ने पेश की इंस्टीट्यूशनल ग्रेड की डिजिटल असेट सुविधाएं

**भोपाल।** बिटडेल्टा इंडिया नाम का एक नया क्रिप्टो ट्रेडिंग एप भारत में शुरू हो गया है। इस कंपनी के लिए आपकी सुरक्षा और सुविधा सबसे ज्यादा जरूरी है। सबसे अच्छी बात यह है कि इन्होंने भारत सरकार की एफआईयू-इंड संस्था के साथ रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसका मतलब है कि यहां आपका पैसा और जानकारी पूरी तरह सुरक्षित और कानूनी है। इनका लक्ष्य यही है कि भारतीय लोग बिना किसी डर के और सही तरीके से क्रिप्टो में निवेश कर सकें।



अब भारतीयों के पास ट्रेडिंग के लिए एक भरोसेमंद और पक्का ठिकाना है। बिटडेल्टा इंडिया के सीईओ विकास एम सचदेवा ने कहाकि भारत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते क्रिप्टो बाजारों में से एक है। यहां करीब 11.9 करोड़ लोग रजिस्टर्ड हैं और अब बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों (टियर-2 और टियर-3) के लोग भी इसमें खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। हमने 'बिटडेल्टा इंडिया' को इसी बदलाव को ध्यान में रखकर बनाया है। हमारा पूरा ढांचा सुरक्षा और सरकारी नियमों पर टिका है, ताकि हमारे यूजर्स पूरे आत्मविश्वास के साथ और बिना किसी चिंता के निवेश कर सकें।

### एप्रोच एंटरटेनमेंट ने लांच किया फ्लैगशिप सेलिब्रिटी मैनेजमेंट कोर्स

**मुंबई।** एप्रोच एंटरटेनमेंट एंड कम्युनिकेशंस अकादमी ने अपने फ्लैगशिप सेलिब्रिटी मैनेजमेंट कोर्स की शुरुआत की घोषणा की है। यह खास कोर्स सेलिब्रिटी मैनेजमेंट, एंटरटेनमेंट और मीडिया इंडस्ट्री में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं को तैयार करने के लिए बनाया गया है। एप्रोच एंटरटेनमेंट भारत की एक प्रमुख और अवॉर्ड-विनिंग कंपनी है, जो सेलिब्रिटी मैनेजमेंट, फिल्म प्रोडक्शन, एडवरटाइजिंग फिल्म्स, फिल्म मार्केटिंग और इवेंट्स के क्षेत्र में काम करती है। यह कंपनी बॉलीवुड, साउथ इंडस्ट्री, स्पोर्ट्स और हॉलीवुड के कई बड़े सेलिब्रिटीज के साथ भी काम कर चुकी है। यह 3 महीने का इंटेंसिव और जॉब-ओरिएंटेड कोर्स ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में उपलब्ध होगा, ताकि छात्र और कामकाजी प्रोफेशनल्स आसानी से इसमें भाग ले सकें। इस कोर्स में प्रैक्टिकल सीखने और रियल-लाइफ अनुभव पर खास ध्यान दिया जाएगा जिससे प्रतिभागी सेलिब्रिटी मैनेजमेंट, ब्रांड डील्स और इंडस्ट्री के कामकाज को समझ सकें।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा

### ई. निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/1993 to 2000/लोक निर्माण शाखा/2026 — विदिशा दिनांक 17/04/2026

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाआ का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | निविदा क्रं. | ई. टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई. निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1993 | 2026_UAD_501833_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 08 toppura various streets. | I call | 1146352.00 | 8598.00 | 2000.00 | 06 month | 25/05/2026 |
| 2 | 1094 | 2026_UAD_501842_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 17 Planet gym to bansal agrawal house vidisha | I call | 635288.00 | 6353,00 | 2000.00 | 03 month | 6/5/2026 |
| 3 | 1995 | 2026_UAD_501865_1 | Construction work of boundarywall at ward no 33 mirzapur harijan mohalla jind baba mandir to hanuman mandir vidisha | I call | 626841.00 | 6268.00 | 2000.00 | 03 month | 6/5/2026 |
| 4 | 1996 | 2026_UAD_501879_1 | Construction work of RCC Drain at ward no 39 kuber sing jat house to kashiram mahavar house vidisha | I call | 425279.00 | 4253.00 | 2000.00 | 03 month | 6/5/2026 |
| 5 | 1997 | 2026_UAD_501881_1 | Construction of asphalt work at ward no 15sonu prajapati house to mayank sharma house vidisha | I call | 566471.00 | 5665.00 | 2000.00 | 03 month | 6/5/2026 |
| 6 | 1998 | 2026_UAD_501887_1 | Construction asphalt work at ward no 15 sonkar bhawan to amit chourasiya house vidisha | I call | 771030.00 | 7710.00 | 2000.00 | 03 month | 6/5/2026 |
| 7 | 1999 | 2026_UAD_501902_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 21 lal singh Rajput house to munim ji house. | I call | 224674.00 | 2247.00 | 2000.00 | 03 month | 6/5/2026 |
| 8 | 2000 | 2026_UAD_501906_1 | Construction work of RCC drain and culvert at ward no 29 khari phatak bridge to Chadami lal ahirwar house visdisha | I call | 3143808.00 | 23579.00 | 5000.00 | 06 month | 25/05/2026 |


1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड़, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद विदिशा**

चिंतन

# रिकॉर्ड मतदान परिपक्व लोकतंत्र का संकेत

हाल के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में जिस तरह रिकॉर्ड मतदान दर्ज हुआ है, उसने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों की मजबूती को एक बार फिर प्रमाणित किया है। दोनों राज्यों के लोगों ने वोटिंग में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बंगाल में लगभग 90 प्रतिशत और तमिलनाडु में 82 प्रतिशत मतदान हुआ। तमिलनाडु में पहली बार मतदाताओं ने इतनी बड़ी संख्या में वोट डाले। यह प्रमाणित करता है कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ें बेहद मजबूत हैं। ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह उस बढ़ती राजनीतिक चेतना का संकेत हैं, जो अब समाज के हर वर्ग तक पहुंच चुकी है। लोकतंत्र की असली ताकत नागरिकों की भागीदारी में निहित होती है। जब अधिक से अधिक लोग मतदान करते हैं, तो यह स्पष्ट संदेश जाता है कि जनता अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक है। लोग अपने मत के महत्व को समझने लगे हैं और उसका प्रयोग कर अपने मन व हितों को समझने वाले जनप्रतिनिधि के चुनाव के लिए कर रहे हैं। बंगाल में एक चरण का मतदान हो चुका है, अब उम्मीद है कि अगले चरण में भी रिकॉर्ड तोड़ मतदान होगा। बड़ी संख्या में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की राय भी चुनाव परिणाम में परिलक्षित होगी। लंबे समय तक यह चिंता जताई जाती रही कि शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम रहता है या युवा वर्ग राजनीति से दूरी बनाए रखता है। इस बार के आंकड़े इस धारणा को काफी हद तक तोड़ते नजर आते हैं। खासतौर पर पहली बार वोट डालने वाले युवाओं की सक्रियता इस बदलाव का महत्वपूर्ण पहलू है। उच्च मतदान के पीछे कई कारण हो सकते हैं। एक तरफ जहां राजनीतिक दलों की सक्रियता और चुनावी मुद्दों की तीव्रता मतदाताओं को मतदान केंद्र तक खींचती है, वहीं दूसरी ओर मतदाता सूचियों में सुधार भी एक अहम कारक है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) के बाद सूचियों को अधिक सटीक बनाया गया है, जिससे फर्जी, या निष्क्रिय, दूसरी जगह स्थानांतरित हो चुके लोगों के नामों को हटाया गया। इसका सीधा असर मतदान प्रतिशत पर पड़ा है, क्योंकि अब वास्तविक मतदाताओं की भागीदारी ज्यादा स्पष्ट रूप से सामने आ रही है। असम, केरल और पुडुचेरी में भी हाल के चुनावों में रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया। यह प्रवृत्ति बताती है कि देशभर में मतदाता अब पहले की तुलना में अधिक सजग और सक्रिय हो रहे हैं। यह केवल चुनावी उत्साह नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था का संकेत है। रिकॉर्ड मतदान का एक बड़ा लाभ यह है कि इससे चुनी गई सरकारों की वैधता और स्वीकार्यता बढ़ती है। जब बड़ी संख्या में लोग मतदान करते हैं, तो यह सरकार को व्यापक जनादेश प्रदान करता है। इसके परिणामस्वरूप सरकारों पर यह दबाव भी बनता है कि वे किसी एक वर्ग या समुदाय के बजाय सभी के हितों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाएं। इस तरह उच्च मतदान सामाजिक समावेशन और संतुलित विकास को भी बढ़ावा देता है। यदि यह जागरूकता मतदान के बाद भी बनी रहती है, तभी लोकतंत्र वास्तव में परिपक्व कहा जा सकता है। कुल मिलाकर बंगाल और तमिलनाडु में हुआ रिकॉर्ड मतदान भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता और मजबूती का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि देश का मतदाता अब पहले से अधिक जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय हो चुका है। इस उत्साह को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि चुनावी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाया जाए। तभी यह कहा जा सकेगा कि भारत का लोकतंत्र न केवल विशाल है, बल्कि वास्तव में परिपक्व भी है।



दिवस विशेष
बलकार सिंह पूनियां

# खामोशी से बदलता ग्रामीण भारत

> भारत में पंचायती राज प्रणाली देश की शासन संरचना का एक अनूठा और अपरिहार्य हिस्सा है, जिसे सत्ता के विकेंद्रीकरण को सुनिश्चित करने और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली भारत की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्थाओं में निहित है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल स्थानीय लोकतंत्र को बढ़ावा देती है, बल्कि सहभागी शासन को भी सशक्त बनाती है और जमीनी स्तर पर जनता की आवाज को प्राथमिकता प्रदान करती है। भारत की सनातन संस्कृति में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की समृद्ध परंपरा रही है। आज भी महिलाएं इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं।

भारत में पंचायती राज प्रणाली देश की शासन संरचना का एक अनूठा और अपरिहार्य हिस्सा है, जिसे सत्ता के विकेंद्रीकरण को सुनिश्चित करने और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली भारत की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्थाओं में निहित है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल स्थानीय लोकतंत्र को बढ़ावा देती है, बल्कि सहभागी शासन को भी सशक्त बनाती है और जमीनी स्तर पर जनता की आवाज़ को प्राथमिकता प्रदान करती है। "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः"—भारत की सनातन संस्कृति में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की समृद्ध परंपरा रही है। आज भी महिलाएं इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं, जिससे नारी सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय निरंतर विस्तार पा रहा है। भारतीय लोकतंत्र की असली ताकत उसके गांवों में निहित है और इन गांवों की शासन व्यवस्था को सशक्त बनाने में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

73वें संविधान संशोधन (1992) के लागू होने के बाद, जब पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिला और महिलाओं के लिए कम से कम एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया गया, तब शायद ही किसी ने यह कल्पना की होगी कि यह प्रावधान एक गहरी सामाजिक क्रांति का आधार बनेगा। आज यह क्रांति किसी शोर-शराबे या आंदोलन के रूप में नहीं, बल्कि 'मौन क्रांति' के रूप में सामने आई है, जिसमें महिलाएं न केवल संख्या में बढ़ी हैं, बल्कि नेतृत्व के केंद्र में आकर ग्रामीण भारत के विकास की दिशा तय कर रही हैं। 73वां संविधान संशोधन भारतीय लोकतंत्र में विकेंद्रीकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हुआ, जिसने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक आधार प्रदान करते हुए महिलाओं के लिए न्यूनतम एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया। समय के साथ 20 से अधिक राज्यों द्वारा इसे 50 प्रतिशत तक बढ़ा देने से ग्रामीण शासन में महिलाओं की भागीदारी अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गई है। आज देश की लगभग 2.6 लाख पंचायतों में 31.5 लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों में करीब 14.5 लाख महिलाएं हैं, जो कुल का लगभग 46 प्रतिशत हैं, और कई राज्यों में यह आंकड़ा 50 से 53 प्रतिशत से भी अधिक हो चुका है। यह न केवल विश्व में स्थानीय स्तर पर महिलाओं की सबसे बड़ी राजनीतिक भागीदारी का उदाहरण है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि ग्रामीण लोकतंत्र अब पारंपरिक पुरुष-प्रधान ढांचे से आगे बढ़ चुका है। यह परिवर्तन केवल संख्यात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है। इस प्रकार पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से उभरता महिला नेतृत्व ग्रामीण भारत में एक 'मौन क्रांति' का रूप ले चुका है, जो बिना शोर-शराबे के सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और सशक्त लोकतंत्र की नई दिशा तय कर रहा है। महिला नेतृत्व के विस्तार ने ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं को बुनियादी ढांचे से आगे बढ़ाकर मानवीय विकास के केंद्र में स्थापित कर दिया है। जहां पहले पंचायतों का ध्यान मुख्यतः सड़कों, भवनों और भौतिक संरचनाओं तक सीमित रहता था, वहीं महिला प्रतिनिधियों ने पानी, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा



और पोषण जैसे जीवन-गुणवत्ता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी है। विभिन्न अध्ययनों और आर्थिक सर्वेक्षणों से यह स्पष्ट होता है कि महिला-नेतृत्व वाली पंचायतों में आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, स्कूल नामांकन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, साथ ही सामाजिक कल्याण योजनाओं के फंड का उपयोग लगभग 30 प्रतिशत अधिक प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। पारदर्शिता और जवाबदेही के स्तर में भी वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे भ्रष्टाचार के मामलों में कमी आई है। इस प्रकार, पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी न केवल लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रही है, बल्कि ग्रामीण भारत के विकास को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और जन-केंद्रित दिशा भी प्रदान कर रही है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों में महिलाओं का उभरता नेतृत्व आज ग्रामीण भारत में परिवर्तन की सशक्त मिसाल बन चुका है। पीआईबी 2024 के अनुसार, सम्मानित पंचायतों में से लगभग 42% का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में रहा है, जो यह दर्शाता है कि महिला प्रतिनिधि केवल सहभागिता तक सीमित नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की नई मानक स्थापित कर रही हैं। नारी शक्ति, "स्वस्थ पंचायत और बाल हितैषी पंचायत" जैसी श्रेणियों के साथ-साथ कार्बन न्यूट्रल जैसे आधुनिक विषयों में भी उनका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। महाराष्ट्र की पाटोदा ग्राम पंचायत द्वारा 26 पुरस्कार जीतना इस नेतृत्व क्षमता का सशक्त उदाहरण है। सरकार द्वारा पुरस्कारों का नाम देवी अहिल्या बाई होल्कर और रानी लक्ष्मीबाई जैसी ऐतिहासिक नायिकाओं के नाम पर रखना भी इस परिवर्तन को सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक मजबूती प्रदान करता है। फिर भी यह 'मौन क्रांति' चुनौतियों से अछूती नहीं है। कई क्षेत्रों में 'सरपंच पति' जैसी प्रवृत्तियां महिलाओं की वास्तविक स्वायत्तता को सीमित करती हैं, जबकि पहली बार सार्वजनिक जीवन में आने वाली अधिकांश महिला प्रतिनिधियों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, वित्तीय प्रबंधन और संवैधानिक प्रावधानों की सीमित जानकारी होती है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार लगभग 70–80 प्रतिशत महिला प्रतिनिधियों को प्रारंभिक स्तर पर पंचायत की कार्यप्रणाली की पूरी समझ नहीं होती, जिससे उनके निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है। इसके बावजूद, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान और "सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान" जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने इस अंतर को तेजी से कम किया है। वर्ष 2025-26 में 7 लाख से अधिक महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाना इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है, जिससे उनकी प्रशासनिक समझ, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। डिजिटल गवर्नेंस और वित्तीय सशक्तिकरण ने भी इस परिवर्तन को नई गति दी है।

यदि इसे सतत प्रशिक्षण, डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक समर्थन से और मजबूत किया जाए, तो यह मौन क्रांति न केवल ग्रामीण भारत का स्वरूप बदल सकती है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र को भी अधिक समावेशी और सशक्त दिशा प्रदान कर सकती है। स्पष्ट है कि पंचायतों में महिलाओं का नेतृत्व ग्रामीण भारत एक 'मौन क्रांति' के रूप में उभर रहा है। बिना शोर के लोकतांत्रिक भागीदारी, विकास की प्राथमिकताओं और सामाजिक संरचना को बदल रहा है। हालांकि, इस परिवर्तन को स्थायी रूप देने के लिए निरंतर प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय स्वायत्तता और सामाजिक सोच में बदलाव आवश्यक है। जब महिलाएं वास्तविक निर्णयकर्ता के रूप में पूरी तरह सशक्त होंगी, तब यह मौन क्रांति समावेशी और सशक्त ग्रामीण भारत की ठोस आधारशिला बन जाएगी।

(लेखक इग्नू में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पर्यावरण
ममता कुशवाहा



# गर्मी की लपटों में घिरता जीवन


पिछले कुछ दशकों में पृथ्वी का तापमान जिस तीव्रता से बढ़ा है, उसने मानव सभ्यता के सामने अभूतपूर्व संकट खड़ा कर दिया है। कभी जो गर्मी केवल मौसम का एक सामान्य चक्र मानी जाती थी, आज वह एक विनाशकारी प्रवृत्ति का रूप ले चुकी है। वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तापमान वृद्धि की यह रफ्तार नहीं रुकी, तो आने वाले वर्षों में हीट वेव, सूखा, बाढ़ और अन्य चरम मौसमी घटनाएं सामान्य हो जाएंगी। भारत जैसे उष्णकटिबंधीय देश, जहां बड़ी आबादी पहले से ही सीमित संसाधनों पर निर्भर है, इस संकट के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं। बढ़ता तापमान केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य से जुड़ा एक बहुआयामी संकट बन चुका है। तापमान वृद्धि का मूल कारण मानव गतिविधियों से उत्पन्न ग्रीनहाउस गैसों का अत्यधिक उत्सर्जन है। औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग और वनों की कटाई ने पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ दिया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यदि वैश्विक तापमान में 1.5 से 2 डिग्री सेल्सियस तक भी वृद्धि होती है, तो इसके प्रभाव बेहद व्यापक और गंभीर होंगे। अल नीनो जैसी प्राकृतिक घटनाएं इस संकट को और अधिक तीव्र बना देती हैं, जिससे मानसून कमजोर पड़ सकता है और तापमान में असामान्य वृद्धि हो सकती है। यह स्थिति केवल एक मौसम की नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक परिवर्तन की ओर संकेत करती है। भारत में बढ़ते तापमान का प्रभाव कई स्तरों पर दिखाई दे रहा है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों से लेकर मध्य और पश्चिमी भारत तक हीट वेव की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचना अब सामान्य होता जा रहा है। इसका सीधा असर कृषि पर पड़ता है, जहां फसलों की उत्पादकता घट रही है और किसानों की आजीविका संकट में पड़ रही है। जल संकट भी एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है, क्योंकि बढ़ती गर्मी के कारण जल स्रोत तेजी से सूख रहे हैं। शहरों में 'हीट आइलैंड इफेक्ट' के कारण तापमान और अधिक बढ़ जाता है, जिससे शहरी जीवन और भी कठिन हो जाता है। बढ़ते तापमान का सबसे गंभीर प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है।

हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और गरीब वर्ग इस संकट के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। गर्मी के कारण कार्य क्षमता में कमी आती है, जिससे मजदूर वर्ग की आय प्रभावित होती है। अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। यह एक ऐसी मौन आपदा है, जो धीरे-धीरे समाज को अंदर से कमजोर कर रही है। उद्योगों को अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जिससे लागत बढ़ती है। इसके अलावा, आपदाओं के कारण होने वाला नुकसान भी अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ता है। इस प्रकार, बढ़ता तापमान एक ऐसा संकट है, जो विकास की पूरी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने इस समस्या को और अधिक जटिल बना दिया है। कंक्रीट के जंगल, कम होते हरित क्षेत्र और बढ़ते प्रदूषण ने शहरों को 'हीट आइलैंड' में बदल दिया है। एयर कंडीशनर और अन्य शीतलन उपकरणों का बढ़ता उपयोग ऊर्जा की खपत को बढ़ाता है, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन और बढ़ता है। यह एक दुष्चक्र है, जिससे निकलना आसान नहीं है। बढ़ते तापमान के इस संकट से निपटने के लिए एक समग्र और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करना समय की मांग है। नीति निर्माण में पर्यावरणीय पहलुओं को प्राथमिकता देनी होगी और सतत विकास के सिद्धांतों को अपनाना होगा। अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, क्योंकि यह एक वैश्विक समस्या है, जिसका समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

बढ़ते तापमान का संकट केवल एक चुनौती नहीं है, बल्कि यह एक अवसर भी है, अपने विकास मॉडल पर पुनर्विचार करने का, प्रकृति के साथ अपने संबंधों को सुधारने का और एक अधिक सतत भविष्य की ओर बढ़ने का। यदि हम समय रहते इस दिशा में ठोस कदम उठाते हैं, तो न केवल इस संकट के प्रभाव को कम कर सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और संतुलित दुनिया भी सुनिश्चित कर सकते हैं। यह समय केवल चिंता करने का नहीं, बल्कि कार्रवाई करने का है।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## आत्म संयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो



संकलित
प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जाएगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूं, ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाए। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुंच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनिया के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियां करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनिया की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

## सटाका




## आज की पाती

### ज्ञान की विरासत व रचनात्मक अधिकारों का उत्सव

प्रतिवर्ष विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस 23 अप्रैल को मनाया जाता है। यह यूनेस्को द्वारा मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में पढ़ने की आदत, पुस्तकों और लेखकों को सम्मान देना है। सच तो यह है कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में पढ़ने की रुचियों को बढ़ावा देना, पुस्तकों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना, दुनिया भर के लेखकों, साहित्यकारों और रचनाकारों का सम्मान करना, विशेष रूप से एआई के इस युग में कॉपीराइट कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नई पीढ़ी को ज्ञान और साहित्य से जोड़ना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस दुनिया भर में पुस्तकों, लेखकों, प्रकाशकों, पाठकों और बौद्धिक संपदा के उनके अधिकारों के महत्व को रेखांकित करता है। *– मनिता, सोनीपत*

## ट्रेंड

### गहरी संवेदनाएं



उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में हुए सड़क हादसे में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। इस हादसे में अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

**- राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री,

### विचारधाराओं की लड़ाई



विचारधाराओं की इस लड़ाई में केवल कांग्रेस ही भाजपा को हरा सकती है। वे अधिकार छीनते हैं, हम उन्हें दिलाते हैं। वे संविधान मिटाना चाहते हैं, हम उसकी रक्षा करते हैं। वे भारत की विविधता को नष्ट करना चाहते हैं, जबकि हम हर संस्कृति और हर भाषा का सम्मान करते हैं।

**-राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### महिला आरक्षण



भारत की महिलाओं ने इस उम्मीद से संसद की ओर देखा कि 33% आरक्षण जल्द लागू किया जाएगा और नारी शक्ति को निर्णय लेने की प्रक्रिया में आवाज उठाने का मौका मिलेगा, लेकिन कांग्रेस व उनके सहयोगियों ने इस कदम को रोक दिया।

**- हिमंता बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### उपद्रवी तत्व



भाजपा के उपद्रवी तत्व अब सीधे पुलिस पर भी हमला कर रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि अहंकारी भाजपा सरकार ही उनकी रक्षक है। क्या अब पुलिस को भी पीड़ित कहा जाएगा?

**-अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में हैकरों ने मंत्रालय के कंप्यूटर सिस्टम किए हैक



श्रीलंका के वित्त मंत्रालय ने कहा है कि साइबर हैकरों ने मंत्रालय के बाह्य संसाधन विभाग के कंप्यूटर सिस्टम को हैक कर उसमें सेंध लगा ली और विदेशी मुद्रा भुगतान से संबंधित चोरी को अंजाम दिया। वित्त, योजना और आर्थिक विकास मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने चोरी के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य संबंधित संस्थानों के पास शिकायत दर्ज करा दी है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है, 'साइबर हैकरों ने संस्थान के अंदर बाह्य संसाधन विभाग के कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगा ली है।' यह बयान विपक्ष के उस दावे के बाद जारी किया गया जिसमें कहा गया था कि 25 लाख अमेरिकी डॉलर के राजकोषीय धन को विदेशी ऋण चुकाने से संबंधित ऑस्ट्रेलियाई खाते के बजाय किसी अन्य खाते में भेज दिया गया है। विपक्ष के वकीलों के एक समूह ने संसद के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा कि सितंबर 2025 में श्रीलंका को एक ऋणदाता को 2.29 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना था। वकीलों के समूह ने बताया कि 25 लाख अमेरिकी डॉलर की आंशिक राशि का भुगतान दिसंबर 2025 और 31 जनवरी 2026 के बीच किया गया था। अब यह खुलासा हुआ है कि आंशिक भुगतान सही ऋणदाता के खाते में नहीं बल्कि एक हैकर के खाते में पहुंचा था।

## ऑफ बीट

### घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं



एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयाँ समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवतः कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है। आग हवा को अधिक गरम नहीं करती; बल्कि, सूर्य की तरह, आग की अधिकांश गर्मी अदृश्य तरंगों के माध्यम से सीधे कैम्प फायर से आपके शरीर तक पहुंचती है। गर्म, धूप वाले दिन में, अच्छा इन्सुलेशन और डबल–फलक वाली खिड़कियां एयर कंडीशनिंग के लिए कम गर्मी का हस्तांतरण करती हैं, जिससे इमारत के अंदर का औसत तापमान हवा के तापमान के कुछ डिग्री के भीतर रहता है। गर्म सतहों के कारण छोटी इमारतें, जैसे कि मोबाइल घर, छोटे घर, शिपिंग कंटेनर और अपार्टमेंट में बदल गए गैरेज, अक्सर थर्मोस्टेट सेटिंग की परवाह किए बिना असहज महसूस करते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### किसानों की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**औबेदुल्लागंज।** किसानों के साथ गेहूं तुलाई में आ रही समस्या को लेकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम गुरुवार को गौहरगंज तहसील मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा है। किसानों की मांग है कि स्लॉट बुकिंग सुचारू रूप से की जाएं। सेटेलाइट सर्वे में जिन किसान साथियों का पंजीयन गलत कर दिया गया, उसको जल्द सुधारा जाएं। एक एकड़ पर 13 क्विंटल गेहूं के आसपास तौला जा रहा है, उसको बढ़ाकर 18 क्विंटल किया जाएं। किसानों की समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं किया गया तो सभी किसान द्वारा जल्द चक्काजाम कर प्रदर्शन करेंगे।

### नहीं हो रहे स्लॉट बुक, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**औबेदुल्लागंज।** गेहूं खरीदी केंद्रों पर स्लॉट बुक नहीं होने से क्षेत्र के किसान नाराज हैं। किसानों ने आरोप लगाते हुए बताया कि समितियां पर गेहूं की तुलाई के लिए स्लॉट बुक नहीं हो पा रहे हैं। इस कारण बुधवार को किसान संघ के साथ हरजीत सिंह मंगू, अवतार सिंह नागर, सुजीत नागर, धीरेंद्र मालवीय, प्रभु दयाल भल्लावी, गफ्फार खान सहित अन्य किसानों ने तहसीलदार निलेश सरवटे को ज्ञापन देकर खरीदी केंदों पर व्यवस्था ठीक करने और फसल की तुलाई मांग की है। तुलाई केंद्र पर अक्सर सर्वर डाउन होने से परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने कहा यदि व्यवस्था सही नहीं हुई तो किसान संगठन सभी किसानों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे।

### परेश नागर ने विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष संजीव का किया सम्मान



**औबेदुल्लागंज।** श्री नगर धाकड़ समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष संजीव नगर तमोठ का गुरुवार को कांग्रेस नेता परेश नगर ने गुलदस्ता और शाल देकर सम्मान किया। परेश नगर ने कहा कि संजीव नगर ने समाज के सफल आयोजन के साथ सबका सम्मान किया। उन्होंने सम्मेलन समिति के सदस्यों का सहयोग के लिए आभार व्यस्त किया।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5094 | | |
| दिन: | 479 | 04 | 220 |
| रात: | 256 | 38 | 378 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 459 | 86 | 349 |
| रात: | 559 | 99 | 478 |

विमानतल पर वार्षिक 'एंटी-हाइजैक मॉक ड्रिल' का आयोजन, सूचना मिलते ही जवानों ने संभाला मोर्चा

# राजाभोज एयरपोर्ट पर फ्लाइट हाइजैक की सूचना से मचा हड़कंप सुरक्षा बालों ने कार्रवाई कर चंद मिनटों में स्थिति पर पाया काबू



एयरपोर्ट के अधिकारी और सेना के जवान चर्चा करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजा भोज विमानतल, भोपाल पर गुरुवार को वार्षिक 'एंटी-हाइजैक मॉक ड्रिल' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य विमान अपहरण जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था।

मॉक ड्रिल के दौरान विमान अपहरण की एक काल्पनिक स्थिति निर्मित की गई। इस मॉक ड्रिल से एयरपोर्ट क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जैसे ही एटीसी को हाईजैक की सूचना प्राप्त हुई, तत्काल एरोड्रम कमेटी के सभी सदस्यों को सूचित किया गया। इसके पश्चात सभी सदस्य तकनीकी ब्लॉक के द्वितीय तल पर स्थित एरोड्रम कमेटी कंट्रोल रूम में एकत्रित हुए। यह कमेटी अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह विभाग) की अध्यक्षता में कार्य करती है, जो केंद्रीय समिति के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करती है। इस मॉक ड्रिल का संचालन आईपीएस कृष्णावेणी देशावतु, सचिव, गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन की उपस्थिति में किया गया।



विमान हाईजैक की सूचना मिलते ही मौके पर तैनात जवान।

### सुरक्षा एवं आपातकालीन एजेंसियों के बीच समन्वय, संचार और कार्रवाई की

इस दौरान विभिन्न सुरक्षा एवं आपातकालीन एजेंसियों के बीच समन्वय, संचार और कार्रवाई की प्रभावशीलता का यथार्थ परीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल में रामजी अवस्थी, विमानपत्तन निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, अतुल भनौत्रा, कमांडेंट, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड राज्य एवं जिला प्रशासन, जिला पुलिस, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो, भारतीय सेना तथा इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की। अभ्यास के दौरान सभी एजेंसियों ने उत्कृष्ट समन्वय, तत्परता एवं पेशेवर दक्षता का प्रदर्शन किया। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि भोपाल विमानतल किसी भी आपात स्थिति में सभी संबंधित एजेंसियों के साथ त्वरित एवं समन्वित रूप से कार्य करने के लिए पूर्णतः तैयार है।

करीब तीन घंटे पहले हुआ था सीने में दर्द, मालिश के बाद हो गया आराम

# चटाई बिछाकर पूजा करने जमीन पर बैठा 23 साल का युवक हुआ बेसुध, अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**कमलानगर थाना क्षेत्र स्थित पीएनटी कॉलोनी का मामला**

**पुलिस का अनुमान, साइलेंट अटैक आने से हुई युवक की मौत**

कमलानगर थाना क्षेत्र स्थित पीएनटी कॉलोनी में बुधवार रात बीकॉम थर्ड ईयर के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह पूजा करने फर्श पर चटाई बिठाकर बैठा था। इसी बीच अचानक बेसुध हो गया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। अनुमान है कि उसकी मौत साइलेंट अटैक से हुई है। गुरुवार को शव का पोस्मार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस शार्ट पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार पीएनटी कॉलोनी, कमलानगर निवासी जुबीन यादव (23) निजी



कॉलेज में बीकॉम थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। पिता इलेक्ट्रीशियन हैं, जबकि भाई भी प्राइवेट काम करता है। शाम करीब पांच बजे जुबीन के सीने में मामूली दर्द हुआ था। उसने अपने माता-पिता को यह बात बताई। दर्द मामूली था इसलिए परिजन ने मालिश कर दी। माता-पिता को भी लगा कि गैस के कारण दर्द हुआ होगा। उसके कुछ देर बाद रात करीब साढ़े 8 बजे खाना खाने से पहले जुबीन फर्श पर चटाई बिछाकर पूजा करने बैठ गया। पूजा करते समय वह बेसुध हो गया। परिजन उसे पास के अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उससे पहले ही मौत हो चुकी थी।

### निर्माणाधीन साइट पर मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मुड़ला में बुधवार दोपहर मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव निर्माणाधीन मकान के पास खाली प्लॉट पर पड़ा मिला। पुलिस का अनुमान है कि मजदूर की मौत अधिक मात्रा में शराब पीने के कारण हुई है। शराब पीने के बाद वह खुली धूप में बेसुध पड़ा रहा। लिहाजा डिहाइड्रेशन से उसकी मौत हो गई। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से ग्राम गुलझावन बिल्किसगंज जिला सीहोर निवासी अर्जुन बकोरिया (33) मेहनत-मजदूरी करता था और सिकंदराबाद रातीबड़ में रह रहा था। इन दिनों उसका काम ग्राम मुड़ला रातीबड़ में चल रहा था। बुधवार दोपहर अर्जुन का शव निर्माणाधीन मकान के पास खुले मैदान में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## विवाद के बाद पत्नी मायके गई, पति ने घर में लगा ली फांसी

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित सुकलिया गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह गांव में लोगों से मिलने के बाद उसने करीब नौ से दस बजे के बीच अपने घर में फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसका पत्नी से पंद्रह दिन पहले विवाद हुआ था। विवाद के बाद पत्नी बच्ची को लेकर अपने मायके चली गई थी। अनुमान है कि पारीवारिक विवाद में उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार हेमराज गिरी पिता प्रभु गिरी (35) गांव सुकलिया में रहता था और निजी कंपनी के टॉवर में काम करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा मासूम बेटी है। करीब पंद्रह दिन पहले हेमराज का पत्नी से विवाद हो गया। विवाद के बाद पत्नी नाराज होकर बच्ची के साथ मायके चली गई। करीब पंद्रह दिन से हेमराज घर में अकेला था। पड़ोस में उसके रिश्तेदार रहते हैं। रिश्तेदारों ने बताया कि गुरुवार सुबह हेमराज जल्दी सोकर उठा था। गांव में लोगों से मिला और उनसे हंसकर बातचीत की। इसके बाद नौ से दस बजे के आसपास घर पहुंचकर फांसी लगा ली।

### पेड़ पर लटका मिला युवक का डिकंपोज शव

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमोनी रेलवे ट्रैक के पास जंगल में पेड़ पर अज्ञात युवक का शव फांसी के फंदे पर लटके मिलने से सनसनी फैल गई। शव करीब दस दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह से डिकंपोज हो चुका है। मृतक का चेहरा पहचान पाना मुश्किल है। पुलिस ने मृतक का हुलिया आसपास के थानों में भेज दिया है। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि बलवीर ठाकुर कान्हासैया बिलखिरिया इलाके में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि वे अमोनी रेलवे ट्रैक के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर पेड़ पर पड़ी। पेड़ पर एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कराने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 35 से 40 साल के आसपास होगी। वह काले रंग की बनियान पहने हुए है, जिसमें सफेद धारियां बनी है।

## पुलिसकर्मी की मां से मारपीट, लूटपाट करने वाला मांगीलाल गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा पुलिस ने राजीव नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पुलिसकर्मी की बुजुर्ग मां शैल कुमारी मिश्रा पति स्वर्गीय देवेंद्र मिश्रा (65) पर पत्थर से हमला कर कान के टॉप्स लूटकर ले जाने वाले बदमाश मांगीलाल अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया है। मजदूरी में कम पैसा मिलने के कारण उसने लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को पता चला कि वह शराब का आदी है तो पुलिस घटना के दिन से ही कलारी के आसपास भटकती रही, लेकिन आरोपी लूटपाट करने के बाद नरसिंहगढ़ चला गया था। वह आष्ठा भी घूमकर आ गया। आरोपी को पुलिस ने आसाराम नगर तिराहा से दबोच लिया है।

भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में नई व्यवस्था

## एक ही थाने में होंगे दो निरीक्षक 'टू आईसी' मॉडल की शुरुआत

**पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने की पहल की शुरुआत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में एक नई पहल की शुरुआत की है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत अब शहर के चुनिंदा थानों में दो निरीक्षकों को पदस्थ किया जा रहा है। पदस्थ नए निरीक्षक टू आईसी (टू इंस्पेक्ट इन चार्ज) मॉडल के रूप में कार्य करेंगे। इस व्यवस्था के तहत एक ही थाने में दो थाना प्रभारी (निरीक्षक) मिलकर कार्य करेंगे। पहले चरण में थाना निशातपुरा और थाना हबीबगंज से शुरुआत की गई है। थाना निशातपुरा में निरीक्षक अनिल यादव एवं थाना हबीबगंज में निरीक्षक नीतू कुंसारिया को टू आईसी पदस्थ किया गया है। दूसरे चरण में थाना कोहेफिजा और थाना पिपलानी में यह व्यवस्था लागू की जाएगी। तीसरे चरण में थाना शाहजहांनाबाद और छोला मंदिर में भी दो निरीक्षकों की पदस्थापना की जाएगी।



## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 43 जोड़ों का हुआ विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जपं औबेदुल्लागंज द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आदिवासी समाज के 43 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

विवाह में वधू पक्ष को 49,000 रुपए की राशि स्वीकृत की गई और 6000 कार्यक्रम में खर्चे के लिए दिए गए। कुल राशि शासन द्वारा 55000 रुपए नवविवाहित जोड़ों को दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद उपाध्यक्ष साधना सरदार सिंह बरकरे, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, जनपद सदस्य संघ जिला अध्यक्ष सुलेखा रामपाल सिंह चौहान, आदिवासी विवाह समिति के अध्यक्ष नेमी सिंह भल्लावी के साथ समाज के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# औबेदुल्लागंज के ग्राम पंचायतों में हो रहा भारी भ्रष्टाचार कमीशन के चक्कर में पंचायतों में नहीं हो रहा विकास कार्य

**पंचायतों के सदस्य, पंच और उपसंरपचों ने सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत, सरपंच और सचिव की मनमानी का लगाया आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जनपद के 20 सदस्यों और उप सरपंचों ने बताया कि हम भी जनता से चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं, लेकिन पंचायतों के सरपंच एवं सचिव कभी भी जनपद सदस्यों, पंचों और उप सरपंचों से किसी भी विषय में कोई सलाह नहीं लेते, न ही ग्राम सभा की बैठक में बुलाते हैं, यही नहीं किसी भी योजनाओं की जानकारी भी नहीं देते हैं।

जनपद सदस्यों ने कहा कि हम अपनी मर्जी से एक कील भी नहीं लगवा सकते। जनपद सदस्यों ने बताया कि ग्राम पंचायत तजपुरा, बीलखेड़ी, बमनई, बिनेका, बोरदा गौतमपुर आशापुरी हर्रई आदि पंचायतों के सदस्य, पंच और उपसरपचों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की है। शिकायत में बताया कि सरपंच और सचिव मिलकर मनमानी करते हैं और कमीशन के चक्कर में पंचायतों में विकास नहीं करते।





### 35 प्रतिशत कमीशन पर लगी स्ट्रीट लाइट

पंचों ने बताया कि पंचायत में स्ट्रीट लाइट 35 प्रतिशत कमीशन पर लगी है। बिजली लगते ही आधे से ज्यादा खराब हो गए हैं। इन सब की जानकारी पंचों और उप सरपंचों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत में दी है। जनपद सदस्यों ने बताया कि 26 जनवरी और 15 अगस्त पर बूंदी बांटने के लिए बुलाई जाती है। मात्र पांच या 10 किलो बूंदी आती है, जिसका भुगतान 50 किलो और एक क्विंटल में होता है। बूंदी के बिल वाउचर जब्त कर जांच हो तो सच्चाई सामने आएगी।

### 4.50 लाख के कचरा वाहन का सरपंच कर रहे उपयोग

जनपद के सदस्यों ने बताया कि तजपुरा पंचायत में 4.50 लाख रुपए का कचरा वाहन आया हैं, जिसमें 2 लाख कमीशन सरपंच का है। तजपुरा में कचरा वाहन सरपंच के घर पिछले 4 माह से खड़ा है। तजपुरा के पंचों ने बताया कि कचरा वाहन का उपयोग सरपंच अपने निजी कार्यों के लिए करते हैं। पंचों और उप सरपंचों ने मांग की है कि खेरी टप्पा में सीसी रोड बनवाया जाए, लेकिन सरपंच कहते हैं कि तुम चंदा करो और रोड बनवाओ।

### सदस्यों और पंचों ने की है शिकायत

मुझे भी तजपुरा के जनपद सदस्य और पंचों ने शिकायत की है। मैं इसकी जांच करवाऊंगा।

**निखिलेश कटारे**, सीईओ, जनपद औबेदुल्लागंज

### मैं स्वयं जाकर मामले की जांच करूंगा

औबेदुल्लागंज जनपद के पंचायतों की शिकायत काफी आ रही है, मैं इसकी स्वयं जाकर जांच करूंगा।

**कमल सोलंकी**, जिला सीईओ

**चौराहों पर नहीं दिखती ट्रैफिक पुलिस, सड़क पर अव्यवस्थित खड़े रहते हैं वाहन**

# औबेदुल्लागंज में ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, रोजाना लग रहा लंबा ट्रैफिक जाम, भीषण गर्मी में घंटों जाम में फंसे रहने को लोग मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पुलिस की लापरवाही से रोजाना नगर के मुख्य चौराहों पर लंबा जाम लग रहा है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स

थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन की लापेरवाही और ट्रैफिक पुलिस की कमी के कारण हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। नगर के मुख्य चौराहे, गौहरगंज रोड और सीताराम चौराहे पर सुबह से लेकर शाम तक वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। इन प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति स्थिति को और गंभीर बना रही है। बीट प्रभारी के नियमित रूप से मौजूद न रहने के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह अनियंत्रित हो चुकी है।





जाम में फंसी गाड़ियां।

### यह कहते हैं अधिकारी

एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव को फोन पर बताया नगर में रोजाना जाम लग रहा है कुछ करो, जनता परेशान है। इस पर एसडीएम ने कहा कि हम कार्रवाई करते हैं। एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि सड़क पर खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की योजना बनाई जा रही है। टीआई भारत प्रताप सिंह ने बताया कि नगर पंचायत की सीएमओ किरण रंहगडाले से चर्चा हुई है, जिन वाहनों से जाम लगता है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की मांग

लोगों ने मांग की है कि मुख्य चौराहों पर नियमित रूप से ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए, अवैध पार्किंग पर सख्ती से कार्रवाई हो और सड़क किनारे दुकानदारों को व्यवस्थित किया जाए। समाजसेवी वचन लोधी, नीरज चावला, गिरीश चावला, आशीष दीक्षित, मनोज खटीक, राकेश तिवारी, रामकिशोर नंदवंशी, सुदामा तिवारी, सुनील वर्धमान ने स्टेशन रोड पर अवैध पार्किंग को लेकर कई बार शिकायत की है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### सड़क पर अवैध पार्किंग बनी समस्या

सबसे बड़ी समस्या सड़क पर अवैध पार्किंग को लेकर है। मुख्य चौराहों के दोनों ओर कार, बाइक, ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे कई वाहन सड़क के बीचों-बीच खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और यातायात बाधित होता है। इससे न केवल जाम लगता है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। बरखेड़ा रोड की स्थिति नाश्ते की दुकानों पर आने वाले लोग अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं और नाश्ता करते हैं। खासकर गुलाब जामुन की दुकान के आसपास यह समस्या अधिक देखने को मिलती है, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## सतलापुर में एक दिन में दो कांग्रेस नेता की हुई मौत, शोक की लहर

**एक लंबी बीमारी से तो दूसरे की रोड एक्सीडेंट में हुई मौत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



मनोज मेवाड़ा



लक्ष्मीकांत

उपनगर सतलापुर में दो दिन में तीन अलग-अलग मौत के कारण पूरा नगर शोक में डूबा हुआ है। मंगलवार को हुए एक अंधे कत्ल का पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया। वहीं वार्ड 14 के निवासी पूर्व युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी की लंबी बीमारी से वहीं कांग्रेस नेता मनोज मेवाड़ा की सड़क हादसे में मौत हो गई, जिससे नगर में शोक की लहर है।

दोनों ही लोगों ने नगर में कांग्रेश कार्यकर्ता रहते हुए एवं पदाधिकारी रहते हुए समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। दोनों ही नेताओं के असमय मृत्यु से नगर के अजीत सिंह चौहान हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष, बद्री सिंह चौहान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, प्रदीप चौहान, वार्ड 16 के पार्षद गोल्डी यादव, सुशील शर्मा, राकेश लोवंशी, शेर सिंह चौहान, लक्ष्मण रॉय, रंजीत राजपूत, विंध्य के नेता और नगर के सामाजिक कार्यकर्ता राम मणि द्विवेदी, केके तिवारी, अखिलेश तिवारी, समेत अन्य लोगों ने उनके आत्मा की शांति के लिए कामना की है।

# झालमुड़ी मैंने खाई, मिर्ची टीएमसी को लगी, यहां से भय जा रहा और भरोसा बढ़ रहा... अब दबी आवाजें मुखर हो रहीं

## 4 मई को परिणाम नहीं परिवर्तन आएगा, कृष्णानगर में जनसभा में बोले पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ कृष्णानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग की जमकर तारीफ की और टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा मैं कह सकता हूं कि यह पहला ऐसा चुनाव है जिसमें हिंसा बिल्कुल न्यूनतम स्तर पर है। पहले तो हर हफ्ते किसी को फांसी पर लटका देना और उसे आत्महत्या बता देना आम बात थी। यहां अराजकता और गुंडागर्दी का राज था। उन्होंने कहा कियहां आज भय पर भरोसे की विजय का विश्वास दिख रहा है। बरसों से जिनकी आवाज को दबाकर रखा गया था, वे अब एक सुर में बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तंज कसते हुए कहा झालमुड़ी मैंने खाई और मिर्ची टीएमसी को लग रही है।

### टीएमसी के जंगलराज का विरोध हो रहा

उन्होंने कहा कि टीएमसी के विधायकों, मंत्रियों, स्थानीय नेताओं और उनके सिंडिकेट के खिलाफ इतना गुस्सा है कि टीएमसी कई शहरों में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। 15 साल पहले लोगों ने वामपंथियों के खिलाफ बिगुल फूंका था। जंगल राज के विरोध में बंगाल की जनता गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले में शंख फूंक रही है।


संबोधन के पहले प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण जी की मूर्ति भेंट की गई

### यह चुनाव जनता लड़ रही

पीएम मोदी ने कहा कि यह चुनाव हम नहीं लड़ रहे हैं, इस बार बंगाल में चुनाव खुद यहां की जनता लड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह उत्साह, यह उमंग, यह जोश भरोसे का है। भय जा रहा है, भरोसा आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव, गली-गली, स्त्री-पुरुष, युवा-बुजुर्ग सब एक साथ बोल रहे हैं और बदलाव चाहते हैं।

### ईसी ने बंगाल की धरती पर लोकतंत्र की गरिमा को फिर से स्थापित किया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में यह अपनी तरह का पहला चुनाव है जिसमें हिंसा को न्यूनतम स्तर पर रखा गया है। पहले अराजकता और गुंडागर्दी का दौर चल रहा था। मैं चुनाव आयोग को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने बंगाल की धरती पर लोकतंत्र की गरिमा को फिर से स्थापित किया है।

18 मिनट में पीएम मोदी के हैंडल से 3 पोस्ट

### 99 साल के शख्स ने प्रधानमंत्री मोदी को बनाया अपना मुरीद

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा देखा कि वे एक 99 साल के बुजुर्ग के मुरीद हो गए। उन्होंने बुजुर्ग की बात से प्रभावित होकर सिर्फ 18 मिनट में 3 पोस्ट कर दिए। यह मामला मतदान के महत्व और युवाओं को जागरूक करने से जुड़ा है। एक पूर्व मंत्री और बुजुर्ग नेता की अपील ने प्रधानमंत्री को मुरीद बनाया।

कोलकाता में डटे गृहमंत्री शाह

### दूसरे राउंड का प्लान तैयार टीएमसी का सूरज डूब रहा

बंगाल में पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। इस बीच भाजपा ने दूसरे चरण के लिए भी



तैयारियां तेज कर दी हैं। गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता में भाजपा नेताओं की प्रदेश कार्यालय पर मीटिंग ली। इस मीटिंग में दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियों पर बात की। शाह ने कहा कि पहले चरण में ही टीएमसी का सूरज डूबा।

सुवेंदु बोले- ममता की हार तय

### बंगाल से घुसपैठिए और फर्जी वोटर हटे

नंदीग्राम और भवानीपुर से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि मैंने अपने क्षेत्र के



सभी पोलिंग एजेंट से बात की है और शांतिपूर्ण मतदान की उम्मीद जताई है। उन्होंने दावा किया कि मृतक वोटर, फर्जी वोटर और घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं तो ममता बेनर्जी के जीतने की कोई संभावना नहीं है।

राहुल का टीएमसी पर वार

### अगर ममता ने सही से सरकार चलाई होती...

पश्चिम बंगाल में पहले चरण के चुनाव को लेकर वोटिंग पूरी हो गई है। इस दौरान कांग्रेस



नेता राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर हमला बोला है। राहुल ने वीडियो में कहा कि सिर्फ ममता की वजह से पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए रास्ता खुला है।

### मुझे किसी पद में दिलचस्पी नहीं: मुख्यमंत्री ममता

**कोलकाता।** बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने पहले चरण के मतदान में रिकॉर्ड संख्या में



लोगों के आने पर कहा कि इससे संकेत मिलता है कि टीएमसी चुनाव जीतने की स्थिति में है। ममता ने कोलकाता के बो बाजार इलाके में एक रैली में कहा कि दिल्ली पर विजय हासिल करेंगी। मुझे किसी पद में दिलचस्पी नहीं है। रहा है।

## दिग्गजों ने किया मतदान


चेन्नई। एक्टर कमल हासन ने मतदान किया


कोलकाता। परिवार के साथ सुकांता मजूमदार ने वोट डाला


चेन्नई। इलैयाराजा


103 वर्षीय राजागोपाल


चेन्नई। पलानीस्वामी


चेन्नई। सीएम स्टालिन


कोलकाता।सुवेंदु अधिकारी


चेन्नई। एक्टर विजय


कोलकाता। झारग्राम में महिला का जज्बा


चेन्नई। एक्टर एसवी ई शेखर स्याही दिखाते हुए


कोलकाता। नंदीग्राम में महिलाओं ने किया भारी मतदान


चेन्नई। नागरकोइल में बारी का इंतजार करती महिलाएं


चेन्नई में 3 पीढ़ी के लोग वोट डालने आए

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य सेवा सभी लोगों तक पहुंचे: उपराष्ट्रपति

**ऋषिकेश।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उत्तराखंड के



ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान के छठे दीक्षांत समारोह में स्नातकों से राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने एम्स के विस्तार को सराहा और कहा स्वास्थ्य सेवा सभी तक पहुंचे।

### लुधियाना और बठिंडा में धमकी भरे मेल

**लुधियाना।** महानगर के पुलिस प्रशासन में उस समय हड़कंप मचा



जब उन्हें एक साथ सूचना मिली कि लुधियाना के तीन से 4 स्कूलों में बम रखा गया है और स्कूलों के साथ साथ रेलवे ट्रैक भी उड़ाया जाएगा। धमकी देने वाले ने कहा कि 24घंटे में धमाके किए जाएंगे। पुलिस प्रशासन ने जांच की।

### अमित की सजा और दोषसिद्धि पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अमित जोगी को राहत देते हुए उनकी सजा



पर रोक लगा दी। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने जोगी को एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और विजय बिश्नोई की पीठ ने यह फैसला सुनाया है।

### तेलंगाना परिवहन निगम में हड़ताल, बस सेवाएं ठप

**हैदराबाद।** तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम के कर्मचारियों की



बेमियादी हड़ताल से राज्यभर में सार्वजनिक सड़क परिवहन सेवाएं गुरुवार को भी ठप रहीं। कुछ जिलों में किराए की और निजी बसों को तैनात करके टीजीएसआरटीसी आंशिक सेवाएं संचालित कर रही है।

## पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जानकारी साझा की

# पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने की बात गलत बाजार में फैलाई जा रही हैं अनेक अफवाहें

मंत्रालय ने कहा कि कुछ समाचार रिपोर्टों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का दावा किया जा रहा है। सरकार के सामने फिलहाल पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की खबरों को भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने कहा कि कुछ समाचार रिपोर्टों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का दावा किया जा रहा है। सरकार के सामने फिलहाल पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। दरअसल, कोटक संस्थागत इक्विटी की रिपोर्ट में दावा किया जा रहा था कि पेट्रोल-डीजल के दाम 25 से 28 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ सकते हैं। देश में जारी राज्य चुनावों के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। सरकार के अनुसार ऐसी खबरें लोगों में डर और घबराहट फैलाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां पिछले चार वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

**कोटक संस्थागत इक्विटी की रिपोर्ट को किया खारिज**

लोगों के मन में डर पैदा करने के लिए फैलाई जा रही ऐसी खबरें

पेट्रोल-डीजल के दाम 25 से 28 रुपए प्रति लीटर बढ़ना बताया

### मंत्रालय ने कहा- कुछ समाचार रिपोर्टों में झूठा दावा किया जा रहा



पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय नई दिल्ली

### जनता को राहत देने के प्रयास जारी

मंत्रालय के अनुसार भारत सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के बावजूद आम जनता को राहत देने के लिए लगातार कदम उठाए हैं, ताकि लोगों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े।

### दाम बढ़ने में कच्चे तेल का आयात करना भी एक अहम कारक

भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कई अहम कारकों से तय होती हैं। इनमें सबसे बड़ा असर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों का होता है, क्योंकि पेट्रोल और डीजल इसी से तैयार किए जाते हैं। वैश्विक स्तर पर क्रूड ऑयल महंगा होने पर घरेलू बाजार में ईंधन की कीमतों पर दबाव बढ़ जाता है।

### भारतीय रुपए की स्थिति भी इसमें बेहद महत्वपूर्ण

इसके अलावा डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की स्थिति भी बेहद महत्वपूर्ण होती है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल के रूप में आयात करता है, इसलिए रुपये के कमजोर होने पर आयात लागत बढ़ जाती है, जिसका असर पेट्रोल-डीजल के दामों पर पड़ता है।ईंधन कीमतों में केंद्र सरकार की एक्साइज ड्यूटी और राज्यों द्वारा लगाए जाने वाले वैट (वैट) का भी बड़ा योगदान होता है। अलग-अलग राज्यों में टैक्स दरें भिन्न होने के कारण विभिन्न शहरों में पेट्रोल और डीजल के दाम अलग-अलग देखने को मिलते हैं।

### रिफाइनिंग लागत भी कीमत निर्धारण में अहम फैक्टर

रिफाइनिंग लागत भी कीमत निर्धारण में भूमिका निभाती है। कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल में बदलने की प्रक्रिया में आने वाला खर्च, रिफाइनरी की क्षमता और उपयोग किए जाने वाले क्रूड ऑयल के प्रकार पर निर्भर करता है।इसके साथ ही मांग और आपूर्ति की स्थिति भी ईंधन कीमतों को प्रभावित करती है। घरेलू बाजार में मांग बढ़ने या आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

## सबरीमाला केस : शीर्ष कोर्ट ने कहा

# आखिरकार हिंदू तो किसी भी मंदिर में जा सकता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


जस्टिस बीवी नागरत्ना

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़े ऐतिहासिक मामले में सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संविधान पीठ में गुरुवार को 8वें दिन भी सुनवाई हुई। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि कि एक हिंदू आखिरकार तो हिंदू ही है और वह किसी भी मंदिर में जा सकता है। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली ये संविधान पीठ इस बात पर विचार कर रही है कि क्या धार्मिक संप्रदाय अपने विशिष्ट रीति-रिवाजों के आधार पर दूसरों को मंदिर में प्रवेश से रोक सकते हैं। पीठ में सीजेआई सूर्यकांत के अलावा जस्टिस बीवी नागरत्ना, एमएम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। पीठ न्यायिक समीक्षा के दायरे, अनुच्छेद 25 , 26 और अनुच्छेद 14 के बीच संतुलन और धार्मिक मामलों में जनहित याचिकाओं की स्वीकार्यता से संबंधित प्रमुख सवालों की जांच कर रही है।

### हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए और मंदिरों को संप्रदाय की रेखाओं पर एकदूसरों को बाहर नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसा अलगाव अंततः संप्रदाय को ही कमजोर करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि दक्षिण भारत में भले ही पूजा के विभिन्न रूप (जैसे शैव या वैष्णव) प्रचलित हों और वे संरक्षित हों, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि एक हिंदू दूसरे संप्रदाय के मंदिर में नहीं जा सकता।

### देश में पूजा पद्धति के कई रूप आज भी प्रचलित

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि कोई भी हिंदू किसी भी मंदिर में जा सकता है। एक तरीका है 'संप्रदाय'... मंदिर शैव, वैष्णव या श्री वैष्णव पूजा पद्धति का पालन करता है। कम से कम दक्षिण भारत में तो ऐसा ही होता है। ये ही वहां की प्रचलित प्रथाएं हैं। इसलिए, इसे एक 'संप्रदाय' कहा जाता है। अब, अगर पूजा की पद्धति शैव प्रकार की है, तो वैष्णव संप्रदाय के लोग यह नहीं कह सकते कि इसे वैष्णव पद्धति के अनुसार ही होना चाहिए।

## चंबा-कोटीकॉलोनी मार्ग पर वाहन खाई में गिरा

# अंतिम संस्कार से लौट रहे 8 की मौत,पीएम देंगे 2-2 लाख

एजेंसी ▶▶ देहरादून

चंबा-कोटीकॉलोनी मार्ग पर नैल के समीप एक वाहन खाई में गिर गया।



वाहन में 10 लोग सवार थे। इस दौरान 8 लोगों की मौके पर मौत हो गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने 8 लोगों की मौत की पुष्टि की है। वहीं, 2लोग अभी घायल हैं। सभी लोग घनसाली के चांजी, ठेला और चकरेडा गांव के थे, जो किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने हरिद्वार गए थे और वापस आ रहे थे। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। थाना चंबा पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। अपराह्न 3:30 बजे के आसपास दुर्घटना हुई है। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख जताया है। मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख तो घायलों को 50 हजार अनुग्रह राशि देंगे।

## जेडीयू पर सवाल उठाने वालों को भाजपाध्यक्ष नबीन की दो टूक

# पहले वे अपने गिरेबां में झांकें, गठबंधन धर्म हमारी पहचान

एजेंसी ▶▶ पटना

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने बिहार की राजनीति में नेतृत्व परिवर्तन और एनडीए के भीतर नए समीकरणों को लेकर चल रही बहस के बीच साफ किया है कि राज्य में जो भी फैसले हुए हैं, वे गठबंधन की मजबूत समझ और भरोसे का नतीजा हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए ने हमेशा गठबंधन धर्म को प्राथमिकता दी है और बिहार में भी वही परंपरा कायम है। जेडीयू के अस्तित्व पर सवाल उठाने वालों को भी नितिन नबीन ने कहा, वे अपने गिरेबां में झांकें।

### हमारा मजबूत गठबंधन जनता के लिए प्रतिबद्ध

इस मामले में चल रही बहस पर नितिन ने लगाया ब्रेक



### भाजपा ने हमेशा सहयोगी दलों का सम्मान किया

नबीन ने कहा कि भाजपा ने हमेशा सहयोगी दलों का सम्मान किया है। उन्होंने याद दिलाया कि जब पार्टी मजबूत स्थिति में थी, तब भी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया गया। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा गठबंधन की राजनीति में भरोसा किया है। जब हम बड़ी पार्टी थे, तब भी हमने नीतीश कुमार को आगे किया और गठबंधन को मजबूती दी।

### सम्राट चौधरी के रूप में नई लीडरशिप

बिहार में पहली बार भाजपा से मुख्यमंत्री बनने को नबीन ने 'जनरेशन शिफ्ट' बताया। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए ने नई दिशा तय की है और यह बदलाव 2025 के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। यह फैसला भाजपा और जदयू के बीच आपसी समझ का उदाहरण है, जो राजनीति के लिए मिसाल बनेगा।

### जेडीयू मजबूती के साथ आगे बढ़ रही

जदयू के अस्तित्व पर उठ रहे सवालों पर नबीन ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जिनका खुद का जनाधार खत्म हो रहा है, वे जदयू जैसी पार्टी पर सवाल उठा रहे हैं। पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। जदयू पूरी तरह मजबूत, एनडीए साथ मिलकर आगे बढ़ रहा। जदयू आज भी पूरी मजबूती के साथ खड़ा है और भाजपा -जदयू गठबंधन मिलकर जनता के लिए काम कर रहा है।

चौथे आईएएफएस में पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के नेता, अफ्रीकन यूनियन कमीशन और क्षेत्रीय संगठन के प्रतिनिधि एक साथ आएंगे ताकि भारत-अफ्रीका की पक्की साझेदारी को मजबूत किया जा सके और अलग-अलग क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने के लिए एक रोडमैप तैयार किया जा सके

31 मई को शुरू होगी चौथी इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट

# जयशंकर ने लोगो, थीम और वेबसाइट लॉन्च की, कहा अफ्रीका के विकास के बिना भारत का विकास अधूरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत, अफ्रीकन यूनियन कमीशन के साथ मिलकर 31 मई 2026 को नई दिल्ली में चौथे इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट की मेजबानी करने जा रहा है। समिट से पहले भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 23 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में चौथे आईएएफएस का लोगो, थीम और वेबसाइट लॉन्च की। चौथे आईएएफएस में पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के नेता, अफ्रीकन यूनियन कमीशन और क्षेत्रीय संगठन के प्रतिनिधि एक साथ आएंगे ताकि भारत-अफ्रीका की पक्की साझेदारी को मजबूत किया जा सके और अलग-अलग क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने के लिए एक रोडमैप तैयार किया जा सके।



## भारत-अफ्रीका के बीच बड़ी साझेदारी




विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह समिट 'आईए स्प्रिट: इंडिया अफ्रीका स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फॉर इनोवेशन, रेजिलिएंस, एंड इनक्लूसिव ट्रांसफॉर्मेशन' थीम के तहत होगी, जो भारत और अफ्रीका के बीच साझेदारी के बड़े नेचर को दिखाती है। समिट से पहले, तैयारी के लिए कई मीटिंग होंगी, जिसमें 29 मई 2026 को भारत-अफ्रीका विदेश मंत्रियों की बैठक शामिल है। इसके पहले 28 मई को सीनियर अधिकारियों की मीटिंग होगी, जिसमें भारत और अफ्रीका के बीच सहयोग के खास क्षेत्र पर बातचीत होगी।

## डिजिटल, फिनटेक क्षेत्रों में हो रहा जुड़ाव

*इस मौके पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि अफ्रीका की आजादी के बिना हमारी आजादी पूरी नहीं थी, अफ्रीका के विकास के बिना हमारा विकास पूरा नहीं था, और हमारी तरक्की तभी पूरी और पक्की होगी जब हम अफ्रीका की तरक्की भी देखेंगे। हमारी बड़े पैमाने पर डेवलपमेंट पार्टनरशिप और कैपेसिटी-बिल्डिंग की कोशिशें, जो अफ्रीकी प्राथमिकताओं और लोकल ओनरशिप से चलती हैं। डिजिटल, फिनटेक और इनोवेशन के नए क्षेत्रों में हमारे जुड़ाव का विस्तार, पूरे अफ्रीकी महाद्वीप की अर्थव्यवस्थाओं को नया आकार दे रहा है।*

### अफ्रीका को हर क्षेत्र में सहयोग करेगा भारत

विदेश मंत्री ने कहा कि टिकाऊ भविष्य के लिए मजबूत सहयोग- इंटरनेशनल सोलर अलायंस, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस, कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर और इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस में हमारा गहरा जुड़ाव। ग्लोबल गवर्नेंस में अफ्रीका की सही जगह के लिए भारत का लगातार समर्थन, भारत की 2023 की अध्यक्षता के दौरान जी20 में एयू के शामिल होने से दिखा।

## साझा इतिहास को पार्टनरशिप में बदल रहे

विदेश मंत्री ने कहा कि अफ्रीका में भारत की बढ़ती डिप्लोमैटिक मौजूदगी, हर अफ्रीकी इलाके के साथ जुड़ने के हमारे लंबे समय के कमिटमेंट को दिखाती है। संघर्ष, एकजुटता, मजबूती और उम्मीदों का हमारा साझा इतिहास हमारी पार्टनरशिप को आकार दे रहा है। भारत और अफ्रीका मिलकर सिर्फ डेवलपमेंट में ही पार्टनर नहीं हैं, हम एक बेहतर दुनिया बनाने में भी पार्टनर हैं।

## खबर संक्षेप

### गृह मंत्रालय ने जारी की आतंकियों की सूची




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के ज्यादातर खूंखार आतंकियों ने सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों को गच्चा देने के लिए अपने नाम बदल रखे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 'गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यूएपीए के तहत आतंकियों की जो सूची तैयार की गई है, उसमें 57 आतंकियों के लगभग 200 नाम लिखे गए हैं। भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी दाऊद इब्राहिम के 22 नाम हैं। पाक आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-ताइबा' प्रमुख हाफिज सईद के 9 और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का शीर्ष आतंकी मोहीउद्दीन औरंगजेब आलमगीर 11 नामों से जाना जाता है।

### चीन के पर्यटकों को वीजा जारी करेगा भारत



**नई दिल्ली।** भारत सरकार चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा फिर से शुरू करने की तैयारी कर रही है। नए वीजा नियम मुख्य चीन, हांगकांग और मकाऊ से आने वाले यात्रियों पर लागू होंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह एक अच्छा कदम है और इससे दोनों देशों के बीच यात्रा और संवाद को बढ़ावा मिलेगा। सरकार का यह फैसला पर्यटन, व्यापार और लोगों के बीच आपसी मेलजोल को फिर से बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है। वीजा देने के लिए सामान्य प्रक्रियाओं का पालन होगा।

### ब्रिटेन में ई-सिगरेट पर बैन, नया बिल पास



**लंदन।** ब्रिटेन की संसद ने एक नया बिल पास किया है, जिसके तहत 31 दिसंबर 2008 के बाद जन्मे लोग कभी भी सिगरेट नहीं खरीद पाएंगे। यह कानून लागू होने के बाद देश में धूम्रपान को कम करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने इसे ऐतिहासिक फैसला बताया और कहा कि इससे लोगों की जान बचेगी और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव कम होगा। इस बिल के तहत वेपिंग (ई-सिगरेट) पर भी कई जगहों पर रोक लगाई जाएगी जैसे स्कूल, पार्क और अस्पताल। हालांकि, लोग अपने घरों में धूम्रपान कर सकेंगे।

भारत-फ्रांस का हवाई सफर होगा आसान

# एयरपोर्ट से ट्रांजिट करने के लिए अलग से वीजा नहीं लेना पड़ेगा



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत से फ्रांस के रास्ते हवाई मार्ग से जाने वाले यात्रियों के लिए अब सफर आसान हो जाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई थी। अब फ्रांस ने आधिकारिक तौर पर एयरपोर्ट ट्रांजिट वीजा की आवश्यकताओं को हटा दिया है। यह फैसला 10 अप्रैल से लागू हो चुका है। इसका मतलब है कि अब भारतीय नागरिकों को फ्रांस के एयरपोर्ट से ट्रांजिट करने के लिए अलग से वीजा नहीं लेना पड़ेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान इसे दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों का एक बड़ा प्रमाण बताया है। इससे यूरोप की यात्रा करने वाले हजारों भारतीयों को समय और पैसे की बड़ी बचत होगी। जायसवाल ने कहा कि नेपाल ने कस्टम ड्यूटी लेने का निर्णय अनौपचारिक व्यापार और तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया है।

### नागरिकों की सुरक्षा अहम

*जायसवाल ने बताया कि कल दो विदेशी जहाजों पर फायरिंग की घटना हुई है। इसमें ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के शामिल होने की खबर है। भारत इस मामले पर पूरी गंभीरता से नजर रख रहा है। इन जहाजों पर भारतीय नाविकों के सवार होने की भी सूचना मिली है। भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार ईरान के संपर्क में है। भारत ने अमेरिका के समक्ष हॉर्मुज जलडमरूमध्य में कमर्शियल जहाजों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया है। भारत चाहता है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग में जहाजों की आवाजाही बिना किसी बाधा के जारी रहे ताकि वैश्विक व्यापार प्रभावित न हो।*

### जापान के साथ खास पार्टनरशिप

भारत और जापान के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग अब एक नए स्तर पर पहुंच गया है। विदेश मंत्रालय ने जापान द्वारा रक्षा उपकरण और तकनीक ट्रांसफर के सिद्धांतों की समीक्षा करने के फैसले का स्वागत किया है। यह सहयोग भारत-जापान स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्तंभ है। दोनों देश अब सरकारी संस्थानों और निजी क्षेत्र के बीच तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे भारत की नेशनल सिक्योरिटी और आर्थिक गतिशीलता को नई मजबूती मिलेगी। खासकर क्रिटिकल सेक्टर्स में स्वदेशी तकनीक विकसित करने में जापान का अनुभव भारत के काम आएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के रक्षा उद्योग प्रतिनिधियों के साथ की अहम बैठक

# कहा- दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की अपार संभावनाएं

रक्षा क्षेत्र में संयुक्त विकास और उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ने की अपील

*रक्षा मंत्री के साथ हुई बैठक के दौरान रक्षा उत्पादन, उन्नत तकनीक और उद्योगों के बीच साझेदारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने बताया कि जर्मन उद्योग जगत ने भारत में रक्षा क्षेत्र में हो रहे सुधारों और निवेश के अनुकूल माहौल की सराहना की है*

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के रक्षा उद्योग प्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक में टेक्नोलॉजी के सह-विकास और सह-उत्पादन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित इस बैठक में दोनों देशों के रक्षा उद्योग से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान रक्षा उत्पादन, उन्नत तकनीक और उद्योगों के बीच साझेदारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

रक्षा मंत्री ने बताया कि जर्मन उद्योग जगत ने भारत में रक्षा क्षेत्र में हो रहे सुधारों और निवेश के अनुकूल माहौल की सराहना की है। उन्होंने जर्मन कंपनियों से अपील की कि वे भारत के साथ मिलकर आधुनिक और विशेष तकनीकों के क्षेत्र में संयुक्त विकास और उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ें। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस तरह का सहयोग न केवल भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने भरोसा जताया कि विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर भारत रक्षा उत्पादन और तकनीकी नवाचार को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत तेजी से आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने स्टार्टअप इकोसिस्टम की भी सराहना की और कहा कि देश के युवा नए विचारों के साथ नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।



जर्मनी की राजधानी बर्लिन में डिफेंस इंवेस्टर समिट को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप पर हस्ताक्षर



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के संघीय रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की। इसकी जानकारी 'एक्स' पर देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने तथा उभरती भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। खासकर नई तकनीकों के क्षेत्र में मिलकर काम करने और उत्पादन बढ़ाने पर। इस दौरान 'डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप' और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा में सहयोग हेतु कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह समझौता भारत-जर्मनी रक्षा सहयोग को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### सबमरीन प्लांट भी देखा तकनीकी जानकारी ली

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने र्मनी के कील शहर में थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमसी) के सबमरीन बनाने वाले प्लांट का दौरा किया। वहां उन्हें आधुनिक नौसेना तकनीकों और क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई। उनके साथ जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस भी मौजूद थे।*



### जर्मनी के साथ 75,272 करोड़ रुपए की बड़ा सैन्य समझौता

### भारत आएगी दुनिया की सबसे साइलेंट सबमरीन टेक्नोलॉजी

*भारत और जर्मनी के बीच रक्षा क्षेत्र में एक बहुत बड़ी डील होने जा रही है। यह डील 8 अरब डॉलर (करीब 75,272 करोड़ रुपए) की है और अगले 90 दिनों के अंदर इस पर अंतिम मुहर लग सकती है। जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद इसकी जानकारी दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत में छह एडवांस सबमरीन बनाई जाएंगी। भारत सरकार वर्तमान में इस एग्रीमेंट को अंतिम रूप देने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। यह पहली बार होगा जब जर्मनी अपनी सबमरीन प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी किसी गैर-यूरोपीय देश को ट्रांसफर करेगा। इस डील के लिए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच पहले ही चर्चा हो चुकी है। इस मेगा प्रोजेक्ट के तहत कुल छह सबमरीन का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। इसके लिए जर्मनी की दिग्गज कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमसी) और भारत की सरकारी कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड साथ मिलकर काम करेंगी।*

ब्रिटेन के एनएसए पॉवेल भारत दौरे पर

# विदेश मंत्री जयशंकर, अजीत डोभाल व रक्षा सचिव से मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वार्षिक भारत-ब्रिटेन रणनीतिक वार्ता के लिए ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जोनाथन पॉवेल नई दिल्ली पहुंचे। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पॉवेल से मुलाकात की। डॉ. जयशंकर ने बताया कि इस मुलाकात में क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों के साथ-साथ भारत-ब्रिटेन सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। भारत के एनएसए अजीत डोभाल से भी पॉवेल से मुलाकात की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने सहित भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर भी अपने विचार साझा किए। पॉवेल ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। दोनों ने भारत-ब्रिटेन रक्षा सहयोग प्रगति की समीक्षा की।



व्यापार समझौते पर बोले अमेरिकी प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर

# भारत के साथ 'डील' आसान नहीं, कई क्षेत्र संरक्षित चाहता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जारी वार्ता के बीच अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत एक 'टफ नट टू क्रैक' है, यानी भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं है।


ग्रीर ने यह टिप्पणी अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने की। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की सुरक्षा करता आया है और मौजूदा व्यापार वार्ता में भी वह कई क्षेत्रों को संरक्षित रखना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत अपने घरेलू हितों को प्राथमिकता देता है, खासकर कृषि क्षेत्र में, इसलिए बातचीत आसान नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि कुछ क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहमति बनने की संभावना है।

### 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने की बातचीत

*वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन के नेतृत्व में 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी विदेश मंत्री ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व वाली अमेरिकी टीम के साथ व्यापार समझौते के बारीक बिंदुओं पर बातचीत की। तीन दिवसीय वार्ता बुधवार को समाप्त हुई। ग्रीर ने बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस की कमेटी ऑन वेज एंड मीन्स को बताया कि भारत एक कठिन चुनौती है। उन्होंने बहुत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की रक्षा की है। इस समझौते के तहत भारत अमेरिकी बाजारों में तरजीही पहुंच की मांग कर रहा है।*

भारत में बढ़ रहा अमीरों का दबदबा

# 'अरबपतियों' की संख्या पहुंचेगी 300 के पार, विश्व में तीसरा देश



एआई इमेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अल्ट्रा हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल (यूएचएनडब्ल्यूआई) की आबादी तेजी से बढ़ी है और 2031 तक यह 25,000 के अधिक होने का अनुमान है। यह जानकारी गुरुवार नाइट फ्रैंक के एनालिसिस रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की यूएचएनडब्ल्यूआई आबादी वर्तमान में 19,877 है, जो कि 2031 तक 27 प्रतिशत बढ़कर 25,217 होने की उम्मीद है।

भारत में अरबपतियों की संख्या में भी पिछले पांच वर्षों में 58 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई है, जो 2026 में बढ़कर 207 हो जाएगी, जो अमेरिका और चीन के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी संख्या है। आम तौर पर, ऐसे व्यक्ति जिनके पास 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक की तरल या निवेश योग्य संपत्ति होती है, उन्हें यूएचएनडब्ल्यूआई माना जाता है।

### अरबपतियों की आबादी में 8% हिस्सेदारी होगी

देश में अरबपतियों की संख्या में 2031 तक 51 प्रतिशत की और वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे यह संख्या 313 तक पहुंच जाएगी। इसके साथ ही वैश्विक अरबपति आबादी में भारत की हिस्सेदारी 6.7 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 8 प्रतिशत हो जाएगी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 2026 में वैश्विक यूएचएनडब्ल्यूआई की आबादी में भारत की हिस्सेदारी 2.8 प्रतिशत होगी, जो पांच साल पहले मात्र 2 प्रतिशत से थोड़ी अधिक थी।

### मुंबई में सबसे ज्यादा अल्ट्रा-रिच लोग

अल्ट्रा-रिच लोगों के मामले में देश अब विश्व स्तर पर छठे स्थान पर है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत में धन का वितरण भौगोलिक रूप से अधिक होता जा रहा है, हालांकि मुंबई अल्ट्रा-रिच लोगों की आबादी में 35.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अपना दबदबा बनाए हुए है।

ईरान से संघर्ष के बीच नाटो सहयोगियों को झटका देने की तैयारी

# 'शरारती और अच्छे' की सूची तैयार, मूल्यांकन कर देंगे दंड

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान से संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कथित तौर पर नाटो सदस्य देशों की एक 'शरारती और अच्छे' (नॉटी एंड नाइस) की सूची तैयार की है। यह सूची ट्रंप प्रशासन की उस पहल का हिस्सा है जिसके तहत उन सहयोगियों का मूल्यांकन किया जाएगा और संभवतः उन्हें दंडित भी किया जाएगा।

जिन्होंने ईरान संघर्ष के दौरान अमेरिका के रुख का समर्थन नहीं किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस पहल पर काम नाटो महासचिव मार्क रुटे की वाशिंगटन यात्रा से पहले शुरू कर दिया गया था। नॉटी एंड नाइस की सूची सदस्यों को उनके रक्षा योगदान और व्यापक सहयोग के आधार पर वर्गीकृत करती है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

मूल्यांकन रक्षा योगदान और व्यापक सहयोग के आधार पर

### याद रखेंगे अमेरिका का नहीं दिया साथ

यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उन लगातार चेतावनियों को रेखांकित करता है कि जो सहयोगी रक्षा खर्च में हिस्सेदारी या रणनीतिक समर्थन के मामले में अमेरिका की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। व्हाइट हाउस की उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने प्रशासन के इस रुख को लेकर कहा है कि अमेरिका हमेशा अपने सहयोगियों के लिए खड़ा रहा है लेकिन 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान वो हमारे लिए खड़े नहीं हुए। ट्रंप कह चुके हैं कि अमेरिका इस बात को याद रखेगा।


पूर्व विदेश मंत्री का खुलासा

### यूएस के तीन राष्ट्रपतियों ने ठुकराया था प्लान



अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने खुलासा किया कि इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने अमेरिका के तीन नेताओं के सामने ईरान के साथ सैन्य संघर्ष का प्रस्ताव रखा था, जिसे सभी ने ठुकरा दिया। केरी ने कहा कि ओबामा, बुश और बाइडेन ने युद्ध के दबाव का विरोध किया। क्योंकि उन्होंने शांति के सभी उपायों को आजमाया नहीं था।

### ईरान ने होर्मुज पर टोल से की बंपर कमाई



स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को ईरान ने कमाई का जरिया बना लिया है। होर्मुज से हुई पहली कमाई ईरान के सेंट्रल बैंक तक पहुंच गई है। ईरानी संसद के उपाध्यक्ष हमीदरेजा हाजीबाबाएई ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट के टोल से मिली पहली कमाई सेंट्रल बैंक के खाते में जमा कर दी गई है। लेकिन इसके बारे में उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

### डॉक्टरों की मदद के लिए आया चैट जीपीटी



**नई दिल्ली।** ओपनएआई ने विशेष रूप से डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सहायता के लिए 'चैटजीपीटी फॉर क्लिनिशियंस' लॉन्च किया है, जो नैदानिक कार्यों को आसान बनाने और दस्तावेज़ीकरण के बोझ को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह टूल स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में आ रही चुनौतियों को कम करने और डॉक्टरों को प्रशासनिक कार्यों के बजाय मरीजों की देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा। यह डॉक्टरों को मेडिकल रिसर्च, नोट्स लिखने और रेफरल लेटर तैयार करने में सहायता करता है।

बच्चों, तुमने तोते या किसी अन्य जंतु को मनुष्य की आवाज या विभिन्न तरह की ध्वनियों की नकल करते सुना होगा। ये पशु-पक्षी क्यों और कैसे आवाजों की नकल कर लेते हैं, इस बारे में जानो।



# आवाजों की नकल करने में माहिर होते हैं कुछ पशु-पक्षी

जानकारी

शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ पशु-पक्षियों में इंसान की बोली की नकल करने की क्षमता पाई जाती है। कई जंतु तो ऐसे भी होते हैं, जो मनुष्य की बोली के अलावा अन्य स्रोतों से आ रही आवाजों की भी हू-ब-हू नकल कर लेते हैं। तोता, मैना, लायरबर्ड जैसे पक्षी और डॉल्फिन जैसे जलीय जंतु में ये गुण विशेष रूप से पाए जाते हैं। मनुष्य की बोली या फिर किसी आवाज की नकल करने की क्षमता इन जंतुओं की शारीरिक संरचना, मस्तिष्क की संरचना और बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। इसे विस्तार से जानो-

## विशिष्ट स्वर तंत्र

कुछ पक्षियों में सिरिंक्स नामक एक विशेष अंग स्वरयंत्र होता है, जो उनके श्वास नली में स्थित होता है। यह मनुष्यों के स्वरयंत्र लैरिंक्स से अलग होता है, यह इन पक्षियों में विभिन्न ध्वनियों को उत्पन्न करने में अत्यधिक लचीलापन प्रदान



करता है। तोता, मैना और लायरबर्ड जैसे पक्षियों में सिरिंक्स की मांसपेशियां जटिल ध्वनियों को दोहराने में सक्षम होती हैं। लायरबर्ड का सिरिंक्स तो इतना विकसित होता है कि यह चेनसॉ या कैमरे के शटर जैसी यांत्रिक ध्वनियों की भी नकल कर सकता है। पक्षियों के अलावा डॉल्फिन जैसे कुछ स्तनधारी जंतु नाक के छिद्रों और गले की



मांसपेशियों का उपयोग करके ध्वनियां उत्पन्न करते हैं। ये जीव मानव सीटी या क्लिक्स जैसी ध्वनियों की भी नकल कर सकते हैं। उनकी नकल शब्दों तक सीमित होती है। इन प्राणियों में ध्वनि उत्पन्न करने वाली मांसपेशियों पर उच्च स्तर का नियंत्रण होता है, जिससे वे विभिन्न आवृत्तियों और स्वरों को दोहरा सकते हैं।

## उत्कृष्ट श्रवण क्षमता

आवाज या ध्वनि की नकल करने वाले प्राणी उत्कृष्ट श्रवण क्षमता रखते हैं, जो उन्हें जटिल ध्वनियों को सुनने, विश्लेषण करने और दोहराने में मदद करती है। जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरट न केवल शब्दों को दोहराता है, बल्कि उनके स्वर और लहजे को भी कॉपी करता है। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरणीय ध्वनियों को सुनकर उन्हें सटीक रूप से दोहराते हैं।

## मस्तिष्क की बुद्धिमत्ता और स्मृति

कुछ पक्षियों, जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरट और रेवेन में बड़ा और जटिल मस्तिष्क होता है, विशेष रूप से उनका फोरब्रेन क्षेत्र, जो ध्वनियों को सीखने और



याद रखने में मददगार होता है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों के अनुसार तोते में एक विशेष मस्तिष्क क्षेत्र होता है, जिसे 'सॉन्ग सिस्टम' कहा जाता है। यह क्षेत्र ध्वनियों को सीखने और उन ध्वनियों को दोहराने में मदद करता है। डॉल्फिन में भी बड़ा मस्तिष्क और जटिल न्यूरल नेटवर्क होता है, जो इसे ध्वनियों को समझने और दोहराने में सक्षम बनाता है।

## सामाजिक संपर्क और प्रशिक्षण

कई बार पालतू पक्षी जैसे तोता-मैना आदि मानव संपर्क में रहने के कारण नकल करते हैं। वे बार-बार सुने गए शब्दों या वाक्यांशों को सीख लेते हैं, उन्हें दोहराते हैं। लायरबर्ड जैसे जंगली पक्षी सामान्य तौर पर प्राकृतिक ध्वनियों (जैसे- पशु-पक्षियों की आवाजें या अन्य ध्वनियां, जो उन्हें सुनाई देती हैं) की ही नकल लेते हैं। लेकिन इंसानों के संपर्क में आने पर, इंसानों की आवाज सुनकर लायरबड्र्स इंसानी बोली की भी नकल कर सकते हैं। *

## क्यों करते हैं नकल



**बच्चो, तुम** सोच सकते हो कि ये जंतु आवाजों की नकल क्यों करते हैं? नकल करने का जो कारण है, वह इन प्राणियों के प्राकृतिक व्यवहार, सामाजिक संरचना और अस्तित्व की रणनीतियों से जुड़ा होता है।

**सामाजिक संवाद:** ज्यादातर पक्षी और डॉल्फिन सामाजिक प्राणी हैं। नकल उनकी सामाजिक संरचना का हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे अपने समूह के अन्य सदस्यों के साथ संवाद करते हैं। जैसे तोता और मैना अपने झुंड में पहचान स्थापित करने के लिए विशिष्ट ध्वनियों की नकल करते हैं। पालतू होने पर वे मानव को अपने 'झुंड' का हिस्सा मानकर और कभी-कभी उनसे मैत्री भाव दर्शाने के लिए भी उनकी बोली की नकल करते हैं। डॉल्फिन अपने समूह (पॉड) में संवाद के लिए सीटियां और क्लिक्स का उपयोग करती हैं। मानव ध्वनियों की नकल उनके सामाजिक बुद्धिमत्ता का हिस्सा हो सकती है।

**पर्यावरणीय अनुकूलन:** जंगली पक्षी, जैसे कौए और रेवेन पर्यावरणीय ध्वनियों की नकल करके अपने आस-पास के खतरों या अवसरों को समझते हैं। उदाहरण के लिए वे शिकारियों की आवाज की नकल करके अन्य जानवरों को चेतावनी देते हैं। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरण की ध्वनियों (जैसे पानी की आवाज या अन्य पक्षियों की कॉल) की नकल करके अपने क्षेत्र में छिपने या संवाद करने में मदद लेते हैं।

**बुद्धिमत्ता और जिज्ञासा:** अफ्रीकी ग्रे तोते और डॉल्फिन जैसे प्राणी अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं। उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता उन्हें नई ध्वनियों को सीखने और दोहराने के लिए प्रेरित करती हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि अफ्रीकी ग्रे तोता 'एलेक्स' न केवल शब्दों को दोहराता था बल्कि उनके अर्थ को समझकर संदर्भ में जवाब देता था, जैसे रंग या आकार के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना।

**मानव संपर्क का प्रभाव:** पालतू पक्षी जैसे तोता, मैना और बजरिगर, मानव बोली की नकल इसलिए करते हैं, क्योंकि वे अपने मालिकों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह उनके सामाजिक लगाव का हिस्सा है। मानव द्वारा प्रशिक्षण और पुरस्कार जैसे भोजन या ध्यान आकर्षण भी उन्हें नकल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

---

पुलकित ने एक दिन अपनी मां को बताया कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनेगा। उसका यह सपना पूरा हो, इसके लिए मां ने उसे जो सूत्र दिया, बच्चो तुम भी जानो, अपने सपने पूरे करो।

# पुलकित का सपना



एआई इमेज



प्रेरक कहानी

नीलम राकेश

बारह साल का पुलकित उस दिन मां के पास आकर बोला, 'मम्मी जी, मैंने फैसला कर लिया है कि मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?'

'अरे वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है। क्या सोचा है तुमने?' मां ने उत्सुक होकर पुलकित से पूछा।

'मैं बहुत बड़ा वैज्ञानिक बनूंगा।' पुलकित ने बताया।

'अच्छा तो तुम वैज्ञानिक क्यों बनना चाहते हो?' मां ने जानना चाहा।

'मैं बहुत दिनों से सुन रहा हूं, बड़े लोग बात करते हैं, खेती के लिए जमीन की कमी हो रही है। इस तरह तो अनाज की कमी हो जाएगी। इंसान क्या खाएगा? इसीलिए मैंने सोचा है, मैं वैज्ञानिक बनकर इस समस्या का कोई हल खोजूंगा।' पुलकित थोड़ा गंभीर होकर बोला।

'यह तो बहुत अच्छी बात है। तो तुम खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। तभी वैज्ञानिक बनकर तुम अपने सपने को पूरा कर सकोगे।' मां पुलकित के सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं।

पुलकित कुछ आश्चर्य से बोला, ' लेकिन मम्मी आप मेरी बात पर हंसी नहीं? जब मैंने अपने दोस्तों को यह बात बताई तो सबने मेरा खूब मजाक उड़ाया। स्कूल में बहुत से बच्चे मुझे देखते ही कहने लगते हैं-आ गए वैज्ञानिक महाशय।'

'यह तो सफलता का पहला लक्षण है। तुम जरूर एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनोगे।' मां ने बेटे का हौसला बढ़ाया।

'वो कैसे..?' पुलकित ने आश्चर्य से मम्मी से पूछा।

'जानते हो बेटा, हमारे जितने भी महान वैज्ञानिक हुए हैं, वे सब आम लोगों से हटकर सोचते थे। क्योंकि वे समय से आगे की सोचते थे। इसलिए लोगों को लगता कि वो जो कह रहे हैं, वह एक पागलपन है। लेकिन आगे जाकर उनका यही पागलपन यानी लक्ष्य पाने का जुनून किसी बड़े आविष्कार का कारण बना। आज लोग तुम पर हंस रहे हैं, क्योंकि वह तुम्हारी बात नहीं समझ पा रहे हैं। बेटा, लोगों का मजाक उड़ाना भूलकर तुम्हें बस अपने ऊपर विश्वास करके खूब मेहनत और गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना है। देखना एक दिन तुम जरूर सफल होगे।'

मां की बात सुनकर नन्हे पुलकित के चेहरे पर विश्वास की आभा तैर उठी। उसने मन ही मन संकल्प लिया वह वैज्ञानिक बनकर कोई ऐसी खोज जरूर करेगा, जिससे देश में इतना ज्यादा अनाज पैदा हो कि लोगों के लिए इसकी कमी ना हो। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां





बच्चो, वरिष्ठ लेखक गोविंद शर्मा कई दशकों से रोचक, प्रेरक बाल कहानियां लिख रहे हैं। उनकी 36 प्यारी-प्यारी कहानियों की किताब 'मेरी पसंद की बाल कहानियां', शकुंतला कालरा के संपादन में छपकर हाल में ही आई है। ये कहानियां मनोरंजक तो हैं ही, साथ ही हर कहानी में तुमको कोई न कोई प्रेरणा या शिक्षा भी जरूर मिलेगी। 'सोने का अंडा' कहानी कहती है कि लालच हमेशा बुरा परिणाम ही देता है। 'जल की रानी' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह एक नन्ही बच्ची, खरगोश को स्विमिंग पूल में डूबने से बचा लेती है। कुछ इसी तरह की कहानी है 'छत पर पूल', जिसमें बच्चे चिड़िया को बचाने के लिए छत पर तालाब जैसा बना देते हैं। 'काचू की टोपी' कहानी हंसते-हंसाते बताती है कि हमें सच्चाई का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह 'जल कंजूस', 'चुटकी भर मिट्टी' और 'पानी में पैसा' जैसी कहानियां पर्यावरण के प्रति सजग बनाती हैं। बच्चो, सभी कहानियां तुम्हें जरूर अच्छी लगेंगी। *

**किताब :** मेरी पसंद की बाल कहानियां–गोविंद शर्मा, **संपादन :** डॉ. शकुंतला कालरा, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**रमन:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-श्रेया, रायपुर

**गप्पू:** मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
**पप्पू:** अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
**गप्पू:** म्याऊं।
-अक्षत, बिलासपुर

**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहित:** सर, यही कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-सारांश, रोहतक

## जीके क्विज-202



1. आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?
2. मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब किसने जीता है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. बोहाग बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध उत्सव है?
5. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
6. किस शासक ने ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण कराया था?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
8. दालों में सेहत के लिए लाभदायक कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
10. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?

बच्चो, जीके क्विज-202 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-201 का उत्तर :** 1. दिव्या सिंह, 2. सम्राट चौधरी, 3. ताइक्वांडो, 4. भुवनेश्वर कुमार, 5. 1 मई, 6. कृष्णदेव राय, 7. बैकाल, 8. 12 सदस्य, 9. सिस्मोग्राफ, 10. कावेरी

**जीके क्विज-201 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, आनंद-सीतापुर, सौम्या-रायगढ़, स्वप्निल-जांजगीर, हेमंत-बिलासपुर, तरुण-रोहतक, कविता-महासमुंद

---

कहानी

इंदिरा त्रिवेदी

रिनी, वार्डरोब में अपने कपड़े बड़े ही बेतरतीब ढंग से रखती थी। उसकी इसी लापरवाही पर एक दिन उसके कपड़े, आपस में बात करके अपनी नाराजगी, गुस्सा प्रकट करने लगे। उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि वे रिनी से कुछ बोल नहीं सकते। फिर भी क्या रिनी की आदत में कोई सुधार हुआ?

# काश! हम कुछ कह पाते



एआई इमेज

'लो और कपड़े आ गए वार्डरोब के अंदर! वैसे ही वार्डरोब ठसाठस भरी हुई थी।' कहते हुए रिनी की वार्डरोब में रखी शॉर्ट कुर्ती ने मुंह बनाया। यह देख नया टॉप पहले थोड़ा सकुचाया फिर बोला, 'क्या हुआ बहन, क्या कहना चाह रही हो?'

'कुछ नहीं, तुम नए-नए हो इसलिए कुछ नहीं जानते। कुछ समय बाद तुम्हें अपने आप ही पता चल जाएगा।' शॉर्ट कुर्ती रुक-रुक कर बोली। 'क्या बात है बहन, कुछ तो बताओगी या ऐसे ही पहेलियां बुझाती रहोगी!' नए टॉप ने बात जाननी चाही।

'क्या बताऊं भाई, दरअसल रिनी बहुत लापरवाह लड़की है। कोई भी कपड़ा कहीं भी पटक देती है। कपड़े यहां-वहां पटक देना इसने अपनी आदत ही बना ली है। आज मैं जरूर वार्डरोब में धुली और प्रेस की हुई करीने से रखी हूं, लेकिन पिछले चार दिनों से दरवाजे के पीछे पड़ी धूल खा रही थी। रिनी को जब मम्मी की जोरदार डांट पड़ी, तब उसने मुझे धुलने को दिया और प्रेस होने के बाद मैं आज चैन की सांस ले रही हूं। तुम अभी नए नए हो। धीरे-धीरे सब कुछ जान जाओगे।' शॉर्ट कुर्ती ने अपनी परेशानी बताई। यह सुनकर टॉप सोच में पड़ गया, लेकिन रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गई, बोला, 'अच्छा बहन, रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में थोड़ा और बताओ।'

शॉर्ट कुर्ती बोली, 'घर के सदस्यों के बारे में क्या बताऊं भाई। और लोग तो जितने व्यवस्थित हैं, उतनी ही रिनी लापरवाह है। उसकी एक दीदी है, बेचारी अकसर मशीन लगा-लगाकर कपड़े धोती रहती है। मम्मी भी धुले हुए कपड़ों को तह करके जब देखो तब रखती रहती हैं, लेकिन अपने कपड़ों को तो रिनी को खुद ही संभालना चाहिए न। क्यों सही कहा न मैंने?' 'हां, हां बिल्कुल, अपना काम तो स्वयं ही करना चाहिए। और वैसे भी इतनी छोटी थोड़ी है वो जो अपना काम न कर सके।' टॉप बोला।

'वही तो मैं भी कह रही हूं, नाइंथ क्लास में वह आ गई है, कुछ तो अक्ल आ जानी चाहिए न!' कुर्ती भुनभुनाई। 'हूं..!' टॉप ने हां में हां मिलाई। उसके साथ ही वार्डरोब में रखे अन्य कपड़ों ने भी सिर हिलाकर अपनी-अपनी सहमति दी। शॉर्ट कुर्ती ने देखा कि सभी कपड़े उसकी बात को ध्यान से सुन रहे हैं। यह देखकर वह और जोश में आ गई। सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए बोली, 'एक बार की बात बताऊं?'

'हां-हां बताओ-बताओ..।' सभी कपड़े एक स्वर में बोले। कुर्ती ने जोश में बताना शुरू किया, 'करीब दो महीने पहले की बात है, रिनी अपने चाचाजी के घर गई थी। चाचाजी की एक बेटी रिनी की हमउम्र है। उस दिन रिनी ने मुझे ही पहना हुआ था। मैंने देखा रिनी के चाचाजी का घर बहुत बड़ा, साफ-सुथरा था। घर की हर चीज करीने से सजी हुई थी। रिनी के चाचाजी की बेटी का नाम सोना है। उसका एक अलग कमरा था। कमरे में उसकी दो अलमारियां थीं। एक किताबों की और दूसरी कपड़ों की। जब रिनी सोना के कमरे में गई तो उसने अपना कमरा दिखाया, साथ में अपनी अलमारियां भी रिनी को दिखाईं। दोनों अलमारियां बहुत अच्छी साफ-सुथरी और व्यवस्थित थीं। कपड़ों की अलमारी में घर के कपड़ों का अलग रैक था। स्कूल के कपड़े, टाई, बेल्ट, मोजे, बैज हर चीज अपनी जगह पर रखी हुई थी। शू-रैक में शूज और चप्पलें करीने से जमे हुए थे। यह सब देखकर मेरी तो आंखें फटी की फटी रह गईं, लेकिन रिनी पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि सोना स्वयं अपनी दोनों अलमारी को जमाती है, उसे साफ-सुथरा रखती है।' कुर्ती ने यह भी बताया, 'वैसे यहां मम्मी और दीदी भी अपनी चीजों को अच्छी तरह रखते हैं, लेकिन रिनी ही लापरवाह है। ऐसे में हम कपड़ों की उम्र भी कम हो जाती है।'


तभी एक लाल रंग की फ्रॉक चहकते हुए बोली, 'छोटा मुंह और बड़ी बात, एक बात कहना चाहूंगी कि कपड़े इंसान की शोभा बढ़ाते हैं, यह बात सच है कि नहीं।' अन्य कपड़ों ने भी उसकी बात से सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल सही कहा लाल फ्रॉक तुमने।' नए टॉप ने भी कपड़ों का महत्व माना, वह बोला, 'अगर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रेस किए कपड़े पहनता है तो उसका व्यक्तित्व कुछ खास नजर आता है। और तो और, अच्छे और साफ-सुथरे कपड़े पहनने से मनुष्य का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।' 'लेकिन इन्हें कैसे समझाएं? काश! हम कुछ कह पाते।' सभी कपड़े एक साथ बोल पड़े। यह चर्चा चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा खुला और रिनी के साथ मम्मी और दीदी भी आ गए। रिनी ने अपनी वार्डरोब जैसे ही खोली, धड़धड़ाते हुए कपड़े जमीन पर गिर पड़े। उसने पलटकर देखा तो मम्मी और दीदी उसे गुस्से में देख रही थीं। रिनी बहुत शर्मिंदा हुई। उसने मन ही मन संकल्प कर लिया कि वह भी अपनी अलमारी को सोना की तरह जमाकर अच्छी तरह रखेगी।

उस दिन के बाद से रिनी सुधर गई और अपने कपड़े ही नहीं, अपनी हर चीज को जगह पर और संभालकर रखने लगी। रिनी की इस बदली आदत से सारे कपड़े खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीदी और मम्मी-पापा भी रिनी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। *

---

कविता

राजेंद्र श्रीवास्तव



एआई इमेज

## मच्छर जब आते हैं

रोहन बोला दादा जी से
मच्छर जब आते हैं।
आसपास कानों के आकर
भन-भन-भन्नाते हैं।
जब भी आते खून चूसकर
चुपके से उड़ जाते।
डेंग्यू और मलेरिया ज्वर
ये मच्छर फैलाते।
दादू बोले दोष न इनका
यह है भूल हमारी।
कचरा नमी गंदगी देखो
फैली कितनी सारी।
साफ स्वच्छ जब आसपास का
वातावरण बनेगा।
दूर-दूर तक कोई मच्छर
तो फिर नहीं दिखेगा।

---



## रंग भरो-200

**रंग भरो-200** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






आन्या, दुर्ग



अमोल, बेमेतरा



तोयशराज, रायपुर



आशना, जांजगीर



माही, महासमुंद



आर्यन, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रियांशी-बहादुरगढ़, विशिका-बिलासपुर, झरना-धमतरी, डॉली-मटियारी, किंजल-जबलपुर, सुमित-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, दिव्या-जांजगीर, कविता-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-हिसार, अंकित-गुना, सुयश-करनाल, रिंकी-बालोद

## रंग भरो 201





बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी ड्रॉइंग बना रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# आईपीएल : गेल ने 37, रसेल ने 47 और क्लासेन ने 52 पारी में ठोक डाले 100 छक्के

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में हेनरिक क्लासेन इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद की जीत में अहम योगदान दिया। क्लासेन ने 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। इस बीच उन्होंने आईपीएल में अपने 100 छक्के भी पूरे किए। इस बीच लीग में सबसे कम पारियों में 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### हेनरिक क्लासेन (52 पारी)

*क्लासेन ने अपने आईपीएल करियर की 52 पारियों में छक्कों का शतक पूरा किया। क्लासेन ने 1,072 गेंदों में 100 छक्कों का आंकड़ा छुआ, जिससे वह गेंदों के हिसाब से सातवें सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं। क्लासेन ने मैच में 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के लगाए। उन्होंने 56 मैचों में 41.86 की औसत और 166.51 के स्ट्राइक रेट से 1,800 रन बनाए हैं।*

### गेल (37 पारी)

*वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने 37 पारियों में अपने 100 छक्के पूरे किए थे। वह आईपीएल में 4 टीमों के लिए खेले थे। इस खिलाड़ी ने अपना पहला मुकाबला साल 2009 में खेला था। आखिरी बार वह 2021 में खेलते हुए नजर आए थे। गेल ने 142 मैच की 141 पारियों में 357 छक्के लगाए थे। उनके बल्ले से 404 चौके भी निकले थे। इस खिलाड़ी ने 39.72 की औसत और 148.96 की स्ट्राइक रेट से 4,965 रन बनाए थे।*



### आंद्रे रसेल (47 पारी)

*केकेआर के पूर्व दिग्गज आंद्रे रसेल ने 47 पारियों में अपने 100 आईपीएल छक्के पूरे किए थे। रसेल ने अपने आईपीएल करियर में 140 मैच खेले, जिसमें 28.20 की औसत और 174.17 की स्ट्राइक रेट से 2,651 रन बनाए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में 12 अर्धशतक बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 88 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 23.27 के औसत से 123 विकेट भी लिए हैं।*

## आईपीएल में सर्वाधिक 8 शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं विराट कोहली

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में अब तक कुछ बेहतरीन शतक लग चुके हैं। इस सीजन के 31वें मैच में एसआरएच के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 68 गेंदों में 135 रन की बड़ी पारी खेली। उनके शतक की मदद से एसआरएच ने मैच में 47 रन से जीत दर्ज की। इस बीच टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### विराट कोहली

विराट कोहली का टी-20 क्रिकेट करियर बेमिसाल रहा है। उन्होंने अपने टी-20 करियर में अब तक 13,000 से अधिक रन बनाए हैं, जिसमें कुल 9 शतक शामिल हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक लगाया है। इसके अलावा आईपीएल में उन्होंने 8 शतकीय पारियां खेली हैं। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। बता दें कि कोहली 2007 से टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं।



### रोहित शर्मा

रोहित शर्मा टी-20 क्रिकेट में कुल 8 शतक लगा चुके हैं। वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 12,000 से अधिक रन बना चुके हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 5 शतक लगाए हैं। उन्होंने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत 151 पारियों में 4,231 रन के साथ किया था। इसके अलावा आईपीएल में उनके बल्ले से 2 शतक और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक शतक निकले हैं।

## खबर संक्षेप

### बार्सिलोना सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग का खिताब जीता




**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर मौजूद रियाल मैड्रिड से 16 अंक आगे हो गया है जो खिताब जीतने के लिए पर्याप्त हैं। बार्सिलोना का यह 11वां लीग खिताब है। बार्सिलोना ने इस साल के टूर्नामेंट में अपने 26 मैचों में से 25 मैच जीते हैं। पिछले साल नवंबर में उसे रियल सोसिडाड के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी एकमात्र हार थी। बार्सिलोना की महिला टीम ने लीग में अब तक 116 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। इस तरह से उसका गोल अंतर 109 है। रियाल मैड्रिड का गोल अंतर 38 है।

### हालैंड के गोल से प्रीमियर लीग में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी



**लंदन।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नली को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करके आर्सेनल के 200 दिनों से पहले स्थान पर चल रहे दबदबे को समाप्त कर दिया। बर्नली के लिए यह हार करारा झटका है क्योंकि इससे वह दूसरे डिवीजन में खिसक गया है। हालैंड ने खेल के पांचवें मिनट में ही जेरेमी डोकु के पास पर लीग का अपना 24वां गोल दागा, जिससे सिटी खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। **सिटी और आर्सेनल के हुए समान अंक :** अब सिटी और आर्सेनल के 33 मैच में समान 70 अंक हो गए हैं और उनका गोल अंतर भी (37) बराबर है। सिटी ने हालांकि आर्सेनल के 63 गोल की तुलना में 66 गोल किए हैं जिससे वह पहले स्थान पर पहुंच गया है।

### प्रियानुज और ऋत्विक राष्ट्रीय चैंपियन बने



**देहरादून।** असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तमिलनाडु के पी बी अभिनंद को हराकर बृहस्पतिवार को यहां जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का अंडर-19 लड़कों का एकल खिताब जीत लिया। भट्टाचार्य ने 4-2 से जीत हासिल की। तमिलनाडु के अभिनंद और एम आर बालमुरुगन ने अपने ही राज्य के एस के मेहान और उमेश कुमार पर 3-1 की जोरदार जीत के साथ युगल खिताब अपने नाम कर लिया। **अंडर-17 में रोमांचक रहा मुकाबला :** वहीं अंडर-17 लड़कों के एकल वर्ग का फाइनल बेहद रोमांचक रहा जिसमें जम्मू-कश्मीर के ऋत्विक गुप्ता ने ओडिशा के सार्थक आर्य को सात गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में 4-3 से हराकर खिताब जीता।

## आईपीएल के इस संस्करण चेन्नई सुपर किंग्स ने दर्ज की अपनी तीसरी जीत

# सैमसन के शतक से चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रन से हराया

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 33वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रन से हरा दिया। इसी के साथ उसने आईपीएल 2026 में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। चार मुकाबलों में इस टीम को हार का सामना भी करना पड़ा है। वहीं, एमआई को इस संस्करण 5वीं हार मिली है। टीम अब तक सिर्फ 2 मुकाबले ही जीत पाई है। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। सीएसके के लिए संजू सैमसन ने शतकीय पारी (101*) खेली। उनके अलावा रुतुराज गायकवाड़ ने 14 गेंदों में 22 रन बनाए। सीएसके ने 207/6 का स्कोर बनाया।

अल्लाह गजनफर और अश्विनी कुमार ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में एमआई के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। अकील हुसैन ने सबसे ज्यादा 4 विकेट अपने नाम किए। एमआई 19 ओवर में सिर्फ 109 का स्कोर रन ही बना पाई।

### ऐसी रही सैमसन की शतकीय पारी

सीएसके के लिए सैमसन सलामी बल्लेबाज के रूप में आए थे। पहले विकेट के लिए उन्होंने गायकवाड़ के साथ 18 गेंदों में 32 रन जोड़े। इसके बाद सरफराज खान के साथ 16 गेंदों में 40 रन की साझेदारी निभाई। डेवाल्ड ब्रेविस के साथ उन्होंने 31 रन और कार्तिक शर्मा के साथ 43 रन जोड़े। उन्होंने 54 गेंदों का सामना कर 101* रन बनाए। उनके बल्ले से 10 चौके और 6 छक्के निकले।




### सैमसन ने की केएल राहुल की बराबरी

सैमसन ने इस शतक के साथ ही केएल राहुल की बराबरी कर ली। राहुल के भी आईपीएल में 5 शतक हैं। अब सैमसन आईपीएल में संयुक्त रूप से चौथे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे ज्यादा शतक सिर्फ विराट कोहली (8), जोस बटलर (7) और क्रिस गेल (6) के हैं। सैमसन ने डेविड वार्नर, शुभमन गिल और शेन वॉटसन को पीछे छोड़ दिया है। इन खिलाड़ियों के आईपीएल में 4-4 शतक हैं।

### सीएसके के लिए सबसे ज्यादा शतक सैमसन के

सैमसन आईपीएल के इतिहास में संयुक्त रूप से सीएसके के लिए सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने कप्तान गायकवाड़, मुरली विजय और शेन वॉटसन की बराबरी कर ली है। इन खिलाड़ियों ने भी सीएसके के लिए सबसे ज्यादा 2-2 शतक लगाए थे। सीएसके के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी माइक हसी, ब्रेडन मैकुलम, सुरेश रैना और अंबाती रायडू ने इस फ्रेंचाइजी के लिए एक-एक शतक अपने नाम किए थे।

### ऐसी रही अकील की घातक गेंदबाजी

अकील ने 4 ओवर गेंदबाजी की और एक मेडन के साथ सिर्फ 17 रन खर्च कर 4 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 4.20 की रही। इस खिलाड़ी ने दानिश मालेवार (0), नमन धीर (0), सूर्यकुमार यादव (36) और और तिलक वर्मा (37) को अपना शिकार बनाया। अकील ने आईपीएल में पहली बार 4 विकेट हॉल लिया। उनके अलावा नूर अहमद ने 4 ओवर में सिर्फ 24 रन देकर 2 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 6 की रही।

### ये बड़े रिकॉर्ड्स सैमसन ने किए अपने नाम

सैमसन सीएसके के पहले बल्लेबाज बने, जिन्होंने एमआई के खिलाफ कोई शतकीय पारी खेली। इस मुकाबले से पहले सबसे बड़ा स्कोर गायकवाड़ के नाम था। उन्होंने 88* रन की पारी खेली थी। टी-20 क्रिकेट में अब सैमसन के 8 शतक हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है। अब टी-20 क्रिकेट में भारत के लिए उनसे ज्यादा शतक सिर्फ कोहली और अभिषेक शर्मा ने बनाए हैं। इन दोनों के नाम 9-9 शतक हैं।

# अच्छे प्रदर्शन और जीत से उत्साहित आरसीबी व जीटी के बीच भिड़ंत आज



एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 34वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना आज शुक्रवार को गुजरात टाइटंस से होगा। आरसीबी ने इस संस्करण अब तक 6 मुकाबले खेले हैं। 4 मैच में उसे जीत और 2 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। जीटी ने भी 6 मैच खेले हैं। तीन मैच में उसे जीत और इतने ही मुकाबलों में उसे हार मिली है। यह मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। यह मैदान अपनी छोटी बाउंड्री के कारण हाई स्कोरिंग मैदान के रूप में जाना जाता है। हालांकि, यहां स्पिन गेंदबाजों बीच के ओवर के दौरान प्रभावशाली होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, चिन्नास्वामी स्टेडियम पर आईपीएल मैचों के दौरान पहली पारी का औसत स्कोर 167 रन का है।

### दोनों के बीच रहा बराबरी का मुकाबला

आईपीएल के इतिहास में दोनों टीमों के बीच अब तक 6 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान आरसीबी को 3 मैच में जीत मिली है। जीटी ने भी 3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। आईपीएल 2025 में दोनों टीमों के बीच एक मैच हुआ था। उस मुकाबले को जीटी ने 8 विकेट से अपने नाम किया था। आईपीएल 2024 में दोनों टीमों के बीच 2 मुकाबले हुए थे और दोनों मैच में आरसीबी को जीत मिली थी।

## सीनियर वूमेंस जेएस आनंद ट्रॉफी लिमिटेड ओवर इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट

कल इंदौर से होगा मुकाबला

# सागर को 10 विकेट से हराकर भोपाल डिवीजन फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



एमपीसीएम सीनियर वूमेंस जेएस आनंद ट्रॉफी इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट लिमिटेड ओवर में गुरुवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में भोपाल और सागर डिवीजन के बीच मैच खेला गया, सागर डिवीजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवर में 89 रन बनाकर ऑल आउट हो गई , जिसमें प्रीति ठाकुर 21 रन बनाकर नाबाद रही और मीनू यादव ने 17 रन बनाए । भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी में खुशी यादव ने 6 रन देकर 3 विकेट, निकिता सिंह ने 12 रन देकर 2 विकेट, और तनिष्का सेन ने 1 विकेट लिया । जवाब में भोपाल डिवीजन ने 21.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 93 रन बनाकर मैच जीत लिया, जिसमें निकिता सिंह ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी में भी दोहरा प्रदर्शन करते हुए नाबाद 43 रन और अंशुलिका सिंह नें नाबाद 40 रन बनाए । इस तरह भोपाल डिवीजन ने सागर डिवीजन को लीग का आखिरी मैच 10 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया । प्लेयर ऑफ द मैच खुशी यादव , (भोपाल डिविजन) रही। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 25 अप्रैल को भोपाल और इंदौर डिवीज़न के बीच खेला जाएगा ।

## देवास की सरदाना अकादमी से हुए कड़े और रोचक मुकाबले

# सेंचुरियन अकैडमी ने 2-1 से जीती वनडे सीरीज़



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेंचुरियन और सरदाना क्रिकेट अकैडमी, देवास के बीच खेली गई तीन मैचों की वन डे क्रिकेट सीरीज़ में सेंचुरियन अकैडमी ने 2–1 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। सेंचुरियन अकैडमी के खिलाड़ियों अनुज मिश्रा, प्रशांत अग्रवाल, नवीन, अहमद और कार्तिक ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं, सरदाना के ऋषिराज, रणवीर, अर्नव, कार्तिक और आदित्य का प्रदर्शन सराहनीय रहा। समापन पर सरदाना अकैडमी के हेड कोच मनीष वर्मा ने सभी खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सेंचुरियन टीम को देवास आने का आमंत्रण भी दिया।

## 21 अप्रैल को 6119 मीटर ऊंचे शिखर पर लहराया तिरंगा




# भोपाल की अंजना ने फतह की नेपाल की लोबुचे पीक चोटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल निवासी और अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव ने 21 अप्रैल को सुबह 8:15 बजे 6,119 मीटर ऊंची लाबुचे पीक को सफलतापूर्वक फतह कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज की। लोबुचे नेपाल स्थित दुर्गम चोटी है। भारत से बीते 3 अप्रैल को काठमांडू के लिए रवाना होकर उन्होंने इस दो माह के अभियान की शुरुआत की। काठमांडू से लुकला और नामचे बाजार होते हुए शुरू हुए इस अभियान में उन्होंने कठिन परिस्थितियों भीषण ठंड, बर्फबारी और तेज हवाओं का साहसपूर्वक सामना किया। अंतिम चढ़ाई के दौरान रात लगभग 1 बजे समिट पुश शुरू कर उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प से शिखर तक पहुंचकर सफलता हासिल की। इस अभियान में 8के कंपनी का विशेष सहयोग रहा और उनके गाइड अत्यंत अनुभवी रहे, जिन्होंने हर कदम पर अंजना का मार्गदर्शन किया और मुश्किल हालात में उन्हें लगातार प्रेरित किया।




### परिवार का रहा सहयोग, अब अगला लक्ष्य माउंट एवरेस्ट

हरिभूमि से बातचीत के दौरान अंजना ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी टीम, गाइड और सहयोगी संस्था को देते हुए सभी का धन्यवाद व्यक्त किया है। इसके साथ ही अंजना ने अपने पति तथा अपने माता-पिता के निरंतर सहयोग और विश्वास के लिए भी आभार जताया, जिनके समर्थन से वह इस मुकाम तक पहुंच पाईं। जब उनसे पूछा गया कि अगला लक्ष्य क्या तब अंजना का जवाब था विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह करना है, जहां वह भारत का तिरंगा शान से लहराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्र.
इश्तहार

आवेदक योगिता सिंह आ./पत्नि धमेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी ग्राम बन्जारी द्वारा ग्राम बन्जारी स्थित खसरा नंबर 19/1 व अन्य क्षेत्रफल 1864 वर्गफिट विक्रय पत्र/ फौती वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 8/5/2026 के भीतर इस न्यायालय. में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अति. तहसीलदार तहसील कोलार भोपाल**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै,Mohd Azam Khan S/o. Mohd Ikram, Address 2145 V.I.P.Road Near ahamdabad palace koh-e-fiza Bhopal M.P 462001 Aadhar No. 7061 6768 4526 यह कि मेरी पुत्री के पासपोर्ट में नाम Saadia दर्ज है जो कि मेरी पुत्री का पूर्व नाम है। जो कि मेरी पुत्री के पासपोर्ट में दर्ज है। मेरी पुत्री का नाम संशोधित होकर Saadia Khan हो गया है तथा मेरी पुत्री इसी नाम से जानी व पहचानी जाती है उक्त नाम मेरी पुत्री के आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है। मेरी पुत्री आगे से सभी जगह पर अपना नाम Saadia Khan दर्ज करवाना चाहती हूँ। आगे से मेरी पुत्री नाम Saadia Khan ही पढ़ा एवं लिखा जाये। Afidavit No. CA 029050

**जाहीर सूचना**

मेरे पक्षकारगण

1 श्रीमती किरण प्रजापति पत्नी श्री खेमचंद प्रजापति, जाती कुम्हार (गैर आदिवासी), निवासी म. नं.- 25, गली नं. 2, वार्ड नं. 37, चांदबढ कपड़ा मिल, तह. हुजुर, जिला भोपाल 2.श्रीमती सुषमा पठारिया पत्नी श्री सुरेन्द्र राजपूत (गैर आदिवासी), निवासी म. नं. 167, प्रेम नगर कालोनी, छोला मार्ग, तह. हुजुर, भोपाल के निदेर्शानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण ने विक्रेता श्री सूरज प्रसाद माली आ. स्वर्गीय श्री धनालाल माली, जाती माली (गैर आदिवासी), निवासी - शिव मंदिर के पास गली नं. 2, म.नं.77, महामाई का बाग, तह. हुजूर, भोपाल विक्रेता स्वयं एवं मुख्तारनामा आम वास्ते 1.श्रीमती फुल्लो बाई माली पत्नी स्व. श्री धन्नालाल माली, 2. श्री कुंजीलाल माली 3. श्री दिनेश माली दोनों पुत्रगण स्व. श्री धन्नालाल माली, तीनों निवासीगण शिव मंदिर के पास गली नं. 2. म. नं. 77, महामाई का बाग, तह. हुजूर, जिला भोपाल एवं 4. श्रीमती खिमिया बाई माली पुत्री स्व. श्री धन्नालाल माली पत्नी श्री कन्हैयालाल माली, निवासी - 57 महोली वाय पास रोड तह. हुजूर, जिला भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक किता भूखण्ड क्र.- 5 (इरेगुलर साईज) जिसका कुल क्षेत्रफल 1441 वर्गफुट अर्थात 133.92 वर्गमीटर एवं भूखण्ड (प्लाट) क्र. 6 (इरेगुलर साईज) जिसका कुल क्षेत्रफल 1355 वर्गफुट अर्थात 125.92 वर्गमीटर, जो कि भूमि खसरा क्र. 149/2/150/2/1 (र) रकबा 0.3710 हेक्टे. का अंश भाग होकर, स्थित ग्राम महोली, प. ह. नं. पुराना - 21, नया 86, रा. निरीक्षक मण्डल पुराना - 01, नया - 12, विकास खण्ड फंदा, तह. हुजूर, जिला भोपाल में मुख्य मार्ग से दूर नगर निगम सीमाओं के अन्दर वार्ड क्र. 74 में स्थित है।, भूखण्ड क्र. 5 की चतुर्थ सीमा, दिशा पूर्व में अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम में 18 फुट चौड़ा रोड़, उत्तर में भूखण्ड क्र. 4, दक्षिण में-भूखण्ड क्रं 6, भूखण्ड क्र. 6 की चतुर्थ सीमा, दिशा पूर्व में अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम में 18 फुट चौड़ा रोड़, उत्तर में भूखण्ड क्र. 5, दक्षिण में भूखण्ड क्र. 7 है। मेरे पक्षकारगण ने उक्त दोनों भूखण्डों को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशी दे दी है, जिसका विक्रय पत्र का पंजीयन (रजिस्ट्री) होना शेष है. यदि उक्त दोनों भूखण्डों (सम्पत्ति) के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय या आशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था, बैंक अथवा अन्य किसी का हित स्वत्व सम्बन्ध, बारसान या किसी भी प्रकार का ऋण, भार प्रभार या अन्य कोई लेनदेन, विक्रय अनुबंध पत्र हो तो इस सूचना के दिनांक से 5 (पांच) दिवस की अवधि में माय दस्तावेज सहित हमारे कार्यालय में हमारे समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि निकलजाने के पश्चात उक्त दोनों भूखण्डों पर किसी भी प्रकार का दावा अधिकार या आपत्ति मेरे पक्षकारगण पर बंधनकारी एवं मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकारगण उक्त वर्णित दोनों भूखण्डों का विक्रय-पत्र का पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगे।

**श्रीमाली लॉ चेम्बर (अधिवक्ता)**
बी.डी.सैनी कार्यालय-पटेल मार्केट भानपुर विदिशा रोड भोपाल (म.प्र.) मोबाईल नंबर 9827078372

**परिशिष्ट - B संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
**मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल भोपाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमएसीसी/2814/2025
हसीब खान बनाम जीवनलाल
NEXT DATE: 08-05-2026

प्रेषिती-
फूल सिंह
गोपीलाल
पता - 208, बालमपुर, विदिशा रोड, भोपाल म.प्र.

यह कि प्रार्थी हसीब खान ने आपके विरूद्ध एमएसीसी/2814/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें ।

यह आज तारीख 31-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**डॉ मुकेश मलिक**
**मैक ट्रिब्यूनल**
**चौबीसवे दुर्घटना दावा अधिकरण भोपाल म.प्र.**

# गुंजन फाउंडेशन में सजी संगीतमय शाम, गीतों से सजी महफिल में गूंजे सदाबहार नगमे

## शिष्यों, संगीत प्रेमियों, शुभचिंतकों ने संगीत और सुरों के बीच मनाया संगीत गुरु कैलाश यादव का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुंजन फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रख्यात संगीत गुरु कैलाश यादव का जन्मदिवस गुरुवार, 23 अप्रैल को संस्थान के सभागार में बेहद उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस खास अवसर पर उनके शिष्यों, संगीत प्रेमियों और शुभचिंतकों की बड़ी संख्या मौजूद रही। पूरे सभागार में उत्सव और संगीत का ऐसा माहौल बना जिसने इस दिन को सभी के लिए यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत केक कटिंग के साथ हुई, जिसके बाद सुरों से सजी एक शानदार संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। शिष्यों और कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सदाबहार गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावनाओं और संगीत के रंगों से भर दिया। रीतादेव श्री और मधु तिवारी ने हंसता हुआ नूरानी चेहरा... प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। वहीं अरुणा साहनी और स्मिता निगम ने आइए मेहरबां... गीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### अच्छा जी मैं हारी...

अश्विनी कुमार और जयश्री उपमन्यु ने अच्छा जी मैं हारी... को सुर, ताल और लय के साथ खूबसूरती से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सतीश गुडेजा, संजय निगम और कमल सिंह सहित सभी उपस्थितजनों ने कैलाश यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके संगीत योगदान की सराहना की।


संगीत गुरु के जन्मोत्सव के दौरान उनके शिष्य और शुभचिंतक।

### किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार...

सुनील श्रीवास्तव और दीपक असाई ने तुम बिन जाऊं कहां... गीत को भावपूर्ण अंदाज में पेश किया। रंजीत साहनी और संजय बघेल ने तौबा ये मतवाली चाल... गीत से समां बांधा, जबकि उज्ज्वल कटारे ने किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार... गाकर सभी का दिल जीत लिया। मुरलीधर और रेनू मोहनदानी ने क्या खूब लगती हो... गीत को मधुरता से सजाया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर हर्ष दवे, रचना साहू और माया ने अपलम चपलम... की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साह से भर दिया।



## खबर संक्षेप

### अभा चारबैत समारोह कल से गोलघर में

**भोपाल।** मप्र उर्दू अकादमी, म.प्र. संस्कृति परिषद द्वारा उर्दू लोकगायन की लुप्तप्राय परंपरा पर आधारित अखिल भारतीय चारबैत समारोह का आयोजन 25 एवं 26 अप्रैल को सायं 7. 30 बजे से गोलघर, शाहजहांनाबाद में किया जाएगा। समारोह की थीम चारबैत में 'देशभक्ति के रंग, वन्दे मातरम के संग' रखी गई है। दो दिवसीय आयोजन में रामपुर, चांदपुर तथा भोपाल की प्रतिष्ठित चारबैत टीमें प्रस्तुति देंगी। चारबैत उर्दू लोकगायन की लगभग चार सौ वर्ष पुरानी परंपरा है, जो आज विलुप्ति के कगार पर है। मप्र उर्दू अकादमी इस वर्ष भी समारोह में वरिष्ठ कलाकारों की टीमों के साथ अकादमी द्वारा तैयार की गई युवा कलाकारों की नई टीमों को भी मंच प्रदान किया जाएगा। अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहंदी ने नागरिकों, साहित्य एवं संस्कृति प्रेमियों से समारोह में उपस्थित होकर इस साझा सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन देने की अपील की है।

### काव्य पाठ, लोकगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियां कल

**भोपाल।** भोजपुरी फिल्म घर हो तो ऐसा के भव्य पोस्टर अनावरण 25 अप्रैल को किया जाएगा। सांस्कृतिक आयोजन शाम 7 बजे से एसवी पालिटेक्निक आडिटोरियम, पालिटेक्निक चौराहा, श्यामला हिल्स में किया जाएगा। श्रीफल इंटरटेनमेंट के वीडी इंगले, सक्षम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में कवि संजय सिंह (बाबूजी) द्वारा काव्य पाठ एवं लोकगायक राजेन्द्र राज शर्मा एवं टीम द्वारा लोकनृत्य के साथ लोकगायन होगा।

## ध्रुपद संस्थान गुरुकुल में समर आर्ट कैंप में लगेंगी पेंटिंग कार्यशाला

# बच्चों को परंपराओं से जोड़ेंगी गोंड कला की रंगरेखाएं...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ध्रुपद संस्थान गुरुकुल में आगामी 1 से 30 मई तक विशेष समर आर्ट कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 7 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे और युवा प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। इस वर्ष कैंप की सबसे खास बात यह होगी कि प्रतिभागियों को पहली बार मध्यप्रदेश की समृद्ध जनजातीय कला परंपरा गोंड पेंटिंग से रूबरू कराया जाएगा। गुरुवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में संस्थान के अखिलेश गुंदेचा और अनंत गुंदेचा ने बताया कि आज के दौर में बच्चों की चित्रकारी अक्सर घर, पेड़-पौधों और नदी जैसे सामान्य दृश्यों तक सीमित रह जाती है, जबकि हमारी पारंपरिक कला विरासत कहीं अधिक समृद्ध और गहरी है। मध्यप्रदेश की पहचान बन चुकी गोंड चित्रकारी आज देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बना चुकी है। एयरपोर्ट्स से लेकर अंतरराष्ट्रीय कला दीघाओं तक इस कला शैली ने अपनी रंगरेखाओं से भारतीय लोक संस्कृति को नई पहचान दी है।


अनिल तेकाम व उनकी धर्मपत्नी।

### बच्चों को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ना समय की आवश्यकता

उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इसी सोच के साथ इस बार आर्ट कैंप में गोंड कला को शामिल किया गया है। प्रसिद्ध कलाकार अनिल तेकाम और बालमती तेकाम बच्चों को गोंड चित्रकारी की बारीकियां, रंग संयोजन और पारंपरिक शैली की विशेषताओं से परिचित कराएंगे। यह कार्यशाला बच्चों के भीतर रचनात्मकता के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जुड़ाव भी विकसित करेगी। इसके साथ ही संस्थान में बच्चों को शास्त्रीय गायन व शास्त्रीय वादन की बारीकियों से भी अवगत कराया जाएगा।

डॉ. संगीता ने दिए हेल्दी टिप्स

# पैक्ड ड्रिंक्स तथा प्रिजर्वेटिव युक्त खाद्य पदार्थों से बनाए रखें दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय में स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत 'स्वच्छता एवं स्वास्थ्य तथा बीमारियों का रोकथाम' विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. संगीता सिकरवार, अपर निदेशक, केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना ने स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां हमें कई गंभीर बीमारियों से बचा सकती हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि बाहर जाते समय हमेशा घर के साफ पानी बोतल में साथ रखें और पैक्ड ड्रिंक्स तथा प्रिजर्वेटिव युक्त खाद्य पदार्थों से दूरी बनाए रखें। उन्होंने विशेष रूप से अनहाइजीनिक स्ट्रीट फूड से बचने की सलाह देते हुए बताया कि ऐसे खाद्य पदार्थ कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

मानव संग्रहालय में 'स्वच्छता एवं स्वास्थ्य तथा बीमारियों की रोकथाम' विषय पर विशेष व्याख्यान


कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत करते आयोजक।

### मच्छरजनित रोगों मलेरिया, फाइलेरिया से रोकथाम पर डाला प्रकाश



डॉ. संगीता ने मच्छरजनित रोगों मलेरिया, फाइलेरिया चिकनगुनिया, डेंगू आदि की रोकथाम पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी पानी लंबे समय तक जमा रहता है, वहां मिट्टी तेल का उपयोग कर मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सकता है। साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। व्यक्तिगत स्वास्थ हेतु व्यक्तिगत साफ सफाई के फायदे बताए।

# विकसित भारत के लिए स्किलिंग और वित्तीय समावेश जरूरी : टेटवाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समर्थ भारत कॉन्क्लेव 2026 के दूसरे दिन कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में 'रीइमेजिनिंग इम्पैक्ट: एआई-ड्रिवन स्किलिंग, फाइनेंशियल इंक्लूजन एवं सोशल एंटरप्राइज फॉर विकसित भारत' विषय पर चर्चा आयोजित हुई। इसमें बैंकिंग, उद्योग और कॉमन सर्विस प्रोवाइडर्स से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि गौतम टेटवाल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में स्किलिंग और वित्तीय समावेशन की केंद्रीय भूमिका होगी। कार्यक्रम में वित्तीय समावेशन, डिजिटल बैंकिंग और एआई स्किलिंग पर विचार साझा किए। इस दौरान विभिन्न संस्थानों के बीच एमओयू का आदान-प्रदान हुआ तथा आईसेक्ट की वार्षिक रिपोर्ट और 'कौशल विकास' बुकलेट का विमोचन भी किया गया।

### मिंटो हॉल में समर्थ भारत कॉन्क्लेव 2026 का दूसरा दिन...



### तकनीक और शिक्षा के समन्वय से सामाजिक परिवर्तन संभव



आरएनटीयू के कुलपति संतोष चौबे ने कहा कि तकनीक और शिक्षा के समन्वय से सामाजिक परिवर्तन संभव है, जबकि डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने बताया कि संस्था शिक्षा और कौशल विकास के जरिए अंतिम व्यक्ति तक अवसर पहुंचाने का कार्य कर रही है।

### अभिनेता आशीष विद्यार्थी सुनाएंगे कहानियां

**भोपाल।** राजधानी में 29 अप्रैल शाम 7 बजे 'कहानीबाज़' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध अभिनेता व स्टोरी टेलर आशीष विद्यार्थी अपनी प्रेरणादायी कहानियों के माध्यम से श्रोताओं से संवाद करेंगे। ख़याल कलाप्रेमियों का द्वारा आयोजित इस विशेष आयोजन का उद्देश्य लोगों को कहानियों के जरिए जीवन के सकारात्मक पहलुओं से जोड़ना है। कार्यक्रम की थीम 'स्टोरीज डेट हील' रखी गई है, जो भावनात्मक जुड़ाव और आत्मिक प्रेरणा का संदेश देती है।



## विश्व पुस्तक दिवस पर काव्य गोष्ठी

# घर की होती शान किताब देती हमको ज्ञान किताब...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल साहित्य परिषद ने विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर पमरेओबीसी सभागार में विशेष काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार घनश्याम मैथिल ने की। मैथिल ने कविता के माध्यम से पुस्तकों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, घर की होती शान किताब, देती हमको ज्ञान किताब, दुनिया भर की बातें इनमें, गणित और विज्ञान किताब। युवा कवि अमोल लोखंडे ने इन पंक्तियों से श्रोताओं को प्रभावित किया... जिम्मेदारी को जुनून भी देना, अश्रुओं को तुम खून भी देना। साथ ही कवि सुधीर ने सुनाया... वही गलत काम करेंगे, निर्दोष सड़ेंगे जेलों में, नफरत की आग भड़का के अपनी कुर्सी बचाएंगे को।

## विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस

# मौलाना आजाद सेंट्रल लाईब्रेरी में 250 से अधिक पुस्तकें लॉन्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के अवसर पर गुरुवार को मौलाना आजाद सेन्ट्रल लाईब्रेरी में लगभग 250 नवीन साहित्यिक पुस्तकों की लॉन्चिंग की गई। लोक शिक्षण संचालनालय मप्र द्वारा आवंटित बजट से हिंदी एवं अंग्रेजी साहित्य की इन प्रतिष्ठित कृतियों को लाईब्रेरी के सदस्यों एवं साहित्य प्रेमियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। क्षेत्रीय ग्रंथपाल रत्ना वाधवानी ने बताया कि हमारी लाइब्रेरी ज्ञान को अपनाना, मस्तिष्क को सशक्त बनाना के ध्येय पर कार्य कर रही है। वर्ष 2025 में हमारे यहां 15000 से अधिक पुस्तकों का आदान-प्रदान हुआ है। वर्तमान में 12000 से अधिक पंजीकृत सदस्य लाइब्रेरी की सेवाओं का लाभ ले रहे हैं, जिनमें सिर्फ 2025 में ही 250 से अधिक नए सदस्य जुड़े हैं। पाठकों की मांग पर ही हमने साहित्य, प्रतियोगी परीक्षाओं, अर्थशास्त्र एवं प्रेरक विधाओं की इन 150 नई पुस्तकों का चयन किया है। कार्यक्रम में पुस्तकालय के 200 से अधिक साहित्य प्रेमी, लाईब्रेरी के सदस्य एवं स्टाफ उपस्थित रहे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930